सुप्रभात
रांची, सोमवार
25.11.2024
* * नगर संस्करण। पेज : 12
khabarmantralive.com

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, दशमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12। अंक : 133

आइपीएल 2025




## रिषभ पंत
## आइपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बने

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 का मेगा ऑक्शन 24 और 25 नवंबर को जेद्दा में हो रहा है। रविवार को मेगा नीलामी के पहले दिन सबकी नजरें ऋषभ पंत, श्रेयस अय्यर और केएल राहुल जैसे बड़े प्लेयर्स पर थीं। भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत इंडियन प्रीमियर लीग में सबसे महंगे बिकने वाले खिलाड़ी बन गए जिन्हें लखनऊ सुपर जाइंट्स ने 27 करोड़ रुपए में खरीदा जबकि केकेआर को इस साल खिताब दिलाने वाले कप्तान श्रेयस अय्यर 26 करोड़ 75 लाख रुपए में पंजाब किंग्स से जुड़े। पंत के लिये सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ के बीच जमकर होड़ लगी । लखनऊ ने आखिरी बोली 27 करोड़ रुपए की लगाई और दिल्ली कैपिटल्स ने राइट टू मैच कार्ड का इस्तेमाल नहीं किया । इससे पहले अय्यर को पंजाब किंग्स ने 26 करोड़ 75 लाख रुपए में खरीदा।

### नीलामी में बड़े खिलाड़ियों पर जमकर बरसा धन




**इन पर भी नीलामी में बरसे धन**

| वेंकटेस अय्यर | अर्शदीप सिंह | युजवेंद्र चहल |
|---|---|---|
| ₹23.75 करोड़ (केकेआर) | ₹18 करोड़ (पंजाब किंग्स) | ₹18 करोड़ (पंजाब किंग्स) |

**जनादेश : विधायक दल का नेता चुने जाने पर सरकार बनाने का पेश किया दावा**

# 28 को चौथी बार सीएम पद की शपथ लेंगे हेमंत सोरेन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** हेमंत सोरेन 28 नवंबर को चौथीबार झारखंड के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। इसके साथ ही वह राज्य के 14वें सीएम होंगे। विधानसभा चुनाव में बहुमत के बाद इंडी गठबंधन विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद हेमंत सोरेने रविवार की शाम 4 बजे के बाद विधायकों के साथ राजभवन पहुंचे। राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात कर उन्होंने सबसे पहले अपना इस्तीफा सौंपा। साथ ही उन्होंने राज्य में नयी सरकार के गठन को लेकर दावा भी पेश कर दिया। हेमंत सोरेन ने 56 विधायकों का हस्ताक्षरयुक्त समर्थन पत्र भी सौंपा। राज्यपाल संतोष गंगवार ने उनका इस्तीफा स्वीकार करते हुए नयी सरकार बनने तक उन्हें कार्यवाहक मुख्यमंत्री के रूप में कार्य करते रहने को राज्यपाल ने उनसे शपथ ग्रहण समारोह को लेकर जानकारी ली। हेमंत सोरेन ने बताया कि वह 28 नवंबर को शपथ लेंगे। राज्यपाल ने इसे स्वीकार कर लिया। शपथ ग्रहण समारोह मोराबादी मैदान में होगा। समारोह में इंडी गठबंधन के तमाम बड़े नेताओं के भाग लेने की संभावना है।

### विधायक दल के नेता चुने गये हेमंत

राजभवन जाने से पूर्व सीएम आवास पर गठबंधन दलों के नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक में सर्वसम्मति से हेमंत सोरेन नेता चुने गये। बैठक करीब 2 घंटे तक चली। इसके बाद हेमंत सोरेन कई विधायकों के साथ राजभवन पहुंचे।

## मोरहाबादी मैदान में होगा शपथ ग्रहण समारोह, जुटेंगे दिग्गज

**हेमंत 4.0**
हेमंत सोरेन- 13 जुलाई 2013 से 23 दिसंबर 2014
हेमंत सोरेन- 29 दिसंबर 2019 से 31 जनवरी 2024
हेमंत सोरेन- चार जुलाई 2024 से अब तक



रविवार को राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात कर हेमंत सोरेन ने सबसे पहले अपना इस्तीफा सौंपा, साथ ही राज्य में नयी सरकार के गठन को लेकर दावा भी पेश कर दिया। **फोटो- समीर**

### राज्यपाल ने दिया न्यौत, कार्यवाहक सीएम बने रहें

राजभवन से बाहर निकलने के बाद हेमंत सोरेन ने पत्रकारों से कहा कि वर्तमान सरकार का इस्तीफा उन्होंने राज्यपाल को सौंप दिया। राज्यपाल को इंडिया गठबंधन के सभी नवनिर्वाचित विधायकों की सूची भी सौंपी गयी। हेमंत सोरेन के साथ राजभवन पहुंचे नेताओं में कांग्रेस, राजद व वाम दल के प्रभारी मौजूद थे। इस नवनिर्वाचिक कई विधायक, कांग्रेस के प्रभारी तारिक अनवर, गुलाम अहमद मीर, जय प्रकाश यादव सहित कई नेता मौजद थे।

**मंत्रियों के नाम की घोषणा शीघ्र**

खबरों के मुताबिक, शपथ लेने वाले मंत्रियों के नाम भी जल्द ही तय किए जा सकते हैं। बैठक में गठबंधन ने यह निर्णय लिया है कि 5 विधायकों के बदले एक मंत्री पद दिया जायेगा। इसके तहत झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) को 6, कांग्रेस को करीब 4 और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) को 1 मंत्री पद मिल सकता है। नयी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में गठबंधन के बड़े चेहरे राहुल गांधी, ममता बनर्जी, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव और दीपांकर भट्टाचार्य समेत कई दिग्गज नेता भी मौजूद रहेंगे।

**चौथी बार सीएम पद की शपथ लेंगे हेमंत**

हेमंत सोरेन पहली बार 13 जुलाई 2013 को सीएम बने थे। वे इस पद पर 28 दिसंबर 2014 तक रहे। वह दूसरी बार 29 दिसंबर 2019 को मुख्यमंत्री बने और दो फरवरी 2024 तक रहे। बीच में परिस्थिति बस 153 दिनों तक चंपई सोरेन ने सीएम का पदभार संभाला। फिर तीसरी बार हेमंत सोरेन चार जुलाई को मुख्यमंत्री बने। वे इस पद पर 28 नवंबर तक कार्यवाहक सीएम के पद पर बने रहेंगे। 28 नवंबर को वे 14वें मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेंगे।

## हेमंत की नयी कैबिनेट में कई नये चेहरों को मौका

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** इंडिया ब्लॉक के नवनिर्वाचित विधायक की रविवार को हुई बैठक में नयी सरकार के गठन से लेकर राज्य के विकास का खाखा भी खींचा गया। बैठक की जानकारी एक दिन पहले ही नवनिर्वाचित विधायकों को दी गयी थी। जानकारी के अनुसार, बैठक में मंत्रिमंडल गठन पर भी चर्चा हुई। इस बार मंत्रिमंडल में कई नए चेहरों को शामिल किया जा सकता है। इस बार चुनाव में हेमंत सरकार के चार कैबिनेट मंत्री बन्ना गुप्ता, बेबी देवी, बैद्यनाथ राम व मिथिलेश ठाकुर चुनाव हार गये हैं। ऐसे में उनकी जगह पर नये चेहरों की इंट्री होगी। चुनाव 2024 में इंडिया ब्लॉक को मिली हैं सबसे ज्यादा 56 सीटें मिली हैं।

**राजद से अंतिम फैसला तेजस्वी लेंगे :** इस बार के चुनाव में राजद ने बेहतर परफॉरमेंस किया है। उसके चार विधायक हैं। कैबिनेट में संजय सिंह यादव, संजय यादव सुरेश पासवान को मैका मिल सकता है। हालांकि किसे जगह मिलेगी इस पर अंतिम फैसला तेजस्वी यादव लेंगे।

**अनूप व प्रदीप की दावेदारी पर चर्चा :** सत्ता के गलियारों में इस बार बेरमो से जीते कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह और पोड़ैयाहाट से जीते प्रदीप यादव की मंत्रिमंडल में दावेदारी की चर्चा है। आदिवासी फेस के रूप में डॉ रामेश्वर उरांव की भी चर्चा है। महिला कोटे से दीपिका पांडेय सिंह और अल्पसंख्यक कोटे से इरफान अंसारी के मंत्रिमंडल में शामिल किये जाने की चर्चा है।

**झामुमो कोटे के नाम हेमंत तय करेंगे :** झामुमो की ओर से किसे मंत्रिमंडल में शामिल किया जाये, यह खुद सीएम हेमंत सोरेन तय करेंगे। चर्चा यह है कि दीपक बिरूआ और हफीजुल अंसारी कंटीन्यू कर सकते हैं। इसके अलावा जिन नामों की चर्चा हो रही है उनमें रामदास सोरेन, दशरथ गगरई, मथुरा महतो, सबिता महतो, अनंत प्रताप देव, स्टीफन मरांडी, हेमलाल मुर्मू व लुईस मरांडी के नाम भी शामिल हैं।

**न्यूज डायरी**

### राज्यपाल को निर्वाचन आयोग ने सौंपी सूची

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार को निर्वाचन आयोग ने इस चुनाव में जीते नये विधायकों की सूची सौंपी। रविवार को राजभवन जा कर भारत निर्वाचन आयोग के प्रधान सचिव अरविंद आनंद एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने राज्यपाल को विजयी प्रत्याशियों की सूची समर्पित की।

### कांग्रेस विधायक दल का नेता शीर्ष नेतृत्व तय करेगा

**रांची।** विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस के प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में रविवार को नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक में विधायक दल के नेता चयन के लिए केंद्रीय नेतृत्व को अधिकृत किया गया। इस बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, केशव महतो कमलेश व अन्य मौजूद थे।

**गहना आभूषण**

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 73400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 95000 रु./प्रति किलो |




## सुदेश के लिए मांडू सीट छोड़ेंगे निर्मल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड की राजनीति में फिर एक दिलचस्प मोड़ आ गया है। मांडू से जीत हासिल किए निर्मल महतो से अपनी सीट आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो के लिए छोड़ने का फैसला लिया है। शपथ लेने से पहले ही उन्होंने रविवार को यह बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा है कि जल्द ही इस सीट से रिजाइन करेंगे। इस मसले पर वह पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो से बातचीत भी करेंगे। झारखंड में इसबार के चुनाव में आजसू का झंडा मांडू सीट से निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने फहराया है। सीट छोड़ने की वजह बताते हुए कहा कि सुदेश महतो विधानसभा में आमजन के मुद्दों को

**आजसू सुप्रीमो जैसा झारखंड में कोई नेता नहीं**



बखूबी उठाते हैं। उनके जैसा मुद्दा उठाने वाला कोई नेता नहीं है। इस पर अब आखिरी फैसला सुदेश महतो लेंगे। झारखंड विधानसभा चुनाव में इस बार आजसू का प्रदर्शन काफी खराब रहा। आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो अपनी सीट भी नहीं बचा सके। निर्मल महतो ने अपनी सीट खाली करना चाहते हैं, ताकि सुदेश महतो यहां से चुनाव जीत कर सदन में जनता की आवाज पहुंचा सके। निर्मल महतो ने महज 231 वोटों से जीत दर्ज की है। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल को हराया है। निर्मल महतो का एस मामले में वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वह कहते नजर आ रहे हैं कि मैं पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो से मुलाकात कर इस विधानसभा सीट को छोड़ दूंगा। उन्होंने कहा कि पूरे झारखंड में आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो जैसा नेता नहीं है। इसलिए उन्हें सदन में पहुंचना जरूरी है।

### चतरा में पीएलएफआइ उग्रवादियों का तांडव

**चतरा।** जिले के शिवपुर-कठौतिया रेल लाईन के निर्माण में लगी आइएससी कंस्ट्रक्शन कंपनी के टंडवा थाना क्षेत्र के बुकरू गांव स्थित ब्रिज संख्या 103 के निर्माण में लगी पोकलेन मशीन और एक हाइड्रा मशीन में हथियारबंद उग्रवादियों ने आगजनी की घटना को अंजाम देकर दहशत फैलाया। टंडवा पुलिस रविवार को उग्रवादियों के धर-पकड़ के लिए अभियान चला रही है। ब्रिज निर्माण में लगे वर्करों को उग्रवादी घटना की जानकारी मिली तो वर्करों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस की टीम ने वर्करों के सहारे घंटों मशक्कत के बाद हाइड्रा मशीन में लगी आग को तो बुझा लिया लेकिन पोकलेन मशीन जलकर बर्बाद हो गया।

## शिंदे या फडणवीस फैसला आज

एजेंसी

**महाराष्ट्र**



**मुंबई।** महायुति के सहयोगी दल सरकार गठन पर चर्चा करने और मुख्यमंत्री कौन होगा, इस पर निर्णय लेने के लिए अलग-अलग बैठकें कर रहे हैं। सोमवार तक स्थिति स्पष्ट हो जाने की उम्मीद है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति द्वारा शानदार जीत दर्ज करने के बाद, अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि महाराष्ट्र का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा। शीर्ष दो नाम भाजपा के देवेंद्र फडणवीस और शिवसेना के एकनाथ शिंदे हैं, हालांकि राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि फडणवीस को इस भूमिका के लिए चुना जा सकता है। शिंदे उनके डिप्टी के रूप में काम करेंगे और उन्हें महत्वपूर्ण विभाग दिये जायेंगे।

महायुति गठबंधन के सहयोगी दल भाजपा, शिवसेना और एनसीपी इस मुद्दे सोमवार को बैठक करने वाले हैं। प्रत्येक पार्टी अपने-अपने विधायक दल के नेताओं का चुनाव करने के लिए अपने नवनिर्वाचित विधायकों के साथ अलग-अलग बैठकें कर रही है। एनसीपी नेता अजित पवार को पहले ही पार्टी का नेता चुन लिया गया है। भाजपा के राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव शिव प्रकाश और महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने रविवार को मुंबई में उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से उनके आवास पर मुलाकात की।

**मन की बात : पर्यावरण संरक्षण पर मोदी का जोर**

## एक पेड़ मां के नाम अभियान में 100 करोड़ वृक्षारोपण

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान में पांच माह के भीतर सौ करोड़ से अधिक वृक्षारोपण होने और कई अन्य प्रकार के कीर्तिमान कायम पर खुशी का इजहार किया। साथ ही कहा, एक पेड़ लगा कर हम अपनी मां की उपस्थिति को हमेशा के लिए जीवंत बना सकते हैं। पीएम मोदी ने रेडियो पर अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात में कहा, मैं आपसे देश की एक ऐसी उपलब्धि साझा करना चाहता हूं जिसे सुनकर आपको खुशी भी होगी और गौरव भी होगा। अगर आपने नहीं किया है, तो शायद पछतावा भी होगा। कुछ महीने पहले हमने एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरू किया था। मुझे ये बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि इस अभियान ने सौ करोड़ पेड़ लगाने का अहम पड़ाव पार कर लिया है।

### पाक में शिया-सुन्नी में संघर्ष, 37 की मौत

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कुर्रम जिले में ताजा सांप्रदायिक हिंसा में कम से कम 37 लोगों की मौत हो गयी। 103 घायल हुए हैं। मृतकों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। यह ताजा हिंसा शिया मिलिशिया समूहों द्वारा किये गये जवाबी हमले का परिणाम है।

**शीतकालीन सत्र** सरकार ने वक्फ संशोधन विधेयक सहित 16 विधेयकों की लिस्ट तैयार

## संसद सत्र आज से, कई मुद्दों पर हंगामे के आसार

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** 18वीं लोकसभा का शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है। सत्र में अडानी, असम, वक्फ समेत कई मुद्दों पर हंगामे के आसार हैं। शीतकालीन सत्र 20 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान 19 बैठकें होंगी। सरकार ने सत्र में वक्फ संशोधन विधेयक सहित 16 विधेयक की लिस्ट तैयार की है। लोकसभा बुलेटिन के मुताबिक लोकसभा में 8 और राज्यसभा में 2 विधेयक लंबित हैं। संसद सत्र को ले कर रविवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक हुई। बैठक में 30 दलों के 42 नेता मौजूद थे। सत्र में कार्यवाही शुरू होने से पहले नये सांसदों को लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला शपथ दिलायेंगे।

**कार्यवाही में सहयोग की अपील :** सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस समेत विपक्षी नेताओं ने लोकसभा में पहले दिन अडाणी मामले पर बहस की मांग की है। अमेरिका की न्यूयॉर्क फेडरल कोर्ट ने गौतम अडाणी पर सोलर एनर्जी कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने के लिए भारतीय अधिकारियों को लगभग 2,200 करोड़ रुपये की रिश्वत देने की पेशकश का आरोप लगाया है। कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि उनकी पार्टी ने मणिपुर हिंसा, प्रदूषण, रेल दुर्घटनाओं पर भी संसद में चर्चा करने का प्रस्ताव रखा है। वहीं संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू ने कहा- चर्चा के मुद्दों पर फैसला कार्य मंत्रणा समिति करेगी।

### 16 बिल, 11 पर चर्चा, 5 पेश होंगे



संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान कुल 16 विधेयक पेश किए जाने हैं। इनमें से 11 विधेयक चर्चा के लिए रखे जायेंगे, जबकि 5 कानून बनने के लिए मंजूरी के लिए रखे जायेंगे। वन नेशन वन इलेक्शन के लिए प्रस्तावित विधेयकों का सेट अभी सूची का हिस्सा नहीं है, हालांकि कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया है कि सरकार इसे सत्र में ला सकती है। वहीं राज्यसभा बुलेटिन में कहा गया है कि लोकसभा से पारित एक अतिरिक्त विधेयक भारतीय वायुयान विधेयक राज्यसभा में मंजूरी के लिए लंबित है। वक्फ संशोधन विधेयक पर संयुक्त समिति के 29 नवंबर को संसद में अपनी रिपोर्ट पेश करने की उम्मीद है। वक्फ एक्ट 1995 को वक्फ संपत्तियों को रेगुलेट करने के लिए बनाया गया था, लेकिन इस पर भ्रष्टाचार और अतिक्रमण के आरोप लगे हैं।

**पहली बार गांधी परिवार के तीन सदस्य :** वायनाड लोकसभा उपचुनाव में प्रियंका गांधी की जीत के बाद लोकसभा में दोबारा कांग्रेस के 99 सांसद हो गये हैं। यह पहली बार होगा कि कांग्रेस पार्टी से जुड़े गांधी परिवार के 3 सदस्य एक साथ संसद के सदस्य होंगे। राहुल गांधी रायबरेली से और प्रियंका गांधी वाड्रा वायनाड से लोकसभा सांसद हैं। वहीं सोनिया गांधी राजस्थान से राज्य सभा सांसद हैं।

# पहली बार हेमंत 2013 में बने थे सीएम तीन बार लग चुका है राष्ट्रपति शासन

■ हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद चंपाई सोरेन मुख्यमंत्री बने

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** हेमंत सोरेन पहली बार 13 जुलाई 2013 को सीएम बने थे। वे इस पद पर 28 दिसंबर 2014 तक रहे। वह दूसरी बार 29 दिसंबर 2019 को मुख्यमंत्री बने और इस पद पर दो फरवरी 2024 तक रहे। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद चंपाई सोरेन मुख्यमंत्री बने। वह दो फरवरी से चार जुलाई 2024 तक सीएम पद पर रहे। चंपाई सोरेन का कार्यकाल 153 दिनों का रहा। फिर तीसरी बार हेमंत सोरेन चार जुलाई को मुख्यमंत्री बने। वे इस पद पर 28 नवंबर तक कार्यवाहक सीएम के पद पर बने रहेंगे। 28 नवंबर को वे 14वें मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेंगे।

वहीं, 24 साल के झारखंड में अब तक (2009-2013 के बीच) तीन बार राष्ट्रपति शासन भी लग चुका है। इसके अलावा शिबू सोरेन सिर्फ 10 दिन के लिए मुख्यमंत्री बने थे। निर्दलीय मधु कोड़ा भी मुख्यमंत्री का पद संभाल चुके हैं।

### कौन कितने समय तक रहा मुख्यमंत्री

बाबूलाल मरांडी- 15 नवंबर 2000 से 18 मार्च 2003
अर्जुन मुंडा- 18 मार्च 2003 से दो मार्च 2005
शिबू सोरेन- दो मार्च 2005 से 12 मार्च 2005
अर्जुन मुंडा-12 मार्च 2005 से 18 सितंबर 2006
मधु कोड़ा- 18 सितंबर 2006 से 28 अगस्त 2008
शिबू सोरेन- 28 अगस्त 2008 से 18 जनवरी 2009
शिबू सोरेन- 30 दिसंबर 2009 से 31 मई 2010
अर्जुन मुंडा- 11 सितंबर 2010 से 18 जनवरी 2013
हेमंत सोरेन- 13 जुलाई 2013 से 23 दिसंबर 2014
रघुवर दास- 29 दिसंबर 2014 से 28 दिसूंर 2019
हेमंत सोरेन- 29 दिसंबर 2019 से 31 जनवरी 2024
चंपाई सोरेन- 2 फरवरी 2024 से तीन जुलाई 2024
हेमंत सोरेन- चार जुलाई 2004 से अब तक



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन लगातार दूसरी बार सरकार बनायेंगे, 28 नवंबर को सीएम पद की लेंगे शपथ

## पूर्व सीएम और भाजपा नेता का ऐलान, शुरू होगा सामाजिक अभियान

# बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ संथाल परगना से होगा उलगुलान का आगाज

■ राज्य की बहू-बेटियों की सुरक्षा को लेकर आदिवासी होंगे गंभीर

**सुधीर**

**रांची।** झारखंड में एक बार फिर से उलगुलान होगा। इस बार संथाल से बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ उलहुलान का आगाज होगा। राज्य की बहू-बेटियों की सुरक्षा को लेकर अब राज्य के आदिवासी गंभीर हो गये हैं। भाजपा नेता और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ अपने आंदोलन को एक सामाजिक अभियान करार दिया। उन्होंने कहा कि यह कोई राजनीतिक या चुनावी मुद्दा नहीं है, बल्कि यह झारखंड की सांस्कृतिक और सामाजिक धरोहर की रक्षा के लिए एक सशक्त पहल है। चंपाई सोरेन ने चिंता व्यक्त की कि पाकुड़ और साहिबगंज जैसे जिलों में आदिवासी समाज आज अल्पसंख्यक बन चुका है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अगर हम भूमिपुत्रों की जमीनों और वहां रहने वाली बहू-बेटियों की सुरक्षा नहीं कर सके, तो यह एक गंभीर चिंता का विषय है।



### आंदोलन कोई राजनीतिक या चुनावी मुद्दा नहीं

चंपाई सोरेन ने लिखा है- जोहार साथियों, जैसा कि हमने पहले भी कहा था, झारखंड में लगातार बढ़ रहे बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ हमारा आंदोलन कोई राजनैतिक या चुनावी मुद्दा नहीं, बल्कि एक सामाजिक अभियान है। हमारा स्पष्ट तौर पर मानना है कि वीरों की इस माटी पर घुसपैठियों को किसी भी प्रकार का संरक्षण नहीं मिलना चाहिये।

**आदिवासी समाज की पहचान और संस्कृति की रक्षा को यह प्रयास जरूरी :** उन्होंने भविष्य में संथाल परगना की वीर भूमि पर अपने अभियान के अगले चरण की शुरूआत करने की घोषणा की। इसमें वीर सिदो-कान्हू और वीरांगना फूलो-झानो को याद किया जाएगा। सोरेन ने कहा कि सरकारें बदलती रहेंगी, लेकिन आदिवासी समाज की पहचान और संस्कृति की रक्षा के लिए यह प्रयास जारी रहना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि यह जनसांस्कृतिक धरोहर नहीं बची, तो एक बार फिर उलगुलान का आगाज होगा। इस सामाजिक अभियान के तहत चंपाई सोरेन ने स्थानीय समुदाय से अपील की कि वे इस दिशा में सामूहिक रूप से एकजुट होकर काम करें, ताकि उनके अधिकारों और धरोहरों की रक्षा हो सके।

## झारखंड में नहीं चला यूपी के राजनीतिक दलों का जादू

**रांची।** विधानसभा चुनाव में इस बार उत्तरप्रदेश के राजनीतिक दलों का जलवा नहीं चला। वे झारखंड में अपनी जमीन तलाशते रह गये। बताते चलें कि समाजवादी पार्टी के टिकट पर झारखंड में सात और बसपा के टिकट पर एक उम्मीदवार चुनावी मैदान में थे, लेकिन किसी ने भी जीत का स्वाद नहीं चखा। दोनों दलों का झारखंड में सूपड़ा साफ हो गया। राजद से समाजवादी पार्टी का दामन थामने वाले गिरिनाथ सिंह को करारी हार मिली है। छत्तरपुर से सपा के टिकट पर चुनाव लड़ने वाली ममता भुईयां व कांग्रेस से सपा में गये उमाशंकर अकेला को बरही सीट पर हार का सामना करना पड़ा। विश्रामपुर से सपा उम्मीदवार अंजू देवी, मनिका से रघुपाल सिंह, हुसैनाबाद से कमलेश यादव व पाकुड़ से अकील अख्तर को जनता ने बाहर का रास्ता दिखा दिया। वहीं कुशवाहा शिवपूजन मेहता भी हार गये।

# कांग्रेस के विधायकों की बैठक में विधायक दल के नेता के लिए केंद्रीय नेतृत्व को किया गया अधिकृत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के दूसरे दिन रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक हुई। बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, वरिष्ठ नेता और पर्यवेक्षक तारिक अनवर, तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री और पर्यवेक्षक मल्लू भट्टी विक्रममार्का, अजय शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय मौजूद रहे। बैठक में सभी नवनिर्वाचित विधायकों को उनकी जीत पर बधाई दी गयी। वहीं बैठक के बाद सभी विधायकों ने ग्रुप फोटो भी खिंचवाई।



बैठक के बाद कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी ने कहा कि आज विधायक दल की बैठक में अहम फैसला लिया गया है। सभी विधायकों ने सर्वसम्मति से केंद्रीय नेतृत्व को कांग्रेस विधायक दल का नया नेता चुनने के लिए अधिकृत किया। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि उनके बड़े सहयोगी जेएमएम के साथ बैठक के बाद शपथ ग्रहण और मंत्रिमंडल को लेकर सारी बातें साफ हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की ओर से उन पर उपमुख्यमंत्री बनाने का कोई दबाव नहीं है, वह चाहते हैं कि जल्द से जल्द नई सरकार का गठन हो। बैठक में कांग्रेस के कांके विधायक सुरेश बैठा, बेरमो विधायक अनूप सिंह, पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव, जामताड़ा विधायक डॉ. इरफान अंसारी, महगामा विधायक दीपिका पांडे सिंह, मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी, सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, बोकारो विधायक श्वेता सिंह, लोहरदगा विधायक रामेश्वर उरांव, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, छतरपुर विधायक राधा कृष्ण किशोर और जगरनाथपुर विधायक सोनाराम सिंकू ने भाग लिया।

## झारखंड विधानसभा में पहली बार दिखेंगी 12 महिला विधायक

# झारखंड विधानसभा चुनाव में आधी आबादी ने रचा इतिहास

**विशेष संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 में आधी आबादी ने मजबूत दस्तक दी है। झारखंड के विधानसभा चुनाव में पहली बार 12 महिलाओं ने जीत हासिल कर अपनी मौजदूगी दर्ज करायी है। इनमें 8 विधायक इंडिया गठबंधन से और 4 विधायक बीजेपी ने चुनी गयी हैं।

जानकारी के अनुसार झामुमो के टिकट पर गांडेय, जामा और इचागढ़ सीट पर महिलाओं ने जीत दर्ज की। कांग्रेस ने पाकुड़, महागामा, रामगढ़, बोकारो और मांडर सीट पर जीत दर्ज की। वहीं बीजेपी के टिकट पर कोडरमा, झरिया और जमशेदपुर ईस्ट सीट पर महिलाओं ने जीत दर्ज की। झारखंड विधानसभा चुनाव के इतिहास में ये पहली बार है जब 12 महिलाएं विधान सभा में रहेंगी।

**झामुमो की महिलाओं की जीत**

गांडेय- कल्पना मुर्मू सोरेन ने बीजेपी की मुनिया देवी को 17,142 वोटों से हराया।
जामा- पूर्व मंत्री लुईस मरांडी ने बीजेपी के सुरेश मुर्मू को 5,738 वोटों से मात दी।
इचागढ़- सविता महतो ने आजसू के हरेलाल महतो को 26,523 वोटों के अंतर से हराया।

**कांग्रेस की महिलाओं की सफलता**

पाकुड़- निसात आलम ने आजसू के अजहर इस्लाम को 86,029 वोटों से हराया।
महगामा- दीपिका पांडे सिंह ने बीजेपी के आशोक कुमार को 18,645 वोटों से हराया।
रामगढ़- ममता देवी ने आजसू की सुनीता चौधरी को 67,90 वोटों से हराया।
बोकारो- श्वेता सिंह ने बीजेपी के बिरंची नारायण को 7,207 वोटों स हराया।
मांडर- शिल्पी नेहा तिर्की ने बीजेपी के सन्नी टोप्पो को 22,803 वोटों से हराया।

**बीजेपी की महिला विजेता**

कोडरमा- नीरा यादव ने राजद के सुभाष प्रसाद यादव को 5,815 वोटों से हराया।
जमुआ- मंजू कुमारी ने झामुमो के केदार हाजरा को 32,631 वोटों से हराया।
झरिया - रागिनी सिंह ने झामुमे के कांग्रेस की पुर्णिमा नीरज सिंह को 14,511 वोटों से मात दी।
जमशेदपुर ईस्ट- पूर्णिमा साहू ने कांग्रेस के अजय कुमार को 42,871 वोटों से हराया।

## झारखंड में भाजपा विधायक सदन में घुसपैठ का मुद्दा उठाते रहें: हिमंता

असम के सीएम ने सोशल मीडिया पर दिया भाजपा विधायकों को संदेश



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** असम के सीएम सह झारखंड बीजेपी के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने एक वीडियो जारी कर भाजपा कार्यकर्ताओं को संदेश दिया है। सोशल मीडिया पोस्ट में अपनी बातों को रखते हुए उन्होंने कहा है कि उनकी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है, और असम से उनका यह मित्र हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा। उन्होंने आगे कहा है कि मैने झारखंड में चार महीने बिताये।

**अफसलता आगे जाकर सफलता की बुनियाद बन जाती है :** हिमंता ने कहा कि हमलोगों ने एक साथ चुनाव जीतने का भरपूर प्रयास किया, लेकिन हमारा मकसद कामयाब नहीं हो पाया। जब कोई काम में सफल नहीं हो पाते हैं, तो वही अफसलता आगे जाकर सफलता की बुनियाद बन जाती है। उन्होंने नवनिर्वाचित भाजपा विधायकों से निवेदन किया है कि वे सदन में घुसपैठ का मुद्दा उठाते रहें। आप लोगों का प्यार-मोहब्बत हमेशा याद रहेगा। जब भी असम आयें, तो याद कीजिएगा कि आपका दोस्त असम में भी है।

# अब से ऑनलाइन जमा होगी जिला समादेष्टा की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट

■ झाप्रसे सेवा की तर्ज पर नियम लागू
■ वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट में मार्किंग और ग्रेडिंग भी दी जायेगी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सरकार ने गृह रक्षा वाहिनी अंतर्गत जिला समादेष्टा के वार्षिक गोपनीय अभ्यूक्ति, वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन का अभिलेखन स्वतः स्पष्ट, पारदर्शी एवं प्रभावी हो सके इस परिप्रेक्ष्य में नया दिशा-निर्देश जारी किया गया है। अब इनकी वार्षिक गोपनीय अभ्यूक्ति, वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन, एपीएआर कहलायेगी और इनका प्रतिवेदन गोपनीय नहीं कहलायेगा। यह पूरी तरह से ऑनलाइन समर्पित की जायेगी। इस संबंध में गृह विभाग ने आदेश जारी किया है। झारखंड गृह रक्षा वाहिनी अंतर्गत जिला समादेष्टा के ऑनलाइन पीएआर का अभिलेखन एचआरएमएस के माध्यम से ऑनलाइन किया जायेगा तथा क्रियान्वयन झारखंड प्रशासनिक सेवा के प्रपत्र एवं प्रोसेस फ्लो के अनुसार किया जायेगा। भविष्य में यदि झारखंड प्रशासनिक सेवा के प्रपत्र में संशोधन किया जायेगा तो वह इनपर भी लागू होगा।

वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन में प्रतिवेदक पदाधिकारी के अधीन 90 दिन या इससे कम अवधि, प्रतिवेदक पदाधिकारी की मृत्यु, पदस्थापन की प्रतीक्षा अवधि, निलंबन अवधि, अवका अवधि, वर्ष समाप्ति के कारण पीएआर का 90 दिन अथवा इससे कम अवधि इत्यादी का जिक्र किया जायेगा। जिला समादेष्टा के वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन अभिलेखन के लिए प्रतिवेदक प्राधिकार, समीक्षी प्राधिकार एवं स्वीकार प्राधिकार निम्नवत होंगे। इसमें प्रतिवेदित पदाधिकारी जिला समादेष्टा, प्रतिवेदक पदाधिकारी समादेष्टा मुख्यालय, समीक्षी पदाधिकारी पुलिस उप महानिरीक्षक, स्वीकरण पदाधिकारी महानिदेष्क सह महासमादेष्टा गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा झारखंड रांची होंगे। वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट में मार्किंग और ग्रेडिंग भी दी जायेगी। इसी आधार पर भविष्य में प्रमोशन-पोस्टिंग की जायेगी। इसके अलावा कई नियम लागू की गयी है।

## सबसे अधिक वोटों के अंतर जीतीं निशात और सबस कम वोट से हारे पटेल

# एक हजार से भी कम वोट से हारे राज्य के पांच विधायक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 का परिणाम सभी पार्टियों को चौंकाया है। इस चुनाव में भले ही इंडिया गठबंधन ने कुल 56 सीटों पर अपनी जीत का परचम लहराया है। लेकिन राज्य की 5 ऐसी सीटें हैं, जहां से हारनेवाले विधायकों को अगल 5 साल तक नींद नहीं आयेगी। मांडू, लातेहार, छतरपुर, डालटनगंज और कांके से हारनेवाले प्रत्याशियों की जीत का अंतर एक हजार वोट से भी कम है। मांडू के जेपी भाई पटेल को मात्र 231 वोटों से हार हुई है। उन्हें यह हार हमेशा सालते रहेगी। इसी तरह लातेहार से तत्कालीन शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम 434 वोट से हार गये। छतरपुर से पुष्पा भुईयां 736 वोट से हार गयीं। डालटनगंज से केएन त्रिपाठी 890 वोट से हारे और कांके से डॉ जीतू चरण राम भी मात्र 968 वोट से हार गये। से सभी हार का स्वाद भूलाये भूल नहीं पायेंगे।

### इन्हें मिली प्रदेश में बड़ी जीत

राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री और जेल में बंद कांग्रेस के आलमगीर आलमगीर आलम की पत्नी निसात आलम ने झारखंड विधानसभा चुनाव में रिकॉर्ड वोट से जीत दर्ज की है। उन्होंने इस चुनाव में अजसू के उम्मीदवार को 86,029 वोट से हराया है। इसी तरह झामुमो के दीपक बिरूआ ने 64,835, इसी पार्टी के स्टीफन मरांडी ने महेशपुर सीट से 61,175 और निरल पूर्ति ने मझगांव से 59,603 और भाजपा के मनोज यादव ने बरही सीट से 49,291 वोट से अपने प्रतिद्वंदी को हराकर झारखंड की सत्ता में भागीदारी निभायी है।

## इंडिया गठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिलने के बाद मंत्री पद की दौड़ शुरू

# मंत्री की रेस में गोड्डा से तीन चेहरे दौड़ में शामिल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा का चुनाव परिणाम आने के बाद 28 नवंबर को महागठबंधन की सरकार बनने जा रही है परंतु सरकार के गठन से पूर्व इस बात की चर्चा शुरू हो गई है कि हेमंत सोरेन के नए मंत्रिमंडल में किस-किस को जगह मिलेगी। गोड्डा जिले की तीन में से तीन विधानसभा सीटों पर इस बार इंडिया गठबंधन ने कब्जा जमाया है। इसमें गोड्डा विधानसभा सीट राजद के हिस्से में गयी है। इस सीट से संजय यादव ने जीत दर्ज कर जिले की एक मात्र सीट, जो भाजपा के पास थी उसे छीन ली है। वहीं दूसरी ओर महगामा विधानसभा सीट से कांग्रेस की दीपिका पांडेय सिंह और पोड़ैयाहाट से कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव ने जीत दर्ज की है।







बताते चलें कि झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 में कुल 12 महिला प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है। इनमें इंडिया ब्लॉक के हिस्से 8 सीटें आयी है। कांग्रेस की टिकट पर पांच महिला प्रत्याशियों ने जीत हासिल की है। वहीं तीन महिला प्रत्याशी झामुमो के टिकट पर विजेता बनी हैं। हेंमत की पिछली हेमंत कैबिनेट में दो महिलाएं थीं। इनमें एक कांग्रेस कोटे से दीपिका पांडेय सिंह और झामुमो कोटे से बेबी देवी शामिल थीं लेकिन इस बार के चुनाव में बेबी देवी डुमरी से चुनाव हार गई हैं। ऐसे में संभावना है कि दीपिका पांडेय सिंह को दोबारा मंत्रिमंडल में जगह मिल सकती है। वैसे भी कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी और कई वरिष्ठ नेता क्षेत्र में दीपिका पांडेय सिंह को फिर से मंत्री बनाने की बात चुनाव प्रचार के दौरान कहते रहे हैं। संथाल परगना से कांग्रेस की टिकट पर दो महिला नेत्रियों ने जीत दर्ज की हैं। इसमें महगामा विधानसभा से दीपिका पांडेय सिंह और पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की पत्नी निशात आलम ने पाकुड़ विधानसभा सीट से जीत दर्ज की हैं। इसके अलावा रामगढ़ से ममता देवी, बोकारो से श्वेता सिंह और मांडर से शिल्पी नेहा तिर्की शामिल हैं।

वहीं मंत्री की दौड़ में पोड़ैयाहाट विधानसभा से छठी बार जीत दर्ज करने वाले प्रदीप यादव भी हैं। छठी बार विधायक बनने के बाद प्रदीप का पार्टी में कद बढ़ा है। प्रदीप कुछ दिनों तक कांग्रेस विधायक दल नेता भी रहे हैं। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि प्रदीप यादव को मंत्री पद या फिर कोई बड़ी जिम्मेवारी मिल सकती है। हालांकि मंत्री पद के आलावा नेता विधायक दल, सचेतक या फिर विधानसभा अध्यक्ष का भी पद है, लेकिन विधानसभा अध्यक्ष का पद फिलहाल झामुमो के हिस्से में ही रहने की संभावना है।

इसके अलावा राजद से तीसरी बार जीत दर्ज करने वाले गोड्डा के संजय यादव को भी उम्मीद है कि उन्हें भी कोई सम्मानजनक ओहदा मिलेगा। वैसे राजद ने इस बार के चुनाव में कुल चार सीटों पर जीत दर्ज की है। संथाल परगना से गोड्डा और देवघर सीट पर राजद ने अपना परचम लहराया है। देवघर विधानसभा सीट से पूर्व मंत्री सुरेश पासवान ने जीत दर्ज की है। वहीं राजद को हुसैनाबाद और विश्रामपुर में भी जीत मिली है। बताया जा रहा है कि गोड्डा को वर्तमान सरकार में बड़ी हिस्सेदारी मंत्री के रूप में मिलने की संभावना है। दीपिका पांडेय सिंह आधी आबादी के साथ सवर्ण और पिछड़ा वर्ग का एक साथ प्रतिनिधित्व करती हैं। वहीं प्रदीप यादव और संजय यादव दोनों पिछड़ा वर्ग से हैं। दोनों अलग-अलग दल से हैं। हालांकि कांग्रेस हो या राजद मंत्री किसे बनाया जाएगा यह तय आलाकमान को करना है।

# कांग्रेस नेता मदन मोहन शर्मा को कांग्रेस भवन में दी गयी श्रद्धांजलि



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस के प्रदेश महासचिव मदन मोहन शर्मा के निधन के बाद रविवार को अंतिम संस्कार से पूर्व उनका पार्थिव शरीर कांग्रेस भवन लाया गया। कांग्रेस भवन में उनके पार्थिव शरीर पर नेताओं ने कांग्रेस पार्टी का झंडा ओढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। श्रद्धा सुमन अर्पित करनेवालों में प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, सह-प्रभारी प्रसाद श्रीवेला और सप्तगिरी उल्का, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, स्पेशल ऑब्जर्वर मल्लू भट्टी विक्रमार्क, तारिक अनवर, श्री कृष्ण अलवरू, अजय शर्मा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और प्रदीप बालमुचू और नव निर्वाचित सभी विधायकों के साथ सुबोध कांत सहाय, बंधु तिर्की, रविंद्र सिंह, सतीश पाल मुंजिनी, राकेश सिन्हा, अमूल्य नीरज खलको, गजेंद्र सिंह, जयशंकर पाठक, रियाज अंसारी, सुश्री गुंजन सिंह, अभिलाष साहू, राजेंद्र वर्मा के साथ अन्य कांग्रेसी नेता प्रमुख थे।

# रन फॉर फिटनेस के संदेश के साथ हाफ मैराथन 2024 में दौड़े जमशेदपुर के लोग

## हाफ मैराथन और अन्य श्रेणियों में 16 राज्यों से 5027 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील जमशेदपुर हाफ मैराथन 2024 का 9वां संस्करण आज जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कम्प्लेक्स में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

इस वर्ष की थीम थी 'रन फर फिटनेस, रन फर फन'। हाफ मैराथन और अन्य दौड़ श्रेणियों की शुरुआत चाणक्य चौधरी, वाइस प्रेसिडेंट (करपोरेट सर्विसेज) टाटा स्टील और रुचि नरेन्द्रन ने झंडी दिखाकर की। टाटा स्टील के सीईओ और मैनेजिंग डायरेक्टर टी वी नरेन्द्रन ने 10 किलोमीटर दौड़ में भाग लेकर प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया और जमशेदपुर के नागरिकों को फिटनेस का संदेश दिया। टाटा स्टील मेरामंडली के वाइस प्रेसिडेंट (अपरेशन्स) उत्तम सिंह ने हाफ मैराथन में भाग लिया, जो जमशेदपुर में पहली बार आयोजित किया गया। प्रोबाल घोष, वाइस प्रेसिडेंट (वन शेयर्ड सर्विसेज), टाटा स्टील, मुकुल विनायक चौधरी, चीफ स्पोर्ट्स, टाटा स्टील, संजीव कुमार चौधरी, अध्यक्ष, टाटा वर्कर्स यूनियन (टीडब्ल्यूयू) और अन्य गणमान्य व्यक्ति इस विशेष अवसर पर उपस्थित रहे। इस आयोजन में 5027 प्रतिभागियों ने तीन प्रतिस्पर्धी श्रेणियों हाफ मैराथन, 10 किमी, और 5 किमी के साथ-साथ एक गैर-प्रतिस्पर्धी 2 किमी फन रन में भी भाग लिया। इस संस्करण में देश के विभिन्न राज्यों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, बिहार, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, झारखंड, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह और गुजरात शामिल हैं।

इस बार भी, इस रन में पेसर्स द्वारा सहायता प्रदान की गई थी, ताकि धावक अपने व्यक्तिगत सर्वोत्तम समय को हासिल कर सकें, जैसा कि प्रमुख मैराथन और दौड़ इवेंट्स में देखा जाता है। इस संस्करण में 22-23 नवंबर को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कम्प्लेक्स में एक एक्सपो भी आयोजित किया गया। इस रन के एसोसिएट पार्टनर के रूप में लिंडे और एयर वटर इंडिया ने योगदान दिया। वेस्टसाइड, जिंजर, फास्ट एंड अप और ग्रोट्स इस रन के स्टाइल, हस्पिटैलिटी, ऊर्जा और फूड एंड बेवरेज पार्टनर के रूप में जुड़े।

इस इवेंट को 10 प्रमठग्ड्ख ब्रांड्स का समर्थन प्राप्त था, जिनके सहयोग से यह आयोजन सफल हुआ। जमशेदपुर रन-ए-थन, टाटा स्टील का एक प्रमुख कर्पोरेट इवेंट है, जिसे हर साल जमशेदपुर के नागरिकों में फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए आयोजित किया जाता है।



धावकों को झंडी दिखा कर रवाना करते टाटा स्टील के वीपी चाणक्य चौधरी, राजीव मंगल,प्रोबाल घोष, रुचि नरेंद्रन व टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी व अन्य।

# यह हार एक विराम है, मेरा जीवन एक संग्राम है : बन्ना गुप्ता

### कदमा, सोनारी और मानगो में चल रहे विकास कार्य बंद ना हो जायें, इस बात से हूं चिंतित

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी बन्ना गुप्ता ने इस जमशेदपुर के सुसंस्त मतदाताओं का आभार जताया। उन्होंने शिवमंगल सिंह 'सुमन' की कविता पढ़ते हुए कहा कि यह हार एक विराम है, मेरा जीवन महासंग्राम है।

क्या हार में क्या जीत में, किंचित नहीं भयभीत मैं, संघर्ष पथ पर जो मिले यह भी सही, वह भी सही। बन्ना गुप्ता ने कहा कि जमशेदपुर के 95768 मतदाताओं ने मुझपर भरोसा जताया है। उनलोगों में मेरे द्वारा किए गए विकास कार्यों को अपना समर्थन दिया है। मेरी चिंता इतनी भर है कि मेरे द्वारा प्रारम्भ किए गए कार्य रुकने नहीं चाहिए। चाहे मानगो का फ्लाइ ओवर हो या एमजीएम का नया हस्पिटल हो अथवा विश्वस्तरीय बस स्टैंड आदि सभी कार्य जारी रहने चाहिए।

कदमा, सोनारी एवं मानगो में कई सड़कों का चौड़ीकरण, पार्क एवं सामुदायिक भवनों का निर्माण चल रहा है, जो रुकने नहीं चाहिए। बन्ना ने आगे कहा कि सोनारी में दोमुहानी संगम को वे एक पर्यटन स्थल के रुप में विकसित करना चाहते थे। अब यह जिम्मेदारी जमशेदपुर की जनता पर है। बन्ना गुप्ता ने कांग्रेस नेतृत्व का भी आभार व्यक्त करते हुए सोलह सीटों पर पार्टी की शानदार जीत के लिए बधाई दी।

बन्ना गुप्ता ने सफल नेतृत्वकर्ता हेमंत सोरेन को इंडिया गठबंधन की शानदार जीत के लिए बधाइयां दी। बन्ना गुप्ता ने अपने हर कार्यकर्ता को धन्यवाद देते हुए कहा कि हमें कर्तव्य पथ से डिगना नहीं है बल्कि पूर्व की भांति समाजसेवा करते रहना है। समाजसेवा के लिए राजनीतिक पद एक माध्यम हो सकता है, किंतु वो शर्त नहीं है। उन्होंने कहा कि मेरा पूरा जीवन संघर्ष में बीता है। मुझे राजनीति या पद विरासत में नहीं मिले। उन्होंने सड़कों पर कई आंदोलन किए हैं और जनहित के मुद्दों को मजबूती साथ उठाया है। वे सदैव गरीब, कमजोर वर्ग, माताओं के हर काम के लिए तत्पर रहे हैं और जो भी पद उन्हें मिला, वो उन्हीं के आशीर्वाद से मिला।

अतएव उनका घर का दरवाजा और उनका कार्यालय पहले की तरह जनता के लिए सदैव खुला रहेगा। चाहे पेंशन हो या जनहित का कोई अन्य कार्य, उनके कार्यालय से पहले की भांति ही होते रहेंगे। मुझे प्रसन्नता इस बात की है हमलोग एक मजबूत सरकार बनाने जा रहे हैं। जनहित का कोई भी मामला होगा, वे मजबूती के साथ सरकार के समक्ष रखेंगे।

## फिल्म मेकिंग में बहुत बढ़ गयी हैं कैरियर की संभावनाएं : तथागत

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर स्थित सेंटर फर एक्सीलेंस में दो दिवसीय शट (लघु) फिल्म फेस्टीवल 2024 का आयोजन टेक 5 कम्यूनिकेशन कोलकाता के नेतृत्व में रविवार 24 नवम्बर को संपन्न हुआ। इस दो दिवसीय फिल्म फेस्टीवल में पहले दिन शनिवार को 10 और अंतिम दिन रविवार को 10 कुल 20 फिल्में 11 हिंदी, 3 अंग्रेजी, 5 बंगाला एवं 1 मूक फिल्म दिखायी गयी। जिसमें 2 से लेकर 27 मिनट तक की फिल्में शामिल थी। दो दिनों तक दिखायी गयी 20 फिल्मों में से कई ऐसी फिल्में थी, जिसे इंटरनेशनल एवं नेशनल अवार्ड मिल चुका है और मौजूद दर्शकों ने भी उसे खुब सराहा। रविवार को अक्षय वट, विदाई, जीवन काल मृत्यु, अपना टाइम कब आएगा, मानवी, प्रोटिबिम्बो, खतरे की घंटी, बादल को रंग दो, देखी गई महिलाएं एवं आईटीआई रेनू फिल्में दिखायी गयी।

## माझी परिवार हक-अधिकार के लिए मर मिटने को तैयार : जोबा

पुत्र जगत माझी की जीत पर भावुक हुई सांसद जोबा माझी, जनता को दिया जीत का श्रेय

खबर मन्त्र टीम



**चक्रधरपुर/जमशेदपुर।** मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र से ज्येष्ठ पुत्र जगत माझी ने विधायक निर्वाचित होने पर सांसद जोबा माझी भावुक हो गई। पंप रोड स्थित आवास में आये कार्यकर्ताओं और समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा मनोहरपुर की जनता ने माझी परिवार पर विश्वास जताकर उपकार किया है। जनता के इस स्नेह और समर्थन के लिए माझी परिवार हमेशा ऋणी रहेगा। जोबा माझी ने जीत का श्रेय समस्त मतदाताओं को देते हुए कहा आपके इस स्नेह के लिए जब कभी भी कुर्बानी देने की नौबत आएगी माझी परिवार अगली पंक्ति पर खड़ा मिलेगा, लेकिन जनता पर आंच आने नहीं देंगे। कहा चुनाव के दौरान आप सभी ने विभिन्न परेशानियों को झेलते हुए जो सम्मान दिया है उसे कभी नहीं भूल पाएंगे। न्याय के लिए मर मिटने की बात होगी हमारा परिवार साथ रहेगा। वहीं नवनिर्वाचित विधायक जगत माझी ने कहा चुनाव मैं नहीं जनता लड़ रही थी। एक-एक कार्यकर्ता जगत माझी बनकर विरोधियों के हर साजिश का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं और समर्थकों के प्रति ह्रदय से आभार प्रकट किया। इस दौरान समर्थकों ने जगत माझी और जोबा माझी का स्वागत किये और आतिशबाजी कर जीत का जश्न मनाया।

## नेटटूर तकनीकी प्रशिक्षण फाउंडेशन ने मनाया 65वां स्थापना दिवस समारोह

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** नेटटूर टेक्निकल ट्रेनिंग फाउंडेशन (एनटीटीएफ) एक सेक्शन 25 कंपनी (पूर्व में सेक्शन 8) है जो 1959 से तकनीकी प्रशिक्षण में लगी हुई है और 24 नवंबर 2024 को 65 साल पूरे कर लेगी। पिछले छह दशकों में, एनटीटीएफ ने सार्थक रोजगार सुरक्षित करने के लिए आवश्यक कौशल के साथ पूरे भारत में युवाओं को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिससे उन्हें अपने परिवारों को जीविका प्रदान करने में मदद मिली है। संस्थान विविध प्रशिक्षण कार्यक्रम 3 साल के डिप्लोमा पाठ्यक्रम, एक पोस्ट डिप्लोमा, लघु अवधि के पाठ्यक्रम और उद्योग से जुड़े कार्यक्रम, न केवल व्यक्तियों का उत्थान करते हैं बल्कि समुदायों को भी सकारात्मक रूप से प्रभावित करते हैं, समान पाठ्यक्रमों को आगे बढ़ाने के लिए साथियों और भाई-बहनों को प्रेरित करते हैं। हमारे कई प्रशिक्षुओं को 18 साल की उम्र में नौकरी मिल गई है। ये पहल एक लहर प्रभाव पैदा करती है जो समाज और राष्ट्र को बड़े पैमाने पर लाभान्वित करती है। एनटीटीएफ आज पूरे भारत में लगभग 14 प्रशिक्षण केंद्रों में काम करता है और 800 से अधिक संकाय सदस्यों को रोजगार देता है और 70,000 से अधिक छात्रों के लाभार्थियों के लिए कोर प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करता है। एनटीटीएफ अब भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान है। एमएसडीई, भारत सरकार के तत्वावधान में एनसीवीईटी, भारत सरकार ने वर्ष 2023 के दौरान छज्ब्थ् को दोहरी। इसके बाद, एनटीटीएफ द्वारा पेश किए जाने वाले सभी डिप्लोमा कार्यक्रम एनसीवीईटी दिशानिर्देशों के ढांचे के तहत होंगे। एनटीटीएफ एक आईएमएस प्रमाणित संस्थान है और आईएसओ 21001, आईएसओ 9001, आईएसओ 14001 और आईएसओ 45001 प्रमाणन के साथ मान्यता प्राप्त है। एनटीटीएफ के सभी डिप्लोमा कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एनओसीएनध्एनसीसी यूके द्वारा मान्यता प्राप्त हैं।

### नारी सशक्तिकरण के आयोजन में जुटे टाटानगर के गायत्री परिजन



जमशेदपुर। गायत्री परिवार टाटानगर द्वारा 27 से 29 दिसंबर तक अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में नारी सशक्तिकरण एवं युवा जागरण शिविर का आयोजन होना है। इसकी तैयारियां हेतु युवा प्रकोष्ठ शांतिकुंज से 'श्री ओम प्रकाश राठौर जी' भाई साहब ने टाटानगर के परिजन का मार्गदर्शन किया कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। इस दौरान 'युवा प्रकोष्ठ के भाई नीरज महतो जी' ने अपने अनुभव को युवाओं के बीच साझा किया। साथ ही बहन जसबीर कौर, सुषमा पात्रों और ताराचंद अग्रवाल जी ने अपना अपना सुझाव साझा किए। मंच संचालन बहन मंजू मोदी ने किया।

## पूर्वी विधानसभा में भाजपा 26 व 27 नवंबर को निकालेगी भव्य आभार यात्रा

### मंडल क्षेत्र के प्रमुख मार्गों से होकर निकलेगी यात्रा

पूर्णिमा साहू व्यक्त करेंगी सभी मतदाताओं का आभार

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू की शानदार जीत के बाद भारतीय जनता पार्टी पूरे क्षेत्र में आभार यात्रा निकालेगी। इस यात्रा के माध्यम से भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू को अपार जनसमर्थन और विश्वास व्यक्त करने हेतु क्षेत्र के सभी मतदाताओं और समर्थकों का धन्यवाद और आभार प्रकट किया जाएगा। आभार यात्रा में नवनिर्वाचित विधायक पूर्णिमा साहू स्वयं शामिल होंगी और जनता के विश्वास और समर्थन के लिए उनका आभार व्यक्त कर आशीर्वाद लेंगी। यह यात्रा 26 और 27 नवंबर को पूर्वी विधानसभा के विभिन्न मंडलों से गुजरेगी। यात्रा की सफलता सुनिश्चित करने और इसे सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए सोमवार को मंडल स्तर पर बैठकें आयोजित कर रूपरेखा बनाई जाएगी। वहीं, मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में सभी बूथ अध्यक्ष और कार्यकर्ता घर घर जा कर प्रत्येक घरों तक आभार पत्र सभी घरों तक पहुंचाएंगी और मतदाताओं का धन्यवाद प्रकट करेंगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि आभार यात्रा मंडलों के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी। यात्रा की भव्यता और समन्वय के लिए मंडल स्तर पर प्रभारी नियुक्त किए गए हैं, जो इस कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करेंगे। बताया कि आभार यात्रा को लेकर कार्यकताओं में उत्साह का माहौल है और सभी कार्यकर्ता इसे सफल बनाने के लिए सक्रिय रूप से जुट गए हैं। इसके साथ ही, आगामी दिनों में बूथ स्तरीय विधानसभा सम्मेलन आयोजित कर बूथ अध्यक्षों को सम्मानित करने की योजना बनाई जा रही है।

**नियुक्त किए गये प्रभारी**
- सीतारामडेरा - गुंजन यादव
- बिरसानगर- भूपेंद्र सिंह
- बर्मामाइंस- मिथिलेश सिंह यादव
- गोलमुरी- दिनेश कुमार
- साकची पुर्वी- संजीव सिंह
- टेल्को- राकेश सिंह
- बारीडीह - खेमलाल चौधरी

## स्पीड न्यूज

### जनता के साथ सेवा में जुड़े रहेंगे : सहिस

जमशेदपुर। जुगसलाई विधानसभा के प्रत्यासी सह आजसू केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने विस में मिली हार पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि अपने पदाधिकारियों संग समीक्षा करने और जनता द्वारा दिए गए जनमत को आशीर्वाद समझते हुए जनमत को स्वीकार्य करते है और प्रदेश के सभी निर्वाचित जन प्रतिनिधियों को बधाई देते है। सहिस ने यह भी कहा कि जल्द ही अपने पदाधिकारियों संग समीक्षा करूंगा और कहा चूक हुई के साथ सभी विषयों पर चर्चा करूंगा और जनता के सेवा में पार्टी के समर्पित सिपाही कर तरह सेवा कार्य में लगा रहूंगा।

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने मनाया वार्षिक खेलकूद दिवस



जमशेदपुर। बैंक ऑफ बड़ोदा जमशेदपुर क्षेत्र द्वारा वार्षिक खेल-कूद दिवस 2024 का आयोजन एनटीटी आर डी टाटा टेक्निकल ट्रेनिंग सेंटर गोलमुरी के फुटबल मैदान में आयोजित किया गया । कलेज की ओर से कलेज के वाइस प्रिंसिपल श्री रमेश राय एवं राकेश रंजन उपस्थित रहें। उक्त आयोजन में जमशेदपुर क्षेत्र के अंतर्गत सभी शाखाओं के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सपरिवार विभिन्न प्रतियोगिताओं में पूरे जोश के साथ सहभागिता की। प्रतियोगिताओं में बड़ों के लिए दौड़, बच्चों के लिए विभिन्न खेल - कूद, रस्साकशी खींच एवं क्रिकेट का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय प्रमुख श्री मनीष प्रकाश सिन्हा एवं उप क्षेत्रीय प्रमुख श्री सुनील कुमार साहा के मार्गदर्शन में संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन किया गया। प्रतियोगिताओं के अंत में सभी विजेताओं को ट्रफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### करनडीह के गैंताडीह में रक्तदान शिविर एक दिसंबर को



जमशेदपुर। करनडीह क्षेत्र के गैंताडीह स्थित बी एम पलिक्लिनिक परिसर में खेरवाल फाउंडेशन और सामाजिक संस्था नई जिंद्गी परिवार जमशेदपुर के सहयोग से आगामी 1 दिसम्बर 2024 रविवार को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर पहली बार रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है । यह जानकारी खेरवाल फाउंडेशन के अध्यक्ष डा विजय कुमार मुर्मू और 75 बार रक्तदान कर चुके आदिवासी रक्तदाता राजेश मार्डी ने संयुक्त रूप से दी है। उन्होंने बताया कि यह शिविर जमशेदपुर ब्लड सेंटर के सहयोग से प्रातः 9 बजे से अपराह्न 4 बजे तक चलेगा। सभी रक्तदाता साथियों को रक्तदान के बाद प्रशस्ति सम्मान पत्र के साथ विशेष रूप से उपहार देकर सम्मानित किया जाएगा और भविष्य में जरुरत पड़ने पर उन्हें रक्त भी उपलब्ध कराया जाएगा। सभी रक्तदाता साथी रेड रिबन लगाकर रक्तदान करेंगे ताकि एड्स के प्रति भी लोग जागरुक हो सकें। सभी सक्षम युवा, छात्र, प्रबुद्ध नागरिक एवं महिलाओं से इस शिविर में शामिल होने की अपील की गई है। इस अवसर पर खेरवाल फाउंडेशन की उपाध्यक्ष सुमित्रा बेसरा, ड विजय कुमार मुर्मू, ड पार्वती मुर्मू, मधु सोरेन, सुमित्रा सोरेन, राजेश मार्डी, सुरजू बास्के, रवि मुर्मू, दाखिन टुडू आदि उपस्थित थे। बिरसा चौक पर मजदूर संगठनों का प्रदर्शन 26 को जमशेदपुर। केंद्र सरकार की जनविरोधी व देश हित विरोधी नीतियों को उजागर करते हुए वैकल्पिक नीति के लिए अभियान के तहत ट्रेड यूनियनों, स्वतंत्र कर्मचारी महासंघों व संयुक्त किसान मोर्चा के संयुक्त मंच 26 नवंबर 2024 को देशव्यापी जिला स्तरीय प्रदर्शन आयोजित करने तथा प्रधानमंत्री को अपनी लंबित मांगों के संबोधित ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया है। जमशेदपुर में यह प्रदर्शन बिरसा चौक,साकची में अपरान्ह 4.30 बजे किया जायेगा। यह जानकारी इंटक के प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय ने दी है।

### गोविंदपुर में जगह जगह मना मंगल कालिंदी के जीत का जश्न

जमशेदपुर। जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र से मंगल कालिंदी जी के पुनः विधायक बनने पर गोविंदपुर में जगह-जगह युवा,महिलाओं ने सड़क पर उतरकर जीत का जश्न मनाया। गोविंदपुर राम मंदिर बस स्टैंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता समीर दास के नेतृत्व में, डिस्पेंसरी मोड में युवा नेता प्रकाश दुबे के नेतृत्व में, रामपुर गिट्टी मशीन में राजवान सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ता उत्साहित होकर सड़कों पर उतर कर लड्डू वितरण किया एवं आतिशबाजी की। इस अवसर पर स्थानीय जिला परिषद ड परितोष कुमार ने कहा जनता ने महागठबंधन सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को अपना आशीर्वाद दिया। विकास के नाम पर वोट देने के लिए जनता बधाई के पात्र है।

## एक नजर में

### राजस्थान सेवा सदन अस्पताल में उपकरण एवं अनुभवी चिकित्सकों की तैनाती से सुधरी है सेवा : दिलीप गोयल



जमशेदपुर। राजस्थान सेवा सदन की वार्षिक आम सभा आज जुगसलाई स्थित राजस्थान शिव मंदिर में संपन्न हुई। सेवा सदन के अध्यक्ष दिलीप गोयल ने सभा में पदाधिकारियों एवं उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुये सभा की कार्रवाई प्रारंभ की। तत्पश्चात् आमसभा में उपस्थित अध्यक्ष दिलीप गोयल, पूर्व अध्यक्ष मुरलीधर केडिया, अशोक गोयल, धर्मचन्द पोददार इत्यादि ने दीप प्रज्वलित आमसभा की कार्रवाई को आगे बढ़ाया। अध्यक्ष दिलीप गोयल ने कहा कि हम उद्देश्य के प्रति तत्पर हैं और सेवा के कार्य को लगातार आगे बढ़ा रहे हैं। इसमें पदाधिकारियों एवं सदस्यों का सहयोग हमेशा मिलता रहा है इसके लिये उन्हें धन्यवाद देते हैं। महासचिव सीए जगदीश खंडेलवाल ने राजस्थान सेवा सदन से संबंधित वार्षिक प्रतिवेदन आमसभा में पढ़कर पिछले एक वर्ष के दौरान किये गये कार्यों को उपस्थित सदस्यों के समक्ष रखा। उन्होंने बताया कि इस दौरान सेवा सदन में काफी बदलाव करते हुये इसे चिक्तिसीय आधुनिक एक्सरे मशीन, डायलिसिस मशीन तथा अन्य मशीनों को स्थापित किया गया है। मरीजों के ईलाज की गुणवत्ता में लगातार वृद्धि करते हुये अच्छे डॉक्टरों की नियुक्ति की गई। अस्पताल की मूलभूत संरचनाओं को सुधारा गया है। और आगे भी इसमें सुधार किया जाता रहेगा। राजस्थान सेवा सदन को आयुष्मान भारत योजना के तहत फिर से लाने का निर्णय लिया गया ताकि जरूरतमंद मरीजों को इसकी सुविधा का लाभ मिल सके। महासचिव ने बताया कि सेवा सदन की संविधान में कुछ बदलाव हेतु प्रस्ताव लाया गया था जिसे सदस्यों की सर्वसम्मति ये पारित कर लिया गया है। कोषाध्यक्ष सीए मनीष केडिया ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्यय का ब्यौरा आमसभा में रखा। संयुक्त सचिव आशीष मित्तल ने बताया कि राजस्थान सेवा सदन के द्वारा विभिन्न स्थानों पर सेवा कार्य को बढ़ाते हुये मेडिकल चेकअप का भी आयोजन किया जाता रहा है जिसे आगे बढ़ाया जायेगा। अंत में उपाध्यक्ष मंटू अग्रवाल के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात् आमसभा की कार्रवाई समाप्त की गई। इस अवसर पर राजेश रिंगसिया, श्रवण देबुका, सुनील रिंगसिया, अनंत मोहनका, पवन काबरा, शंकरलाल मित्तल, कमल नरेडी, रामगोपाल केडिया, डॉ आईप़ी. मित्तल, राजेश जैसुका के अलावा काफी संख्या में सदस्यगण उपस्थित थे।

### इन्द्रधनुषी कलासंगम रेन्बो का ओवरअल चैंपियन का खिताब जेपीएस बारीडीह को



जमशेदपुर। बिष्टुपुर साउथ पार्क स्थित चिन्मया विद्यालय में दसवें इंटर स्कूल आर्ट फेस्ट रेनबो का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के लगभग 18 विद्यालय के 400 बच्चों ने भाग लिया। इस फेस्ट में टाटा स्टील की ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट कोअर्डिनेटर स्मिति तिवारी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुई। उक्त अवसर पर बच्चों ने गणेश वंदना तथा सात रंगों के महत्व को बताते हुए नृत्य तथा गीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में फन विथ क्ले, स्टोन आर्ट, एक्रेलिक बो, लाइव स्टडी, मास्टर स्ट्रोक, फेस पेंटिंग, ब्रश मैजिक, अपसाइकिल आर्ट, डूडल आर्ट और ज्वेलरी मेकिंग आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। निर्णायक मंडली में टैगोर समिति के कला विभाग के सदस्य अशोक कुमार माइति, विप्लव राय, नवीन देवी सिंह, अनूप सिंह तथा जमशेदपुर के जाने-माने आर्टिस्ट अमृता सेन उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने अपने वक्तव्य से सभी प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया तथा विद्यालय के इस आयोजन की प्रशंसा की। रेनबो फेस्ट के आयोजन में विद्यालय के आर्ट टीचर तमाल सेनगुप्ता की महत्वपूर्ण भूमिका रही ,साथ ही विद्यालय की प्राचार्या, सभी शिक्षक गण तथा विद्यालय कार्यकारी समिति के सदस्यों का भरपूर सहयोग था। प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार हैं-लाइव स्टडी श्रेणी में - प्रथम- जेपीएस बारीडीह, द्वितीय - जुस्को स्कूल कदमा, तृतीय द्दजेपीएस बारीडीह, इसी कड़ी में स्टोन आर्ट की श्रेणी में -प्रथम ए आई सी एकेडमी अफ एक्सीलेंस, द्वितीय - श्रीनाथ पब्लिक स्कूल, तृतीय-जेपीएस बारीडीह, मास्टर स्ट्रोक के तहत बेहतरीन प्रदर्शन कर कला माध्यम से प्रतिभा दिखाने वाले स्कूल में प्रथम जुस्को स्कूल कदमा, द्वितीय एवं तृतीय डीएवी बिष्टुपुर, उसी तरह एक्रेलिक बो के माध्यम से कला दिखाने वाले में- प्रथम जेपीएस बारीडीह, द्वितीय -एसकेपीएस बिष्टुपुर, तृतीय -आरएमएस खूंटाडीह को स्थान मिला। फेश पेटिंग का एक बड़ा कैनवास इन दिनों रंगों की दुनिया में अपनी पहचान लिये हुए है, इस श्रेणी में प्रथम जुस्को स्कूल कदमा, द्वितीय द्दजेपीएस बारीडीह, तृतीय -डीबीएस कदमा हाई स्कूल। नये रूप में ज्वेलरी मेकिंग को भी इसमें स्थान मिला, जिस क्षेणी में -प्रथम श्रीनाथ पब्लिक स्कूल, द्वितीय-डीबीएस करियर एकेडमी, तृतीय - जेपीएस बारीडीह, तुलिका यानि पेन्ट ब्रश की श्रेणी में प्रथम -जेपीएस बारीडीह, द्वितीय द्दजेएच तारापोर, तृतीय-डी ए वी बिस्टुपुर। डूडल आर्ट द्दप्रथम जेपीएस बारीडीह, द्वितीय द्दएसकेपीएस बिष्टुपुर, तृतीय द्दएआईडब्ल्यूसी, अप साइकिल आर्ट श्रेणी में -प्रथम श्रीनाथ पब्लिक स्कूल, द्वितीय -जेपीएस बारीडीह, तृतीय डीबीएमएस कदमा, फन विथ क्ले श्रेणी में प्रथम-श्रीनाथ पब्लिक स्कूल, द्वितीय -डीएवी बिष्टुपुर, तृतीय -आरएम एस खूंटाडीह जबकि ओवरअल चैंपियन का खिताब जेपीएस बारीडीह को मिला।

### डब्ल्यूपीपीएल विश्व कप (पावरलिफ्टिंग) में भारत ने चार स्वर्ण पदक जीता



जमशेदपुर। भारतीय पावरलिफ्टिंग महासंघ (इंडियन पवर लिफ्टिंग फेडरेशन, आईपीएफ) की टीम 22 से 24 नवंबर तक रूस की नोवोसिबिर्स्क शहर में आयोजित डब्ल्यूपीपीएल विश्व कप में भाग लिया और स्वर्ण पदक जीत कर देश का नाम रोशन किया। यह जानकारी भारतीय पावरलिफ्टिंग महासंघ के महासचिव कौस्तव दत्ता ने दी। भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली टीम में ललित कुमार, प्रदीप कुमार पेरुमल्ला, कस्तूरी राजमूर्ति और उदय रघुवंशी शामिल हैं। जिसमें प्रदीप कुमार पेरुमल्ला ने पावरलिफ्टिंग और डेडलिफ्ट में स्वर्ण पदक, उदय रघुवंशी ने पावरलिफ्टिंग-बेंचप्रेस में स्वर्ण पदक, कस्तूरी राजमूर्ति ने पवरलिफ्टिंग में स्वर्ण पदक, ललित कुमार ने पावरलिफ्टिंग में स्वर्ण पदक जीता। कौस्तव दत्ता और आईपीएफ टीम के बाकी सदस्यों ने प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता एथलीटों को अपनी शुभकामनाएं दीं। दत्ता ने बताया की स्वर्ण पदक विजेता ने विश्व पटल पर देश का नाम रोशन किया यह इंडियन पवर लिफ्टिंग फेडरेशन के लिए गर्व की बात हैं। दत्ता ने बताया कि मौजूदा विश्व कप के अलावा आने वाले साल में डब्ल्यूपीपीएल विश्व कप का आयोजन दिल्ली-एनसीआर, भारत में किया जाएगा। इंडियन पवर लिफ्टिंग फेडरेशन की टीम अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेगी।

## स्पीड न्यूज

### नफरत की राजनीति पर भारी पड़ा हुसैनाबाद की गंगा यमुना तहजीब की राजनीति, लोगों ने बटने पर नही बल्कि सटने पर लगाया मोहर



हुसैनाबाद। 79 हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा की जनता ने संजय कुमार सिंह यादव को प्रचण्ड जीत दिला कर जहां एक ओर रिकॉर्ड बनाने और पूर्व के रिकॉर्ड को खत्म किया। वहीं हीं की राजनीतिक जमीन में जहर घोलने वाले लोगो को मुंहतोड़ जवाब भी दिया हैं जिससे यहां की हिन्दू मुस्लिम गंगा यमुना की तहजीब की धरती को कलंकित होने से बचा लिया है। क्षेत्र में इस बात की जोरों की चर्चा हैं। वर्तमान चुने गए विधायक संजय कुमार सिंह यादव हुसैनाबाद में राजनीतिक महाभारत के संजय साबित हुए है युद्ध में निपुन व सफल योद्धा की कीर्तिमान स्थापित कर दिया हैं। चुनाव के पूर्व कई युवाओं की टीम ने संजय कुमार सिंह यादव के पक्ष में एक लहर बनाकर कार्य किया है। जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। यह अपार मत जनता का विश्वास व आशीर्वाद के रूप में दिया गया, जो सर्वविदित है। इस कार्य ने हुसैनाबाद के सैकड़ों नौजवान का कारनामा ने एक नई राह तक नई विकास के लिए संजय कुमार सिंह यादव को हुसैनाबाद के जनता ने विधायक बनाया है। जिससे लोगों को कई मुद्दों का निष्पादन कराने की बड़ी जिम्मेदारी को सौंपा हैं अब पांच वर्ष में ये इस टीम को कैसे साधते हुए हुसैनाबाद में विकास की रोड मैप स्थापित करेंगे यह जिम्मेदारी उनकी हैं।

### देवतुल्य जनता के प्रति आभार, करता रहूंगा आपकी सेवा : दिलीप सिंह नामधारी



मेदिनीनगर। डालटनगंज चैनपुर भण्डारिया विधानसभा क्षेत्र से बतौर निर्दलीय प्रत्याशी दिलीप सिंह नामधारी ने क्षेत्र के देवतुल्य जनता के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है। दिलीप ने कहा कि विधानसभा चुनाव परिणाम से मुझे काफी निराशा तो हुयी है, परन्तु लोकतंत्र में जनता–जनार्दन का फैसला ही अंतिम है। डालटनगंज चैनपुर भंडरिया विधानसभा क्षेत्र की जनता ने दो महागठबंधनों के उम्मीदवार एक तरफ एनडीए, दूसरी तरफ इंडिया एवं घोर जातीय, धार्मिक उन्माद तथा चुनाव में अथाह रुपयों के प्रचलन के बावजूद मुझ जैसे निर्दलीय उम्मीदवार को 21232 लोगों ने साथ दिया है। नामधारी ने कहा कि हार–जीत लोकतंत्र में चुनावी राजनीति का हिस्सा है। चुनावी जनसंपर्क के दौरान मुझे जनता का अपार समर्थन और स्नेह मिला था। इसके लिए मैं आपका हृदय से आभारी हूं। भविष्य में भी आपकी अपेक्षाओं और विश्वास को समझना हमारी प्राथमिकता रहेगी। आप सभी की सेवा में सदैव तत्पर रहा हूं और आगे भी रहूंगा। चुनाव के दौरान मेरे साथ दिन–रात कार्य कर रहे कार्यकर्ताओं, शुभचिंतकों एवं साथियों का दिल से आभार। साथ ही विजयी प्रत्याशी आलोक चौरसिया जी को हार्दिक बधाई देता हूं।

### झामुमो कार्यकर्ताओं ने किया जिलाध्यक्ष को सम्मानित



मेदिनीनगर। झारखंड में फिर से हेमंत सोरेन को पूर्ण बहुमत मिलने पर झामुमो पलामू जिला कार्यालय में पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा को सम्मानित किया गया। पलामू जिला झारखंड मुक्ति मोर्चा व्यवसाय संघ के जिला अध्यक्ष दीपू चौरसिया और सभी पार्टी के पदाधिकारी के द्वारा जिलाध्यक्ष को माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। मौके पर दीपू चौरसिया ने कहा झारखंड में झारखंड की सरकार पूर्ण बहुमत की सरकार झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार बनने पर यह दर्शाता है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार झारखंड की जनता की सरकार हर वर्ग की सरकार है। पूरे पलामू जिले के सभी पदाधिकारी के तरफ से पार्टी के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जीत की बधाई दी है। मौके पर आरिफ अली, असगर, राजेश, रमेश, बबलू चौधरी, अरविंद चौधरी समेत पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### महागठबंधन की जीत झारखंडी जनमानस की है जीत: रविन्द्र कु शुक्ला



विश्रामपुर पलामू। झारखंड में कांग्रेस सहित महागठबंधन की प्रचंड बहुमत पर महागठबंधन के नेता–कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष रविन्द्र कु शुक्ला गुड्डू ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि झारखंड में महागठबंधन की जीत झारखंडी जनमानस की जीत है। उन्होंने झारखंड के जनता–जनार्दन को बधाई दी है। साथ ही महागठबंधन के विधायकों को ऐतिहासिक जीत के लिए शुभकामनाएं दी है। उन्होंने पलामू प्रमंडल में महागठबंधन के उम्मीदवारों की जीत पर नव नियुक्त विधायकों को भी शुभकामनाएं दी है। साथ ही पलामू प्रमंडल के जनता को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा राज्य के विकास के लिए सक्रिय रहा है। जनता ने झारखंड में विकास की गति को पहचाना है कि व प्रचंड बहुमत देकर राज्य में जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए जिम्मेवारी सौंपी है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस राज्य के विकास के लिए हमेशा से सक्रिय रहा है। कांग्रेस व हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली राज्य सरकार झारखंड में विकास कर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने का कार्य करेंगे। उन्होंने भाजपा नेताओं पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा है कि भाजपा 'एक होंगे सेफ होंगे, बंटेंगे तो कटेंगे' आदि नारा देकर राज्य की जनता को बांटने की जो सपना देखा था, जनता ने उन्हें सबक सिखाने का काम किया है। झारखंड संघर्ष की धरती रही है। झारखंड एक बार फिर बेहतर विकास का साक्षी बनेगा और राहुल गांधी जी के सपनों को साकार करेगा।

### खिस्त राजा पर्व पर धर्मयात्रा निकाली गयी



मेदिनीनगर। खिस्त राजा पर्व के अवसर पर युनियन वर्व से भव्य धर्मयात्रा निकाली गई। इस यात्रा में बिशप थियोदोर मसकरे नहस रथ पर सवार होकर चल रहे थे। उनके आगे स्कूली बच्चे पवित्र सेकामेंत लेकर चल रहे थे। यह प्रभु यीशु मसीह का प्रतीक है। इस यात्रा में पुरोहित फादर व अन्य लोग यात्रा के दौरान रोजरी माला बिनती के साथ प्रभु यीशु मसीह की प्रार्थना कर रहे थे। इसके अलावे इस धर्मयात्रा में शामिल लोग खिस्त हमारा राजा है के जयकारे लगा रहे थे। यह यात्रा युनियन वर्व से निकलकर कचहरी चौक, छह मुहान, जिला स्कूल चौक, सदिक चौक होते हुए पुन: वर्व में जाकर समाप्त हुआ। इस मौके पर बिशप थियोदोर मसकरे नहस ने कहा कि खिस्त राजा दुनिया को प्यार का संदेश देनेवालों में से एक थे जिन्होंने पूरे विश्व को प्यार का संदेश दिया। सभी जीवों पर दया करने का संदेश दिया। आज मसीही विश्वास के अनुसार प्रभु यीशु हमारे ही नहीं विश्व के राजा हैं। यहूदियों का राजा इसलिए कहा जाता है कि वह दरबार में भी यीशु से पूछा गया था कि तुम यहूदियों का राजा हो तब प्रभु यीशु ने कहा था कि हां मैं राजा हूं इसलिए प्रभु यीशु हमारे राजा हैं। प्रभु यीशु दुनिया के अन्य राजाओं की तरह नहीं हैं। वे शांति का राजा है। इस मौके पर वीर टोप्पो, रिमिस मिंझ, जोसेफ सुरिन, जेजे लकड़ा, प्रताप तिर्की, अमृत्या तिर्की, जेरमेना तिर्की, रानी केरकेट्टा, मिसा टोप्पो, अमिया कुजूर, प्रेमशीला खाखा, रोवन कुजूर, दिकन गिद्ध, अरविंद मुंडा समेत काफी संख्या में लोग शामिल थे।

# शशिभूषण मेहता के जुलूस में जय श्रीराम के नारों से गूंजता रहा पांकी विधानसभा

## विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण धरातल पर उतारने का काम किया जायेगा : विधायक






**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलाबर पीतांबरपुर।** पांकी विधानसभा क्षेत्र से लगातार दूसरी बार निर्वाचित होने पर पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता के विजय जुलूस में जनसैलाब उमड़ पड़ा। जुलुस समर्थकों द्वारा लगाए जा रहे जय जय श्रीराम के नारों से पूरा इलाका गुंजायमान होते रहा। रविवार को शशिभूषण मेहता लेस्लीगंज में विभिन्न मंदिरों में माथा टेक कर विजय जुलूस का शुभारंभ किया जो लेस्लीगंज प्रखण्ड के विभिन्न गांवों का भ्रमण करते हुए पदमा मनातु पहुंचा। रास्ते में कार्यकर्ताओं द्वारा नवनिर्वाचित विधायक को फुल मालाओं से लादते हुए अबीर गुलाल लगाकर स्वागत किया। विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कहा कि पांच साल में जो विकास उन्होंने किया उसपर पांकी विधानसभा क्षेत्र के जनता ने मुहर मुहर लगाते हुए जिताने का काम किया। सामंती ताकतों ने जिस तरह से भाजपा समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं पर हमला कर डराने का प्रयास किया उसका करारा जवाब अपने एक एक मत से दिया। उन्होंने कहा कि पांच साल के दौरान समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने का काम किया। विकास विरोधी तत्वों के विरोध करने के बावजूद होने विकास की लंबी लकीर खींचनें का काम किया। आने वाले समय में पाकी विधानसभा क्षेत्र में अमन-चैन कायम करते हुए विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण धरातल पर उतारने का काम किया जाएगा। इस मौके पर समाजसेवी रामदास साहु, राजकमल वर्मा, बच्चन ठाकुर, बिधायक के निजी सचिव सरोज चटर्जी, मिडिया प्रभारी राकेश कुमार वर्मा उर्फ सोनू, दयानंद सिंह, छेदी गुरुजी, समाजसेवी अनिल साहु, निर्मल मेहता, मंदीप मेहता, अधिवक्ता लाला प्रसाद यादव, चंदन सिंह, वशिष्ठ सिंह,कमेश यादव, प्रमुख सुनील पासवान, विधायक प्रतिनिधि उदेश यादव, मंडल अध्यक्ष अंतु यादव, तरहसी मंडल अध्यक्ष अजीत प्रसाद गुप्ता, अनिल सिंह, गोपाल साव,बिगू साहु,प्रवीण कुमार, गुड्डु जी, पिंटू यादव, प्रदीप भुईयां, राजगोविंद सिंह सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे। इधर प्रखंड पांकी के रनने भरी, झलखंडी मंदिर द्वार चौक,सलगस में विजय जुलूस में फुल माला अबिर गुलाल और बम पड़ाका एवं नारा लगाकर जोरदार स्वागत किया गया। जबकि प्रखंड पांकी के बादुबार, कोनवाई तेतराई, सुरजवन मोड़ जैसे विभिन्न जगहों में विजय जुलूस में फुल माला अबिर गुलाल और बम पड़ाका एवं नारा लगाकर जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर विरेन्द्र वर्मा, संतोष वर्मा, श्रीकांत सिंह, शत्रुघ्न सिंह, सुधीर तिवारी, योगेंद्र सिंह, अरविंद सिंह, अनुज सिंह, कार्तिक सिंह, मिंटी चंद्रवंशी, भाजपा नेत्री लवली गुप्ता, मंजूलता दुबे, ललित मेहता समेत कई लोग विजय जुलुस में शामिल थे।

# बिश्रामपुर की जनता ने जो स्नेह दिया उसके लिए आभार : रामचन्द्र चंद्रवंशी





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** पूर्व मंत्री सह निवर्तमान विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि बिश्रामपुर मझिआंव विधानसभा क्षेत्र की जनता ने जो स्नेह और समर्थन दिया है, उसके लिए उनका हृदय से आभार है।

यहां की जनता ने मुझे चार बार विधायक बनाया। जनता के आशीर्वाद से एकीकृत बिहार और झारखंड में मंत्री बनने का भी अवसर मिला। हमने भी ईमानदारी पूर्वक सेवा भाव के साथ क्षेत्र के विकास हेतु लगातार कार्य किया। फलस्वरूप क्षेत्र का चहुंमुखी विकास भी हुआ। चंद्रवंशी रविवार को विश्रामपुर में पत्रकारों से बात कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि इस बार के विस चुनाव में भी पार्टी कार्यकर्ताओं ने खूब मेहनत की, जनता ने भी समर्थन दिया। किसी कारण वस चुनाव नहीं जीत पाए।

चुनाव में हार जीत तो लगी रहती है। हम चुनाव हारे हैं हौसला नहीं। पहले की तरह ही हम और हमारे पुत्र डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी जनता की सेवा करते रहेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं का भी हौसला बढ़ाते हुए कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता कभी हारते नहीं हैं। जीतते हैं या सीखते हैं।

### कांग्रेस के राधाकृष्ण की जीत पर निकाली गयी विजय जुलूस

# छतरपुर-पाटन के जनता की जीत है : किशोर

उन्होंने कहा कि अब क्षेत्र में विकास की गति होगी तेज



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन पलामू।** छतरपुर विधानसभा से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी राधाकृष्ण किशोर की जीत पर कार्यकर्ताओं ने विजय जुलूस निकाली। जुलूस में काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल होकर श्री किशोर के पक्ष में नारेबाजी की। राधाकृष्ण किशोर के जीत होते ही हजारों समर्थकों ने फुल माला देकर सम्मानित किया। जुलूस में कार्यकर्ता गाजे बाजे के साथ नाचते गाते चल रहे थे। कार्यकर्ताओं ने बम पटाखे फोड़कर, अबीर गुलाल लगाकर व मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। मौके पर विधायक राधा कृष्ण किशोर ने अपने जीत का श्रेय पाटन एवं छतरपुर के लोगों को दिया है। उन्होंने कहा कि यह मेरी जीत नहीं है, बल्कि छतरपुर-पाटन विधानसभा क्षेत्र के जनता की जीत है। उन्होंने कहा कि अब पाटन छतरपुर का विकास तेजी से किया जायेगा । पूर्व में पाटन छतरपुर का विकास ठप हो गया था । उन्होंने कहा कि पाटन छतरपुर के हर वर्ग के लोगों ने वोट देकर मुझे विजयी बनाया है । उन्होंने कहा कि जनता के विश्वास व उम्मीद को कभी टूटने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि छतरपुर-पाटन विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना मेरी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ताओं का मेहनत व जनता का आशीर्वाद से हम चुनाव जीते हैं। उन्होंने कहा कि हर हाल में क्षेत्र के जनता के समस्या का समाधान व सरकार की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जायेगा। विधायक ने अपनी जीत पर पाटन छतरपुर के लोगों का आभार व्यक्त किया है।

### संजय की ऐतिहासिक जीत पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



मोहम्मदगंज पलामू। हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र से राजद प्रत्याशी संजय कुमार सिंह यादव के ऐतिहासिक जीत पर रविवार को पार्टी नेताओ व कार्यकर्ताओं सहित झामुमो नेताओ ने मोहम्मदगंज स्टेशन रोड स्थित शहीद जगदेव की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद पार्टी नेताओ ने लोगों को भी मिठाई खिलाकर खुशी प्रकट किया। समर्थकों ने लालू यादव, तेजस्वी यादव, हेमन्त सोरेन, राहुल गांधी, संजय यादव जिंदाबाद के भी नारे लगाकर जीत का इजहार किया। मौके पर पार्टी नेता अशोक यादव,राम बच्चन मेहता, पचू रजवार, मनोज सिंह, गणेश मेहता, सिद्धार्थ कुमार, रामरेखा मेहता, अनिल मेहता, सूर्यदेव यादव, बालेश्वर यादव, उमेश राम, कलामुद्दीन खान, खुर्शीद खान, झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष रामबचन बैठा सहित समर्थक शामिल थे।

### डालटनगंज से हैट्रिक लगानेवाले भाजपा विधायक की जुलूस निकाली गयी

# यह जीत क्षेत्रवासियों की जीत है : आलोक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र से लगातार तीसरी बार जीत दर्ज करनेवाले भाजपा प्रत्याशी आलोक चौरसिया का भव्य जुलूस गाजे बाजे के साथ पथरा स्थित आवास से निकाली गई। जो महुगावां, बांसडीह, शाहपुर, चैनपुर होते हुए मेदिनीनगर शहर के सदिक चौक, बेलवाटिका चौक, स्टेशन रोड होते हुए कचहरी चौक, छह मुहान, गीता भवन रोड होते, सत्तार सेठ चौक, कन्नी राम चौक, आढ़त रोड होते पंच मुहान समेत शहर के विभिन्न चौक चौराहों से होकर गुजरी। जुलूस में हजारों की संख्या में शामिल कार्यकर्ताओं ने बाजे के धुन पर नृत्य करते हुए नजर आये। वहीं जय श्री राम, भारत माता की जय, भाजपा जिंदाबाद, आलोक चौरसिया जिंदाबाद सरिखे नारे लगा रहे थे। विधायक आलोक चौरसिया रथ पर जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, वरिष्ठ नेता श्यामनारायण दूबे, मंगल सिंह, प्रभात भुइयां, श्रवण गुप्ता, विनोद उदयपुरी, शिव कुमार मिश्रा के साथ सवार थे। इंदर सिंह नामधारी के बाद डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र से आलोक चौरसिया पहला विधायक हैं जिन्होंने हैट्रिक लगाते हुए सभी को चौका दिया है।

### छतरपुर में जीत के खुशी मे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विजय जुलूस निकाला



छतरपुर। छतरपुर विधानसभा से और भाजपा और कांग्रेस के कड़ी टक्कर के बीच कांग्रेस के प्रत्याशी राधा कृष्ण किशोर उर्फ चुनु राम ने 736 वोटो से जीत दर्ज की उन्होंने निकटतम प्रत्याशी भाजपा के पुष्पा देवी को हराया। जीत के खुशी मे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विजय जुलूस निकाला छतरपुर के चौक चौराहे पर बम पटाखे छोड़े और राधा कृष्ण किशोर जिंदाबाद, गठबंधन जिंदाबाद, हेमंत सोरेन जिंदाबाद के नारे लगाते हुए जशन मनाया। राधा कृष्ण किशोर ने काउंटिंग मे पहले ही राउंड से ही बढ़त बनाए रखा और अन्त: विजय हुए। छतरपुर विधानसभा में परिवर्तन की लहर पहले से ही देखी जा रही थी और इस बार जनता ने राधा कृष्ण किशोर पर विश्वास जताते हुए उन्हें छठी बार विधानसभा भेजा। पूर्व में भी उन्होंने एक बार हार और एक बार जीतने का रिकॉर्ड रहा है छतरपुर विधानसभा से लगातार दो बार बिधायक किसी प्रत्यासी नहीं रहा है। यहां की जनता हर एक 5 साल बाद सत्ता परिवर्तन कर देते हैं। विजय जुलूस में कांग्रेस एवं महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने डीजे पर पूरी उत्साह के साथ जुलुस निकाल और एक दूसरे की बधाई दिया वही शेरो शायरी के साथ नुक्कड़ सभा भी किया और छतरपुर जनता को धन्यवाद व्यक्त किया। मौके पर गोपाल प्रसाद सिंह, मिथिलेश सिंह, सरताज खान, मुस्ताक आलम, धनंजय यादव, कुर्बान अंसारी, जाहिर अंसारी, बदरुद्दीन समेत समर्थक रहे। सभी ने एक दूसरे को मिठाई खिला कर जशन मनाते दिखे।

### महिला ने कीटनाशक खाकर की आत्महत्या

पाटन पलामू। प्रखंड अंतर्गत नावाडीह ग्राम निवासी अनीता देवी पति पंकज बैठा उम्र लगभग पैंतीस वर्ष ने कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनीता देवी बीते रात्रि अपने गोतिया में शादी समारोह में गयी थी। उसी शादी समारोह में मृतक अनीता देवी के पिता भी आये हुए थे। रात्रि 12 बजे मृतका अपने घर शादी समारोह से पहुंची थी। देर रात आने के बाद मृतका अनिता से कारण पुछा गया लेकिन मृतका ने कोई जबाब नहीं दिया जिसके बाद पिता ने बेटी से मोबाइल लुट लिया। जिसके बाद अनिता ने कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या कर लिया। परिजन शव को दाह संस्कार के लिए ले जा रहे थे तभी पुलिस वहां पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है।

### तीन दिन से लापता व्यक्ति का शव कुआं से बरामद

पाटन पलामू। पाटन थाना क्षेत्र के खाम्ही रजहरा गांव निवासी भूषण दुबे उम्र 35 वर्ष का शव पुलिस ने रविवार को घर के पास के एक कुआं से बरामद किया है। परिजनों ने बताया कि भूषण दुबे करीब 3 दिन से लापता थे। लापता होने के बाद परिजन उन्हें सभी जगह पर खोजबीन किए। परंतु उसका कुछ भी पता नहीं चल पा रहा था। रविवार की सुबह किसी व्यक्ति के माध्यम से पता चला कि भूषण का शव कुआं में पड़ा हुआ है। इसके बाद इस घटना की जानकारी पाटन थाना को दी गई। घटना की जानकारी मिलने पर पाटन थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर स्थानीय लोगों के सहयोग से शव को कुआं से बाहर निकलवा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

# हुसैनाबाद से संजय यादव तीसरी बार बने विधायक

हरिहर सिंह के बाद हुसैनाबाद से तीन बार विधायक बनने का सौभाग्य मात्र संजय कुमार सिंह यादव को मिला



**गौतम पटेल**

**हुसैनाबाद पलामू।** जिले का हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से महागठबंधन के राष्ट्रीय जनता दल के प्रत्याशी संजय कुमार सिंह यादव भारी मतों से विजयी हुए। वे अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भारतीय जनता पार्टी के कमलेश कुमार सिंह को 34 हजार 81 मतों से हराकर विधायक बनने में सफल रहे। संजय कुमार सिंह यादव हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधान सभा क्षेत्र से वर्ष 2024 में तीसरी बार निर्वाचित हुए। पहली बार वे वर्ष 2000 में, दूसरी बार वर्ष 2009 में विधायक बने। फिर वे 10 वर्षों की कड़ी संघषों के बल पर भारी मतों से वर्ष 2024 में वे विधायक बनने में सफल रहे। वर्ष 2005 के विधानसभा चुनाव में हुसैनाबाद से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता कमलेश कुमार सिंह विधायक चुने गए। 2014 के चुनाव में यहां से बहुजन समाज पार्टी के नेता कुशवाहा शिवपूजन मेहता विधायक चुने गए।

वर्ष 2019 के चुनाव में यहां से राष्वादी कांग्रेस पार्टी के कमलेश कुमार सिंह दुबारा विजयी हुए थे।

**कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर**

संजय कुमार सिंह यादव के हुसैनाबाद स्थित पुरंदर बीघा आवास पर राजद कार्यकर्ता व समर्थकों में खुशी की लहर देखी गई। एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर जीत की खुशी का इजहार किया। एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया। वहीं हुसैनाबाद शहर में राजद कार्यकर्ताओं व समर्थकों द्वारा विभिन चौक चौराहों पर आतिशबाजी करते देखे गए।

### इंडिया गठबंधन की प्रचंड जीत पर दीपू चौरसिया ने बाजार क्षेत्र में मिठाई बांटी

मेदिनीनगर। झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार हेमंत सोरेन कि सरकार की पूर्ण बहुमत मिलने पर बाजार क्षेत्र में व्यवसाय भाइयों के बीच झारखंड मुक्ति मोर्चा के व्यवसाय प्रकोष्ठ के पलामू जिला अध्यक्ष दीपू चौरसिया ने मिठाई का वितरण किया। झामूमो कार्यकर्ताओं ने बम पटाखे छोड़कर मिठाईयां खिलाकर खुशी मनाई। मौके पर श्री चौरसिया ने कहा कि हेमंत की जीत पूरे झारखंड की जनता की हर वर्ग की जनता की जीत है। हेमंत सोरेन की सरकार हर वर्ग हर समुदाय का सरकार है जो साबित भी कर दिया कि यहां कि जनता ना बंटने वाले है ना ही कटने वाले है। यहां की जनता बांटने और काटने वालों को कुर्सी से गिराने वाले हैं। दीपू चौरसिया ने कहा कि यहां की जनता ने बाहरी नेता को सिरे से नकार दिया और हेमंत और कल्पना सोरेन को प्रचण्ड बहुमत देकर अपना आशीर्वाद दिया।

# सनातन धर्म सभा ने निर्वाचित पांकी विधायक को किया सम्मानित

सनातन यात्रा प्रारंभ करने का किया आह्वान



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पितांबरपुर पलामू।** पांकी से भाजपा के निर्वाचित विधायक कुशवाहा शशि भूषण मेहता को तलवार भेंट कर सनातन धर्म सभा केंद्रीय समिति ने रविवार को सम्मानित किया। विधायक आवास में मेहता को सम्मानित करने के उपरांत सनातन धर्म सभा केंद्रीय समिति ने विधायक से हिंदू सनातन यात्रा आरंभ करने का भी आह्वान किया। साथ ही बधाई देते हुए केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी ने कहा कि हिंदू सनातन एकता के लिए विधायक डॉक्टर कुशवाहा शशि भूषण मेहता का योगदान काफी महत्वपूर्ण रहा है। यही कारण भी है कि प्रत्येक सनातनी बहन बेटियों की सुरक्षा की गारंटी के लिए दूसरी बार विजयश्री का माला पहनाया है।

यह अपेक्षा करते हैं कि अगले 5 साल के कार्यकाल में उनके स्तर से प्रत्येक सनातनियों की रक्षा के लिए संकल्प दोहराया जाएगा। मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, महासचिव विजय ठाकुर, सनातन धर्म सभा केंद्रीय समिति के उपाध्यक्ष रामप्रकाश तिवारी, संरक्षक मुनेंद्र नाथ दुबे, बलकेश पासवान, राम निहोरा गिरी, प्रसिद्ध नारायण तिवारी आदि उपस्थित थे।

# स्वस्थ रहने के लिए वृक्षों की संख्या भी बढ़ना चाहिये : ट्री मैन डॉ कौशल

पर्यावरणविद ने बच्चे के जन्म उत्सव व शादी के मौके पर वर-वधु को पौधा देकर उनके सफल वैवाहिक जीवन की दी शुभकामनाएं



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**उटारी रोड पलामू।** पलामू जिले के उंटारी के लुंबा सतबहिनी निवासी सेवानिवृत्त सब इंस्पेक्टर महेंद्र नाथ शर्मा के पोता व चंद्रशेखर शर्मा के पुत्र के जन्मोत्सव पर और छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में बिश्रामपुर रोड में एक शादी समारोह में शामिल होकर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व बनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद, ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने पौधरोपण कर नवजात व वर वधु को उनके स्वस्थ व सुखद वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दी। अंबिकापुर (केदारपुर) के प्रमोद सिंह व उनकी धर्मपत्नी निर्मल सिंह के पुत्र कुणाल सिंह और भटगांव के विनोद सिंह व उनकी धर्मपत्नी मीना सिंह की पुत्री की शादी में उपस्थित होकर बर बधु को आशीर्वाद स्वरूप हिमाचल के कपूर व थाईलैंडप्रजाति के आम का पौधा देकर उन्हें चिरंजीवी होने की मंगल कामना की। डॉ कौशल ने उंटारी रोड के लुम्बा सतबहिनी के सेवानिवृत्त सब इंस्पेक्टर महेन्द्रनाथ वरिष्ठ शर्मा के पोता व चंद्रशेखर शर्मा के पुत्र के जन्म उत्सव पर पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधा रोपण कर उपस्थित लोगों को पर्यावरण धर्म की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से वे भगवान शिव के समान वृक्ष और ऑक्सीजन के सिलेंडर के समान पौधा लगाया हूं। इससे बच्चे और बच्चे के पूरे परिवार को हृदय से शुभकामना देता हूं। मौके पर मनोज सिंह, मीना राजपूत, लक्ष्मीकांत सिंह, सचिन सिंह, संजय सिंह ( गुडू सिंह) बॉबी सिंह उपस्थित थे। वहीं लुम्बा सतबहिनी में वरिष्ठ पत्रकार नागेन्द्र शर्मा, अश्विनी शर्मा, मुरलीधर शर्मा, मोतीलाल शर्मा, कमता शर्मा, सूबेदार समता शर्मा, ललन राय, रणधीर राज, राहुल शर्मा सहित कई सदस्य शामिल थे।

# इंडि गठबंधन की बम्पर जीत पर कार्यकर्ताओं ने विजय जुलुस निकाली, मिठाइयां खिलाकर दी बधाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** आज इंडिया गठबंधन के बंपर विजय पर इंडिया गठबंधन के सभी कार्यकताओं ने गोड्डा जिला मुख्यालय के कारगिल चौक पर विजय जुलूस ,प्रदर्शन गोड्डा जिला झारखंड मुक्ति मोर्चा समिति के अध्यक्ष बासुदेव सोरेन के अगुवाई में किया गया। सभी कार्यकताओं ने विजय प्रदर्शन में पटाखे फोड़कर,एक दूसरे को मिठाई खिलाकर और रंग गुलाल लगाकर किया। सैकड़ों उपस्थित कार्यकताओं ने हेमंत सोरेन जिंदाबाद,कल्पना सोरेन जिंदाबाद,वीर शिबू जिंदाबाद,लालू राबड़ी जिंदाबाद,राहुल सोनिया जिंदाबाद के नारे लगाकर खुशी का इजहार किया।

वहीं झामुमो जिला प्रवक्ता सह केंद्रीय समिति सदस्य राजेश मंडल ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा राज्य अलग के बाद किसी एक गठबंधन ने पहली बार बंपर विजय हासिल कर भाजपाइयों का हर नाकाम कोशिश को विफल कर दिया। एक और इतिहास देश



आजादी के 77 साल में पहली बार ,गोड्डा जिला ने लिखा है कि जिले का मुख्य तीनों विधान सभा महगामा,गोड्डा और पोड़ैयाहाट के साथ साथ आंशिक दो विधान सभा बरहेट एवं बोरियो में भी किसी एक गठबंधन दल को बहुमत देकर एक नया इतिहास रचा है। हेमंत सोरेन ने जनता का अविश्वसनीय बहुमत हासिल कर बीजेपी के बांग्लादेशी घुसपैठ श बेटी रोटी माटी का झूठा हिमायती होने के ढोंग को विफल कर दिया है। विजय प्रदर्शन में मुख्य रूप से जिला झामुमो अध्यक्ष बासुदेव सोरेन, केंद्रीय समिति सदस्य सह प्रवक्ता राजेश मंडल,जिला झामुमो उपाध्यक्ष घनश्याम यादव,जिला संगठन सचिव गुड्डू राउत,नगर अध्यक्ष अजय कुमार,विकास हजारी, फिरदौस आलम,सुमन कुमार मंडल ,श्यामल रामदास,राजकुमार दास,राजद के धनंजय महतो,कांग्रेस के अमरेंद्र कुमार अमर,आशीष कुमार,सरबन मंडल, यूसुफ अंसारी के साथ साथ सैकड़ों कढ्डक्रअ गठबंधन के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## साहिबगंज के तीनों विधानसभा में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने फहराया जीत का परचम

# मईंया सम्मान योजना का लाभ लेने वाली मां -बहनों ने खुलकर दिया हेमन्त व कल्पना को सम्मान









**खबर मन्त्र संवाददाता**

**साहिबगंज।** जिला में पड़ने वाले तीनों विधानसभा में झारखंड मुक्ति मोर्चा के भारी जीत हुई है। राजमहल 01- राजमहल विधानसभा चुनाव 2024 में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने एम टी राजा को प्रत्याशी बनाया था और झारखंड मुक्ति मोर्चा के स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन एवं हेमन्त सोरेन ने भी एम टी राजा के लिए जनता जनार्दन से वोट मांगे थे और राजमहल विधानसभा के वोटरों ने जात -पात को परे कर हिन्दू, मुस्लिम,सिख, ईसाई ने भरपूर वोट देकर झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी के उम्मीदवार एम टी राजा को भारी मतों से विजय ही नहीं बल्कि ये बता दिया कि हमें विकास चाहिए जात -पात नहीं।

वहीं 01-राजमहल से भाजपा के दो बार जीत हासिल करने वाले विधायक अनंत ओझा को फिर तीसरे बार भी टिकट दिया पर दुर्भाग्य ये रहा कि जनता ने तीसरे बार उन्हें ये बता दिया कि राजमहल विधानसभा में सिर्फ काम करने वाले जनप्रतिनिधि का ही पूजा किया जाता है, बीना काम करने वाले की पूछ नहीं होती। उन्हें जनता के नकारने के दुसरा कारण राजमहल के जनता ने पिछले पांच वर्षों से अच्छी सड़क की मांग कर रही थी जिसे विधायक महोदय के द्वारा नहीं किया गया जिसे लेकर विधानसभा क्षेत्र के वोटरों में आज पूर्व विधायक अनंत ओझा के प्रति आक्रोश थी जिसका उत्तर विधानसभा चुनाव में दिया ।जानकारी हो कि अनंत ओझा 2014 एवं 2019 के विधानसभा चुनाव में एम टी राजा को हरा चुके हैं लेकिन जनता ने उन्हें दो बार जीत का ताज पहनाया पर दोनों बार जनता की उम्मीदों में अनंत ओझा पानी फेर दिया।

जिसका नतीजा यह हुआ कि 2024 के विधानसभा चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा।इस बार एम टी राजा को कुल 1,40,176 वोट मिले जबकि अनंत ओझा को 96744 वोट मात्र मिला।इस तरह राजमहल विधानसभा क्षेत्र के जनता ने एम टी राजा को इतना आशीर्वाद दिया कि एम टी राजा ने 43432 वोट से अनंत ओझा को हराकर ये बता दिया कि राजमहल का असली राजा ₹एम टी राजा' ही है। यहां कि लड़ाई कि मैदान में एक किरदार का बहुत महत्वपूर्ण रौल रहा है, और वो अदाकार का नाम है सूनील यादव ' सूनील यादव विधानसभा चुनाव 2024 में एक निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन किया और पूर्व विधायक के गढ़ माने जाने वाले साहिबगंज देहात एव शहरी क्षेत्र में हर एक एक घर से उन्हें सम्मान पूर्वक वोट दिया और पूर्व विधायक के किला को ध्वस्त करने में कामयाव रहा ' वहीं 02-बोरियो से लगातार झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ, बागी विधायक लोबिन हेम्ब्रम जो इस बार झा० मु ०मो ०को छोड़कर भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा है और लोबीन हेम्ब्रम को भारतीय जनता पार्टी ने बड़ी विश्वास के साथ विधानसभा चुनाव 2024 में टिकट दिया था पर बोरियो विधानसभा क्षेत्र के जनता ने बता दिया कि अब झारखंड में झारखण्डी को मुर्ख नहीं बना सकते हैं,अब झारखंड के लोगों को विकास चाहिए लोलीपॉप नहीं। बोरियो विधानसभा में भी लोबिन हेम्ब्रम भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक को भी वोट मांगने के लिए उतारे पर यहां भी मईया सम्मान योजना वाली फेक्टर कामयाब रहा,और बोरियो विधानसभा के दिग्गज एवं पूर्व झा० मु० मो० के स्तंभ कहे जाने वाले वरिष्ठ नेता लोबिन हेम्ब्रम (जो अभी भाजपा का प्रत्याशी हैं)को धनंजय सोरेन ( झा ०मु ०मो० के प्रत्याशी हैं)एक कम उम्र, राजनीति में कम अनुभवी वनिस्पत लोबिन हेम्ब्रम, को जनता स्वीकार कर अपना प्यार और आशीर्वाद देकर भारी मतों से जीताकर भाजपा के प्रत्याशी लोबिन हेम्ब्रम को जबाब दिया है। वहीं 03-बरहेट विधानसभा क्षेत्र जो झारखंड के हॉट सीट है,इस सीट पर सिर्फ नजर झारखंड के जनता का ही नहीं पूरे भारतवासी का नजर रहती है क्योंकि इस सीट पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन लड़ते हैं। विधानसभा चुनाव 2024 में इस बार हेमन्त सोरेन की लड़ाई फुटबॉलर गमेलियन हेम्ब्रम से हुआ पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बता दिया कि फुटबॉलर सिर्फ मैदान में फुटबॉल के खेल में ही जीत हासिल कर सकता है राजनीति के मैदान में नहीं। गमालियन बरहेट विधानसभा क्षेत्र के पेटखासा( बरहेट) का रहने वाला है और युवा के दिल में अपना एक छवि बनाया हुआ है पर राजनीति के मामले में बहुत कम अनुभवी हैं, उन्होंने इस बार सिर्फ एक समाज को ही लेकर चला ,भूल गया था कि बरहेट विधानसभा क्षेत्र में और भी जाति और समाज के लोग रहते हैं। हालांकि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन को इस क्षेत्र के लोग मसीहा मानते हैं और जब से मईया सम्मान योजना शुरू हुई है तबसे यहां ही नहीं पूरे झारखंड की माता -बहनो के दिल में जगह बना लिया है।आने वाले दिनों में भी अगर महिलाओं को सम्मान मिलेगी तो हेमन्त सरकार मिल का घोड़ा साबित होंगे।बरहेट विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को कुल 95612 वोट मिले वहीं भारतीय जनता पार्टी के गमालियन हेम्ब्रम को कुल 55821 वोट मिले।इस तरह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गमालियन हेम्ब्रम को कुल 39791 वोट से हराकर बरहेट विधानसभा से जीत हासिल किया। इस बार साहिबगंज जिला के तीनों विधानसभा में परिवर्तन की लहर चली और इस लहर की गाल में भारतीय जनता पार्टी के दो दिग्गज और वरिष्ठ नेता लोबिन हेम्ब्रम एवं अनंत ओझा समा गये । झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकताओं में जीत की बहुत खुशी है और इस बार के अपार जीत दिलाने के लिए नव विधायक जनता को बधाई दे रहा है।

## योगेंद्र महतो की प्रचंड जीत पर समर्थकों ने निकाला विजय जुलूस



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो /गोमिया।** गोमिया विधानसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) प्रत्याशी योगेंद्र प्रसाद महतो की 35,522 वोटों से शानदार जीत के बाद समर्थकों और कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ गई. शनिवार शाम को मतगणना परिणाम आने के बाद सैकड़ों महिला-पुरुष कार्यकताओं और समर्थकों ने गोमिया मोड में गाजे-बाजे के साथ विजय जुलूस निकाला। जश्न के माहौल में समर्थकों ने आतिशबाजी की और अबीर-गुलाल लगाकर एक-दूसरे को बधाई दी. नाचते-गाते हुए विजय जुलूस ने गोमिया मोड से शुरू होकर पुराना सिनेमा हॉल, कोठीटांड, स्वांग वन/बी आदि क्षेत्रों में भ्रमण किया।

**सुरक्षा के कड़े इंतजाम :** विजय जुलूस के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर गोमिया थाना प्रभारी नित्यानंद भोक्ता समेत कई पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे, जिससे पूरे कार्यक्रम को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जा सका।

**उत्साह से भरी भीड़ में शामिल प्रमुख लोग :** इस मौके पर कई प्रमुख लोग मौजूद रहे, जिनमें मुखिया शांति देवी, मुखिया बंटी उरांव, झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष अमित पासवान, पूर्व मुखिया रहमतुन निशा, पंसस जनकदेव यादव, कोपेश्वर यादव, नरेश मंडल, घनश्याम महतो, मोहम्मद असलम, राजू शाही, गणेश यादव, बाबूलाल बेसरा, बद्री पासवान, श्रवण दास, रिंकू स्वर्णकार, राजेश भारती, राजेश जायसवाल, वार्ड सदस्य प्रकाश गन्झू, विशाल स्वर्णकार, पूर्व उपमुखिया चंदन पासवान, उमेश यादव, भोला यादव, नरेश प्रजापति, अमित सिन्हा, अनिल सोनी, महानंद कुमार, नवीन सोनी, रंजीत रविदास, मंजूर आलम, नसीम अंसारी, मोहम्मद गौहर, विनोद यादव, संतोष पासवान, धीरेंद्र यादव, गजेंद्र ठाकुर, नरेश साव, अनिल कसेरा, बाबू जायसवाल, रेखा देवी, ललिता देवी, वार्ड सदस्य यासमीन परवीन, बिंदी देवी, संतरी देवी, शकुंतला देवी आदि शामिल थे। योगेंद्र महतो की जीत ने झामुमो समर्थकों में नई ऊर्जा का संचार किया है और इस विजय जुलूस ने पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना दिया।

## गोमिया विधानसभा के सबसे बड़े आंदोलनकारी नेता को चुनाव में जनता ने नकारा

**बेरमो।** झारखंड आंदोलनकारी तथा भाकपा राजद जन अभियान के संयोजक इफ्तेखार महमूद का पिछला राजनीतिक इतिहास आंदोलनकारी और उपलब्धियो भरा रहा है। चाहे वह तेनुघाट थर्मल पावर प्लांट के विस्थापितो, किसानों तथा दैनिक मजदूरों का ही क्यो ना हो। वे लगातार उनकी लड़ाइयों मे सक्रिय रहने वाले नेता माने जाते हैं। श्री महमूद की जनहित में किये गये कार्यों की क्षेत्र में खुब चर्चा भी होती है। मिली जानकारी के अनुसार श्री महमूद के आंदोलन के ही कारण ग्राम जाला, कोदवाटांड तथा लालपनिया के 400 एकड़ गैरमजूरूआ जमीन का विस्थापितों के नाम राजस्व विभाग को बंदोबस्त करना पड़ा था।

# उपराजधानी दुमका में धूमधाम से मना खीस्त राजा का पर्व

## खीस्त राजा पर्व को लेकर शहर में निकाली गई शोभा यात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** संत पॉल महागिरजाघर, दुधानी में खीस्त राजा का पर्व रविवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सेक्रेड हर्ट चर्च एवं दुधानी चर्च में प्रार्थना के बाद शोभा यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर सर्वप्रथम मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया। इसके बाद विशप जुलियस मरांडी की अगुवाई में प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ। फादर पियूष मरांडी ने प्रार्थना सभा का अयोजन किया। इस पूजा-अर्चना में विशप हाउस के फादर पूजा-अर्चना में शामिल हुए। प्रार्थना सभा में विश्व शांति, देश की शांति एवं समृद्धि के लिए विशेष रुप से प्रार्थना हुई। इस अवसर पर अपने संदेश में फादर खीस्त स्वर्ग एवं पृथ्वी के राजा है। वे राजाओं के राजा है। जो अच्छे काम करते है। दूसरों की भलाई करते है। वे ईश्वर के प्रजा है। ईश्वर उनके पास हमेशा रहते है। उनकी प्रार्थना हमेशा सुननी चाहिए। इस अवसर पर धार्मिक जुलूस एवं शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभा यात्रा दुधानी चर्च से शुरू होकर संत तेरेसा स्कूल, केवटपाड़ा, सरुवा गांव, होली चाईल्ड स्कूल होते हुए वापस महागिरजाघर में लौटी।



शोभा यात्रा निकालते ईसाई धर्मावलंबी एवं प्रार्थना सभा में शामिल ईसाई समुदाय के धर्मावलंबी

शोभा यात्रा में संत तेरेसा विद्यालय के सिस्टर, छात्राएं, संत मेरी स्कूल की छात्राएं, होली चाइल्ड स्कूल की सिस्टर एवं छात्राएं, मदर तेरेसा आश्रम की सिस्टर, दुधानी हरिपुर, कुरुवा, सरुवा हथियापाथर, फसियाडंगाल एवं आस-पास के करीब 4 हजार से अधिक धर्मावलंबियों ने भाग लिया। गीत-संगीत एवं गाजे-बाजे के साथ यीशू खिस्ट के जयघोष लगाए गए। इस मौके पर संत तेरेसा विद्यालय एवं होली चाईल्ड स्कूल के बच्चों ने पुष्प प्रार्थना करते हुए खीस्ट राजा की आरती की।

## एक नजर में

### मयूराक्षी कॉलेज में साम्प्रदायिक सद्भाव के प्रति चलाया गया जागरूकता अभियान

**रानेश्वर।** मयूराक्षी ग्रामीण कॉलेज के एनएसएस एवं एनसीसी इकाई ने सदभावना सप्ताह कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान चलाया। अभियान में एनएसएस इकाई 1,3,4,5 एवं एनसीसी के सयुक्त रूप से चलाया। अभियान 19-25 नवंबर तक चलेगी। अभियान चला एनएसएस वोलेंटियर्स एवं एनसीसी कैडेट्स के ने स्टिकर लगाकर साम्प्रदायिक सदभाव के प्रति जागरूकता अभियान को प्रेरित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रूपम कुमारी ने बताया कि एनएसएस इकाई 1 कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ अवर्णा राय, इकाई-3 कार्यक्रम पदाधिकारी सह दुमका नोडल पदाधिकारी डॉ रूपम कुमारी, इकाई-4 कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ प्रशांत पातर, इकाई-5 कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो आशीष कुमार मंडल एवं एएनओ लेफ्टिनेंट प्रो अशोक कुमार राय, प्रो नन्द दुलाल मांझी ने छात्र-छात्राओ को एकता एवं सदभाव का स्टिकर लेने के लिए प्रेरित किया। मौके पर श्रेया घोष, वृस्टि गोराई, अमृत दत्ता, छोटन मंडल, गुलाब मोहली, सूरज,राज दास, मनोतोष मंडल, केशव, बिशाल, संजीत, नाजिया खातून, नफीषा, तान्या, सप्तमी, सुष्मिता दास आदि मौजूद थे।

### शिक्षक व छात्र दो दिवसीय सेमिनार में पटना विश्वविद्यालय में लेंगे भाग

**दुमका।** संताल परगना कॉलेज के मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष सह मानसिक स्वास्थ्य परामर्श केन्द्र के निदेशक डॉ विनोद कुमार शर्मा पटना में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में भाग लेंगे। सेमिनार पटना विश्वविद्यालय के महिला मगध कॉलेज, पटना में 25 नवंबर से आयोजित होगा। सेमिनार मनोविज्ञान विभाग एवं नेशनल एकेडमी ऑफ साइकोलॉजी, इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित है। सेमिनार का विषय ह्लहेल्थ एंड वेल बिंगः चैलेंजेज एंड सॉल्यूशन इन चेंजिंग वर्ल्ड, है। डॉ शर्मा इस सेमिनार में टेक्निकल सत्र में रिसोर्स पर्सन के तहत चेयरपर्सन के रूप में हिस्सा लेंगे। इस सेमिनार में सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर मनोविज्ञान के छात्र भी भाग ले रहे है। उनका भी पेपर प्रेजेंटेशन के लिए स्वीकृत हुआ है।

### झामुमो प्रत्याशी डॉ लुईस की जीत पर गठबंधन कार्यकर्ताओं ने निकाला विजय जुलूस

**जामा।** जामा विधानसभा सीट पर झामुमो प्रत्याशी डॉ लुईस मरांडी की जीत पर रविवार को महागठबंधन कार्यकताओं ने जामा चौक पर एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर जीत का जश्न मनाया। इस अवसर पर डीजे की धुन पर विजय जुलूस निकाला गया। इस मौके पर कार्यकताओं ने जमकर आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया। विजय जुलूस जामा चौक से शुरू हो कर जामा हटिया होते हुए सुगनी बाद पहुंचा और वापस जामा चौक आकर जामा बाजार, पेट्रोल पंप आदि जगहों पर पहुंचा। विजय जुलूस में कार्यकताओं ने जमकर एक दूसरे को गुलाल लगाया और आतिशबाजी की। कार्यकताओं में काफी उत्साह दिखाई दिया। इस दौरान कार्यकताओं ने हेमंत सोरेन जिंदाबाद, लुईस मरांडी जिंदाबाद के नारे लगाये। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष कालेश्वर सोरेन, सचिव सत्तार खान, युवा नेता बाबुल यादव, गौतम दर्वे, दिलीप दत्ता, जेपी यादव, किशोर यादव , बुलेश यादव, प्रदीप कुमार दर्वे, हरगोविन्द मांझी, निर्मल किस्कू, सुरेश सोरेन, प्रमोद पंडित आदि महागठबंधन दल के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### लंबे अरसे बाद जरमुंडी में भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुंवर की जीत

**नोनीहाट।** जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी देवेंद्र कुंवर की जीत पर भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि जयप्रकाश मंडल की अगुवाई में जरमुंडी प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में रविवार को विजय जुलूस निकाली गई। इस मौके पर जरमुंडी प्रखंड के बदरामपुर, कटिम्बा, पेटसार, बेगन्थरा व अन्य स्थानों में जयप्रकाश मंडल के नेतृत्व में ग्रामीणों ने जमकर जश्न मनाया। इस दौरान ग्रामीणों ने अबीर- गुलाल लगाकर एवं मिठाईयां खिलाकर एक दूसरे को बधाई दी। इस मौके पर मुख्य रूप से कृष्णकांत तिवारी, रमाकांत शर्मा,प्रमोद कुमार यादव, सोहन मरीक, कृष्ण कांत तिवारी, रितेश कुमार,कागजी कुंवर, सिकंदर राउत, दिनेश मंडल, अजय लायक, शितल मांझी, रमाकांत शर्मा, जयनाथ लायक, प्रकाश कुमार मांझी, कृष्णदेव यादव, हरिप्रसाद यादव, एमल कुंवर, पवन लायक,पलटन हांसदा सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता, कार्यकर्ता एवं स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

### भाजपा कला सांस्कृतिक मंच ने जदयू प्रत्याशी सरयू राय के जीत पर जाहिर की खुशी

**दुमका।** भाजपा कला सांस्कृतिक मंच की बैठक बंगाली क्लोनी कार्यालय में रविवार को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष आरती प्रसाद एवं पपाई चक्रवर्ती ने की। बैठक में जदयू के जमशेदपुर पश्चिमी से नवनिर्वाचित विधायक सरयू राय के जीत पर खुशी जाहिर की गई। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने की बात कही गई। उन्होंने कार्यकर्त्ता को हमेशा तत्पर एवं तैयार रहने को कहा। इस अवसर पर लोकगायिक दिवंगत शारदा सिन्हा एवं हास्य कलाकार मनोज मित्रा के निधन पर नमन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लोकगायिक शारदा सिन्हा के निधन से एक युग का अंत हो गया। बैठक में कुमारी शिल्पा नामता, सिमा नामता, सीमा जायसवाल, कुमारी डिंपल जायसवाल, समर्पिता सिंह, रूपा सिंह, रूमा बनर्जी, शिखा दुबे, पुष्पलता बालाभूमि, रूबीनी भूमि, कुमारी ज्योति दास, सुमन कुमार पाठक, बिनोद कुमार सिंह, साधना चक्रवर्ती, कृष्णा सरकार, अमरेश बनर्जी आदि मौजूद थे।

### बननेवाली नयी सरकार जनाकांक्षाओं की पूर्ति में खरा उतरेगी : काशीनाथ

**बेरमो।** हेमंत सोरेन के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन ने शानदार जीत हासिल कर दो तिहाई बहुमत से सरकार बनाने जा रहा है। उन्होंने हेमंत सोरेन और उनके नेतृत्व में जीत हासिल करनेवाले सभी विधायकों को बधाई देते हुए उम्मीद जाहिर किया है कि झारखंड की नई सरकार जनाकांक्षाओं की पूर्ति के लिए समर्पित होगी। उन्होंने कहा कि मईया सम्मान योजना के तहत सिर्फ एक हजार और ढाई हजार से अब सरकार आगे बढ़ेंगी और रोजगार के नए अवसर पैदाकर पलायन रोकने की दिशा में कारगर कदम उठाएगी। झारखंड में लघु उधोगों का जाल बिछाने और खेती के आधुनिक विकास के लिए सिंचाई की व्यवस्था करने से रोजगार के साधन विकसित होंगें। नई सरकार इस दिशा में जरूर कदम उठाएगी।

### नगर के सभी कार्यकर्ताओं ने अभिनन्दन समारोह का किया कार्यक्रम

**बरहरवा।** प्रखंड के नगर पंचायत क्षेत्र में राजमहल रोड स्थित बरकत खान के निजी कार्यालय में पाकुड़ विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी निसात आलम के जीत को लेकर नगर के सभी कार्यकताओं ने मिलकर कांग्रेस जिला अध्यक्ष बरकत खान अभिनंदन समारोह का कार्यक्रम रखा कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड महासचिव निताय सरकार ने किया। कार्यक्रम का उद्देश्य पाकुड़ विधानसभा में जीत को लेकर कार्यकताओं के बीच आपसी बधाई तथा विधानसभा चुनाव में निरंतर मेहनत एवं सफल प्रयास को लेकर था। कार्यक्रम में सभी कार्यकताओं ने मिलकर जिला अध्यक्ष बरकत खान को पाकुड़ विधानसभा में अपने प्रत्याशी निसात आलम की जीत पर बहुत-बहुत बधाई दी एवं एक दूसरे को मिठाई खिलाकर एवं पटाखे फोड़ कर एक दूसरे का अभिवादन किया।

खबर मन्त्र

अभिव्यक्ति


epaper.khabarmantra.net

रांची. सोमवार. 25 नवंबर 2024


# विचाराधीन कैदियों की रिहाई

भारतीय जेलों में क्षमता से अधिक कैदियों को रखा जा रहा है। इन कैदियों में 75 प्रतिशत उन कैदियों का है जो विचाराधीन हैं। ऐसे में केंद्रीय गृह मंत्री की वह घोषणा उम्मीद जगाती है जिसमें कहा गया है कि 26 नवंबर को संविधान दिवस तक अपनी अधिकतम सजा की एक तिहाई अवधि काट चुके कैदियों के लिये न्याय सुनिश्चित करने को लेकर सरकार प्रतिबद्ध है। विडंबना यह है कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 479 जैसे हालिया विधायी सुधारों के बावजूद प्रणालीगत विसंगतियां बनी हुई हैं। विचाराधीन कैदियों की रिहाई में तेजी लाने के सुप्रीम कोर्ट के रुख ने एक जटिल समस्या के निराकरण की जरूरत को बताया है। दरअसल, नौकरशाही की सुस्त कार्यप्रणाली के चलते जेल में बंद विचाराधीन कैदियों की रिहाई में देरी होती रही है। यही वजह है कि गरीब कैदियों के लिये वित्तीय सहायता के प्रावधान जैसी सहायक योजनाओं के बावजूद क्रियान्वयन असंगत बना हुआ है। जिसके चलते बड़ी संख्या में विचाराधीन कैदी जेलों में बंद हैं। दरअसल, समस्या की जड़ आपराधिक न्याय प्रणाली में निहित रही है। जो सुधारात्मक और पुनर्वास की प्राथमिकताओं वाले न्याय की बजाय दंडात्मक उपायों को प्राथमिकता देती है। वहीं जमानत की शर्तों को उदार बनाने में न्यायिक हिचकिचाहट, पात्र कैदियों की पहचान करने में प्रणालीगत देरी के चलते इस मुद्दे को जटिलता में उलझा देती है। वहीं दूसरी ओर कानूनी सेवा प्राधिकरणों के बजाय जिला कलेक्टरों पर इस योजना की निर्भरता ने इस प्राथमिकता को गौण बना दिया है। न्याय सुनिश्चित करने के लिये हमें समीक्षा समितियों के माध्यम से पहचान और रिहाई की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना होगा, वहीं सामाजिक कार्यकताओं को भी इस पहल में शामिल करना आवश्यक है।

## कार्टून वर्ल्ड



## आज का राशिफल

मेष : कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानी पहुंचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-5-6-8

वृष : यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-7-8

मिथुन : शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-2-6-9

कर्क : मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-6-7-9

सिंह : कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का परिणाम मिल जाएगा। शुभांक-4-6-7

कन्या : अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-4-6-8

तुला : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-5-7

वृश्चिक : अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। शुभांक-5-6-8

धनु : धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। समय पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-2-6-8

मकर : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-5-6-9

कुंभ : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-8-9

मीन : भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-3-5-6

# युवा भारतीय महिलाओं की उभरती आकांक्षाएं



**पिछले** एक दशक में युवा भारतीय महिलाओं की आकांक्षाओं में एक परिवर्तनकारी बदलाव देखा गया है, जो उनकी बढ़ती स्वायत्तता, शिक्षा और कार्यबल में भागीदारी को दर्शाता है। यह विकास भारत के सामाजिक परिदृश्य को महत्त्वपूर्ण रूप से पुनर्परिभाषित कर रहा है। उच्च शिक्षा और कौशल विकास में लड़कियों की अब लड़कों के बराबर शैक्षिक उपलब्धि है, जिसमें 50% से अधिक युवा महिलाएँ कक्षा 12 पूरी कर रही हैं और 26% कॉलेज की डिग्री प्राप्त कर रही हैं। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण (2017-18) उच्च शिक्षा में महिलाओं के बढ़ते नामांकन पर प्रकाश डालता है, जिसमें महिला सकल नामांकन अनुपात 27.3% तक पहुँच गया है। युवा महिलाएँ विभिन्न कैरियर पथों और डिजिटल कौशल प्लेटफॉर्म तक पहुँच से प्रभावित होकर पेशेवर महत्त्वाकांक्षाओं को तेजी से प्राथमिकता दे रही हैं। स्किल इंडिया मिशन और स्टेम फॉर गर्ल्स इंडिया जैसे कार्यक्रमों ने तकनीकी क्षेत्रों में युवा महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा दिया है।

विवाह की औसत आयु 2005 में 18.3 वर्ष से बढ़कर 2021 में 22 वर्ष हो गई है, जिसमें अधिक युवा महिलाएँ अनुकूलता के आधार पर साथी चुनती हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार 52% महिलाओं ने साथी चयन में अपनी बात रखी, जो 2012 में 42% थी। कई युवा महिलाएँ आर्थिक स्वतंत्रता के लिए प्रयास कर रही हैं, विशेष रूप से उद्यमिता के माध्यम से, क्योंकि सरकार महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप के लिए समर्थन दे रही है। उदाहरण के लिए: नीति आयोग द्वारा महिला उद्यमिता मंच ने 10, 000 से अधिक महिला उद्यमियों के नेटवर्क को बढ़ावा दिया है। युवा महिलाएँ स्वयं सहायता समूहों और स्थानीय शासन में बढ़ती भागीदारी के साथ राजनीतिक रूप से अधिक सक्रिय हैं। ग्रामीण महिलाओं के बीच स्वयं सहायता समूह सदस्यता 2012 में 10% से बढ़कर 2022 में 18% हो गई। ये आकांक्षाएँ पारंपरिक सामाजिक संरचनाओं और मानदंडों को चुनौती दे रही हैं। जैसे-जैसे अधिक महिलाएँ करियर बना रही हैं, घरों में पारंपरिक लैंगिक अपेक्षाएँ बदल रही हैं।

मनरेगा पुरुषों और महिलाओं के लिए समान वेतन प्रदान करता है, जो ग्रामीण घरेलू गतिशीलता को प्रभावित करता है। अधिक शिक्षा और आय के साथ, युवा महिलाओं का अब परिवार के वित्तीय और सामाजिक निर्णयों में अधिक प्रभाव है। स्वयं सहायता समूहों ने ग्रामीण महिलाओं को सामूहिक रूप से घरेलू वित्त का प्रबंधन करने के लिए सशक्त बनाया है। बाद में विवाह करने और साथी चुनने में सक्रिय भागीदारी की ओर बदलाव ने अरेंज मैरिज की पारंपरिक संरचना को चुनौती दी है। बाल विवाह में कमी और बाद में विवाह करने को प्राथमिकता देने की रिपोर्ट करता है। बढ़ती स्वतंत्रता ने सामाजिक प्रतिबंधों को चुनौती देते हुए शिक्षा या काम के लिए महिलाओं की अकेले यात्रा को सामान्य बना दिया है। 2012 में 42% की तुलना में अब 54% महिलाएँ बस या ट्रेन से अकेले यात्रा करने में सहज महसूस करती हैं। युवा महिलाएँ पेशेवर सेटिंग्स में लैंगिक समानता के बारे में तेजी से मुखर हो रही हैं, कानूनी और सामाजिक सुधारों को बढ़ावा दे रही हैं। पोष अधिनियम (कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम), 2013 ने महिलाओं को कार्यस्थल के मुद्दों को प्रभावी ढंग से सम्बोधित करने के लिए सशक्त बनाया है। स्वयं सहायता समूह और ग्राम सभाओं में युवा महिलाएँ शासन में महिलाओं की भूमिका पर पारंपरिक विचारों को चुनौती दे रही हैं। केरल कुदुम्बश्री मिशन महिला-नेतृत्व वाले शासन को बढ़ावा देता है, जिसने राज्यों में इसी तरह के मॉडल को प्रेरित किया है। भारतीय महिलाएँ ऊर्जा से लबरेज, दूरदर्शिता, जीवन्त उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ सभी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हैं। गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के शब्दों में, हमारे लिए महिलाएँ न केवल घर की रोशनी हैं, बल्कि इस रौशनी की लौ भी हैं। अनादि काल से ही महिलाएँ मानवता की प्रेरणा का स्रोत रही हैं। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई से लेकर भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले तक, महिलाओं ने बड़े पैमाने पर समाज में बदलाव के बडे. उदाहरण स्थापित किए हैं।



\- प्रियंका

> विवाह की औसत आयु 2005 में 18.3 वर्ष से बढ़कर 2021 में 22 वर्ष हो गई है, जिसमें अधिक युवा महिलाएँ अनुकूलता के आधार पर साथी चुनती हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार 52 प्रतिशत महिलाओं ने साथी चयन में अपनी बात रखी, जो 2012 में 42 प्रतिशत थी। कई युवा महिलाएँ आर्थिक स्वतंत्रता के लिए प्रयास कर रही हैं, विशेष रूप से उद्यमिता के माध्यम से, क्योंकि सरकार महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप के लिए समर्थन दे रही है।

2030 तक पृथ्वी को मानवता के लिए स्वर्ग समान जगह बनाने के लिए भारत सतत विकास लक्ष्यों की ओर तेजी से बढ़ चला है। लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण करना सतत विकास लक्ष्यों में एक प्रमुखता है। वर्तमान में प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण, समावेशी आर्थिक और सामाजिक विकास जैसे महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विशेष ध्यान दिया गया है।

महिलाओं में जन्मजात नेतृत्व गुण समाज के लिए संपत्ति है। प्रसिद्ध अमेरिकी धार्मिक नेता ब्रिघम यंग ने ठीक ही कहा है कि जब आप एक आदमी को शिक्षित करते हैं, तो आप एक आदमी को शिक्षित करते हैं। जब आप एक महिला को शिक्षित करते हैं तो आप एक पीढ़ी को शिक्षित करते हैं। स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के माध्यम से महिलाएँ न केवल खुद को सशक्त बना रही हैं बल्कि हमारी अर्थव्यवस्था की मजबूती में भी योगदान दे रही हैं। सरकार के निरन्तर लगातार आर्थिक सहयोग से आत्मनिर्भर भारत के संकल्प में उनकी भागीदारी दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। पिछले 6-7 वर्षों में महिला स्वयं सहायता समूहों का अभियान और तेज हुआ है। आज देश भर में 70 लाख स्वयं सहायता समूह हैं। महिलाओं के पराक्रम को समझने की जरूरत है, जो हमें महिमा की अधिक ऊंचाइयों तक पहुँचाएगी। आइए हम उन्हें आगे बढ़ने और फलने-फूलने में मदद करें। महिलाओं के सर्वांगीण सशक्तिकरण के लिए 'अमृत काल' इन्हें समर्पित हो।

युवा भारतीय महिलाओं की उभरती आकांक्षाएँ भारत के सामाजिक ताने-बाने को उत्तरोत्तर रूप से परिभाषित कर रही हैं, एक ऐसे समाज को बढ़ावा दे रही हैं जहाँ लैंगिक समानता और महिलाओं की एजेंसी आदर्श बन गई है। सहायक नीतियों को सुनिश्चित करने से इस बदलाव में तेजी आ सकती है, जिससे समावेशी और सशक्त भविष्य का मार्ग प्रशस्त हो सकता है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## लेटर टू एडिटर

### समाज की हालत

**विभिन्न** राजनीतिक दल मतदाताओं को लुभाने के लिए लोकलुभावने वादे और मुफ्त की सुविधाएं बांट रहे हैं, जो वास्तविकता में भ्रष्टाचार का ही एक रूप है। उनका सुझाव है कि चुनाव आयोग को ऐसी पार्टियों को अयोग्य घोषित करना चाहिए, जो अपने घोषणा पत्र की बुनियादी बातें पूरी नहीं करतीं। मुफ्त सुविधाएं अंततः उनके ही टैक्स से आती हैं। अगर सरकार सही तरीके से शिक्षा, स्वास्थ्य, और कृषि की समस्याओं का समाधान तो समाज में वास्तविक सुधार संभव है।

**-बृजमोहन ओझा, रांची**

### अपराध की राह

**आजकल** बच्चे सोशल मीडिया के माध्यम से गन कल्चर से प्रभावित होकर नकली हथियारों का प्रदर्शन कर रहे हैं, हिंसा को बढ़ावा मिल रहा है। माता-पिता को अपने बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान देना चाहिए । अगर वे लापरवाह रहे तो भारत को अमेरिका बनते देर नहीं लगेगी। **– प्रकाश सिंह, रांची**

## ट्वीट

**पूरे** देश से मिल रही शुभकामनाओं के लिए सभी का हृदय से धन्यवाद। 2019 की तरह पुनः सभी से अनुरोध करूंगा कि अगर आप मुझसे मिलने आ रहे हैं तो बुके की जगह बुक अर्थात किताब दें। जेल में रहने के दौरान आप सबके द्वारा उपहार स्वरूप दी गई किताबों को पढ़ने का काफी समय मिला, इसके लिए सभी का धन्यवाद।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**

**चंदनकियारी** (सिलफोर पंचायत), बोकारो के वीर सपूत अग्निवीर अर्जुन महतो जी के शहीद होने की दुखद खबर ने हृदय को व्यथित कर दिया। परमात्मा से प्रार्थना है कि वीर शहीद की आत्मा को शांति प्रदान करें।

**– कल्पना सोरेन, विधायक**

# अब कनाड़ा में खालिस्तान बनने की प्रक्रिया शुरू

**अशोक मधुप**

## सामयिक

पियरे ट्रूडो के पद छोड़ने के ठीक एक साल बाद तलविंदर परमार ने जून 1985 में एयर इंडिया की फ्लाइट 182 (कनिष्क) में बम विस्फोट की साजिश की। इसमें विमान में सवार सभी 329 लोग मारे गए। हालांकि मरने वालों मे अधिकतर कनाडा के ही नागरिक थे।

अभी कुछ माह पूर्व 25 मई को हमने अपने लेख में कहा था कि कनाडा में खालिस्तान समर्थकों की गतिविधि को भारत नजर अंदाज करता रहे। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को खालिस्तानियों का समर्थन करने दे, जल?दी ही खालिस्तान कनाडा में बने। भारत में नही। ऐसा होता अब नजर आने लगा है। खालिस्तानी वहां मांग करने लगे हैं कि कनाडा हमारा है। बाकी दुनिया भर के लोग अपने-अपने देश वापस जांए।

कनाडा में निकाले गए एक ह्यनगर कीर्तन के दो मिनट के वायरल वीडियो में खालिस्तान समर्थकों ने कनाडाई लोगों को घुसपैठिया कहा। उन्हें इंग्लैंड और यूरोप वापस जाने के लिए कहा। वीडियो में जुलूस में शामिल लोगों को यह कहते हुए सुना जा सकता है। यह कनाडा है, हमारा अपना देश। तुम कनाडाई वापस जाओ। भारतीय खुफिया सूत्रों ने इस घटना को कनाडा में नॉर्मल करार दिया। कहा कि खालिस्तानी धीरे-धीरे देश के सभी पहलुओं पर कब्जा कर रहे हैं। ठीक से निगरानी न होने की वजह से ये खालिस्तानी समूह स्थानीय कनाडाई लोगों से भी नियंत्रण छीन रहे हैं। हिंदुओं से सुरक्षा के लिए पैसे मांगे जा रहे हैं और अब उनकी कॉलोनियों में स्थानीय लोगों को खतरा हैं।

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो भारत में खालिस्तान बनाने की मांग करने वाले अतिवादियों पर सत्ता संभालने के बाद से पूरी तरह मेहरबान है। भारत द्वारा इन अतिवादियों के बारे में दी गई जानकारी पर वे कुछ कार्रवाई नहीं कर रहे, अपितु भारत पर ही आरोप लगा रहे हैं कि भारत से फरार अपराधी खालिस्तानी अतिवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में उसके राजनयिक का हाथ है। हमने पहले लेख में कहा था भारत को चाहिए कि यह कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को भारत के खालिस्तान का समर्थन करने वाले अतिवादियों का समर्थन करने दें। कुछ समय ऐसा ही चलने दें। हां सार्वजनिक रूप से भारत उसे चेतावनी देने का सिलसिला जारी रखें। अपने यहां खालिस्तान समर्थकों पर सख्ती रखें। कुछ समय ऐसा ही चलता रहा तो यह निश्चित है कि अब खालिस्तान भारत में नही कनाडा में बनेगा। कनाडा की धरती पर बनेगा। हमारा पहला कथन अब सही होता दीखने लगा है। कुछ समय ऐसा ही होता रहा तो ये खालिस्तान समर्थक कनाडा के लिए ही सिर दर्द बनेंगे। कनाडा. ने सख्ती की तो ये उसके खिलाफ विद्रोह पर उतर आएंगे। आज जो कनाड़ा कर रहा है, कभी वही भारत के कुछ नेताओं ने किया था। वह पंजाब में खालिस्तान की बढ़ती गतिविधियों को नजर अंदाज करते रहे। परिणाम स्वरूप पंजाब में रहने वाले हिंदुओं को पंजाब छोड़ने के लिए कहा जाने लगा। उन पर हमले होने शुरू हो गए। सिख आंतकवाद पंजाब में ही नही बढ़ा, अपितु उत्तर प्रदेश के तराई क्षेत्र को भी उसने अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया। इस दौरान पंजाब में धार्मिक नेता भिंडरावाला तेजी से लोकप्रिय हुए। कहा जाता है कि राजनैतिक लाभ के लिए केंद्र की तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने उसे प्रश्य देना शुरू कर दिया। हालत यह हुई कि वहीं भिंडरावाला कांग्रेस के लिए भस्मासुर साबित हुआ। उसने स्वर्ण मंदिर में डेरा जमा लिया। मजबूरन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को भिंडरावाला को स्वर्ण मंदिर से निकालने के लिए फौज का सहारा लेना पड़ा। बाद में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी केही दो सिख सुरक्षा गार्ड ने उनकी हत्या कर दी।

40 साल से खालिस्तान समर्थकों को पोषित किए जाने का परिणाम है। कनाडा में खालिस्तान समर्थक आंदोलन पिछली सदी के आठवें दशक में शुरू हो गया था। पियरे ट्रूडो के प्रधानमंत्री बनने के बाद इसकी जड़ें गहरी हुईं। उनके कार्यकाल के दौरान ही तलविंदर परमार भारत में चार पुलिसकर्मियों की हत्या करने के बाद कनाडा भाग गया था।

प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने जून 1973 में कनाडा की यात्रा की थी और पियरे ट्रूडो के साथ उनके व्यक्तिगत संबंध सौहार्दपूर्ण थे। लेकिन, पियरे ट्रूडो ने 1982 में तलविंदर परमार को भारत प्रत्यर्पित करने का अनुरोध ठुकरा दिया। इसके लिए बहाना बनाया गया कि भारत का रुख महारानी के प्रति पर्याप्त रूप से सम्मानजनक नहीं है। पियरे ट्रूडो के पद छोड़ने के ठीक एक साल बाद तलविंदर परमार ने जून 1985 में एयर इंडिया की फ्लाइट 182 (कनिष्क) में बम विस्फोट की साजिश की। इसमें विमान में सवार सभी 329 लोग मारे गए। हालांकि मरने वालों मे अधिकतर कनाडा के ही नागरिक थे।

# भारत में एकात्म मानववाद के सिद्धांत को अपनाकर हो आर्थिक विकास

**प्रह्लाद सबनानी**

## आर्थिक

**पश्चिम** के विकासवादी दर्शन का केंद्र मुनाफा, स्वार्थ एवं लाभ है। परंतु, हिंदू आर्थिक चिंतन के आधार पर खड़े एकात्म मानववाद का आधार अथवा केंद्र परमार्थ है। इसलिए एकात्म मानववादी आर्थिक विकास में विकास केवल अर्थ के लिए नहीं वरन परमार्थ के लिए है।

भारतीय संस्कृति के अनुसार ही भारतीय आर्थिक दर्शन में भी सृष्टि की समस्त इकाईयों, अर्थात व्यक्ति, परिवार, समाज, राष्ट्र एवं समष्टि को एक माला की कड़ी के रूप में देखा गया है। एकता की इस कड़ी को ही पंडित दीनदयाल जी उपाध्याय ने ह्यएकात्म मानववादह्न बताया है। एकात्म मानववाद वैदिक काल से चले आ रहे सनातन प्रवाह का ही युगानुरूप प्रकटीकरण है। सनातन हिंदू दर्शन आत्मवादी है। आत्मा ही परम चेतन का अंश है। पंडित दीनदयाल जी उपाध्याय ने समाज और राष्ट्र में भी चित्त, आत्मा, मन, बुद्धि एवं शरीर आदि का समुच्चय देखा है। अतः इस एकात्म मानववादी दर्शन के उतने ही आयाम एवं विस्तार है, जितनी मनुष्य की आवश्यकताएं हैं। इन विभिन्न आवश्यकताओं का केंद्र बिंदु अर्थ को ही माना गया है। कौटिल्य ने अर्थशास्त्र की परिभाषा में लिखा है कि अर्थशास्त्र का मुख्य अभिप्राय, अप्राप्ति की प्राप्ति; प्राप्ति का संरक्षण तथा संरक्षित का उपभोग है। एकात्म मानववाद में भी आर्थिक व्यवहार उक्त आधारों पर ही टिके होते हैं। इस प्रकार, अर्थशास्त्र की दिशा स्वतः ही विकासवादी हो जाती है।

भारत के नागरिक पिछले लम्बे समय से पश्चिमी शिक्षा व्यवस्था में पले बढ़े हैं अतः वे भारत की पौराणिक एवं वैदिक ज्ञान परम्परा से विमुख हो गए हैं। इसी प्रकार, प्राचीन भारतीय अर्थशास्त्र एवं आर्थिक चिंतन से भी हम भारतीय इतने अधिक दूर हो गए हैं कि प्राचीन भारतीय अर्थशास्त्र को सिर्फ उक्ति एवं सिद्धांत मानने के साथ साथ अव्यवहारिक भी मानने लगे हैं। जबकि, वैदिक साहित्य में धन के 22 से अधिक प्रकारों की स्पष्ट व्याख्या की गई है, जिसमें शेयर से लेकर आय एवं मूलधन भी सम्मिलित है। प्राचीन भारत के आर्थिक चिंतन को आज यदि लागू किया जाता है तो केवल भारत ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण मानवता का कल्याण होगा, क्योंकि हिंदू अर्थशास्त्र एकात्म मानववाद पर आधारित है, जिसमें व्यक्ति अपने लिए नहीं, वरन समष्टि के लिए जीता है। इसे निम्नलिखित सूत्र के माध्यम से अधिक स्पष्ट किया जा सकता हैं - हिंदू अर्थशास्त्र = व्यक्ति 7 परमार्थ (एकात्म मानववाद एवं त्याग)

पश्चिमी अर्थशास्त्र = व्यक्ति 7 स्वार्थ (आत्म केंद्रित एवं लाभ)

एकात्म मानववादी अर्थशास्त्र में व्यक्ति अपने एवं अपनों के स्थान पर समष्टि तथा चराचर और परमार्थ के लिए जीता है। जिसमें स्वयं के लिए मुनाफा एवं लाभ के स्थान पर दूसरों की चिंता मुख्य होती है। परंतु, इसके ठीक विपरीत पश्चिम का अर्थशास्त्र आत्मकेंद्रित व्यवहार एवं स्वार्थ पर खड़ा है। पश्चिम के विकासवादी दर्शन का केंद्र मुनाफा, स्वार्थ एवं लाभ है। परंतु, हिंदू आर्थिक चिंतन के आधार पर खड़े एकात्म मानववाद का आधार अथवा केंद्र परमार्थ है। इसलिए एकात्म मानववादी आर्थिक विकास में विकास केवल अर्थ के लिए नहीं वरन परमार्थ के लिए है। हिंदू आर्थिक दर्शन परम्परा में विकास की अवधारणा को समग्रता में व्यक्त किया गया है। यह विकास त्रिगुण आधारित है। इस त्रिगुण में- सत, रज एवं तम सम्मिलित है। प्राचीन भारतीय चिंतन में सत्तवादी विकास श्रेष्ठ माना गया है। इस सत्तवादी विकास के तत्व हैं ज्ञान, तपस्या, सदकर्म, प्रेम एवं समत्वभाव तथा इसकी उपस्थिति सतयुग में मानी गई है। विकास का दूसरा स्वरूप रजस को माना गया। इस रजसवादी विकास के तत्व हैं अहंबुद्धि, प्रतिष्ठा, मानबढ़ाई, लौकिक, पारलौकिक सुखा मत्सर, दम्भ एवं लोभ तथा इसकी उपस्थिति त्रेतायुग में मानी गई है। इसे मानवीय और मध्यम माना गया है। इसी प्रकार, विकास का तीसरा स्वरूप तमस को माना गया है। इस तमसवादी विकास के तत्व हैं असत्य, माया, कपट, आलस्य, निंदा, हिंसा, विषाद, शोक, मोह, भय तथा इसकी उपस्थिति कलयुग में मानी गई है। इस प्रकार सत, रज एवं तम गुणों के आधार पर उक्त विकास के तीन रूपों के साथ एक मिश्रित विकास का भी मॉडल माना गया है, जिसमें रजस एवं तमस गुण मिले होते हैं और इस मॉडल की उपस्थिति द्वापर युग में मानी गई है।

इस प्रकार भारतीय चिंतन परम्परा में विकास के उक्त चार प्रारूप माने गए हैं। इन चारों प्रारूपों का उपयोग चार युगों सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग एवं कलियुग में होता पाया गया है। इसमें सबसे उत्तम सतयुगी विकास प्रारूप को माना गया है तथा सबसे अधम कलियुगी विकास प्रारूप को माना गया है। भारत में, वर्तमान खंडकाल में त्रेतायुग के रामराज्य को भी बहुत अच्छा माना गया है एवं इसके स्थापना की कल्पना की जाती रही है। पंडित दीनदयाल जी उपाध्याय ने महात्मा गांधी जी के ट्रस्टी शिप एवं हिंद स्वराज्य के विवेचन को भी अपने विमर्श में स्थान दिया है। इस प्रकार भारतीय चिंतन परम्परा का आदर्श रामराज्य है, इसमें भरत जैसे राजा एवं जनक जैसे राजा तपस्वी के रूप में राज्य करते थे। स्वयं श्रीराम धर्म की मयार्दा को अपने लिए भी लागू करते थे एवं धर्म की मयार्दा का कभी भी उल्लंघन नहीं करते थे। सदैव प्रजा एवं प्रकृति की रक्षा एवं संवर्धन करते रहते हैं। यह एक ऐसा विकास का प्रारूप है जो आज भी आदर्श है। रामराज्य की अवधारणा भी एकात्म मानववाद के आधारों पर खड़ी थी। यह शासन तथा विकास एवं व्यवस्था में सब की भागीदारी तथा सब के लिए व्यवस्था थी, जो प्रकृति आधारित विकास पर बल देती थी।भारत में सबसे छोटी इकाई व्यक्ति पर बल दिया गया है और उसका संगठन किया गया है। भारत में व्यक्ति के स्वरूप को जिस प्रकार संगठित और एकात्म किया गया वैसा पश्चिम में नहीं हो सका है।

## स्पीड न्यूज


### कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू ने बरही विस क्षेत्र की जनता का जताया आभार



- पहले चुनाव में 63,983 मतों का समर्थन मिलना बताया गर्व की बात

**बरही।** कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू ने बरही विधानसभा क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जनता ने जो स्नेह और समर्थन दिया, वह उनके लिए किसी जीत से कम नहीं है। अरुण साहू ने बताया कि चुनाव प्रचार के लिए उन्हें केवल 10 दिनों का समय मिला था। इसके बावजूद जनता ने जो विश्वास और प्यार दिखाया, उसने उन्हें गहराई से प्रभावित किया। उन्होंने कहा कि यह मेरा पहला चुनाव था और पहली बार में ही 63,983 मतों का समर्थन मिलना उनके लिए गर्व की बात है। अरुण साहू ने बरही क्षेत्र की सेवा और विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि यह यात्रा यहीं खत्म नहीं होती। यह तो एक नई शुरुआत है। मैं जनता के विश्वास और सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास करता रहूंगा। उन्होंने चुनाव परिणामों का सम्मान करते हुए क्षेत्र की जनता को धन्यवाद दिया और भविष्य में बेहतर प्रयासों का आश्वासन दिया।

### सदर विस क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने जनता के प्रति जताया आभार



**हजारीबाग।** हजारीबाग ज़िले के सदर विधानसभा सीट से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने चुनाव समाप्त होने के बाद क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने रविवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि इसे केवल एक राजनीतिक अभियान नहीं, बल्कि जनता से जुड़ने और उनकी समस्याओं को समझने का एक विशेष अवसर है। हजारीबाग की देवतुल्य जनता का मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। चुनाव परिणाम चाहे जो भी हो, मैं सदैव आपकी सेवा के लिए तत्पर रहूंगा। आपके सुख-दुख में सहभागी बनना और आपकी समस्याओं का समाधान करना मेरा जीवन का उद्देश्य है। उन्होंने क्षेत्र की आवाज को बुलंद करने और विकास के लिए ईमानदारी से कार्य करने का भरोसा दिलाया। मुन्ना सिंह ने कहा कि वह हजारीबाग के हर व्यक्ति के हित के लिए निरंतर काम करते रहेंगे।

### पूरे बड़कागांव विस क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करेंगे रोशन लाल चौधरी : शशिकांत सिंह



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बड़कागांव विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन के भाजपा प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी की जीत पर बधाई देते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के शशिकांत सिंह ने कहा कि क्षेत्र के आमजनों ने जिस विश्वास के साथ रोशन लाल चौधरी को जिताया है। जनता की उन अपेक्षाओं पर नवनिर्वाचित विधायक रोशन लाल चौधरी खरा उतरेंगे। उन्होंने इस जीत को जनता की जीत बताते हुए कहा कि 15 वर्षों से बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र विकास से कोसों दूर रहा। श्री सिंह ने कहा कि इस जीत से पूरे क्षेत्र की जनता खुश है। अब रोशनलाल चौधरी पूरे बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करेंगे।

# बरही से भाजपा प्रत्याशी मनोज यादव की जीत पर निकला भव्य जुलूस

## कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत, बरही चौक पर आतिशबाजी कर जमकर मनाया जश्न

- विजय जुलूस के दौरान विधायक मनोज यादव ने जनता का जताया आभार, कहा- यह जीत केवल उनकी नहीं, बल्कि यह पूरी बरही विधानसभा क्षेत्र के लोगों की जीत है



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** बरही विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी मनोज यादव ने प्रचंड जीत दर्ज कर पूरे क्षेत्र में उत्साह और उल्लास का माहौल बना दिया। उनकी इस ऐतिहासिक जीत पर बरही में भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। विजय के जश्न में एक भव्य जुलूस का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय लोग शामिल हुए।

विजय जुलूस के दौरान विधायक मनोज यादव एक वाहन पर सवार होकर जनता का अभिवादन करते नजर आये। उन्होंने हाथ जोड़कर और मुस्कान के साथ उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह जीत केवल उनकी नहीं है, बल्कि यह पूरी बरही विधानसभा क्षेत्र की जनता की जीत है। उन्होंने जनता के एक-एक वोट के महत्व को रेखांकित करते हुए भरोसा दिलाया कि वे क्षेत्र के विकास और जनसेवा के प्रति पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने डीजे के धुन पर खूब जश्न मनाया, मिठाइयां बांटी गईं और भाजपा के समर्थन में नारे लगाए। इसके अलावा भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की। पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल था। जनता ने भी अपने निर्वाचित विधायक का जोश और उत्साह के साथ स्वागत किया। मनोज यादव की जीत को भाजपा की मजबूत संगठनात्मक ताकत और जनता के विश्वास का प्रतीक माना जा रहा है। उन्होंने क्षेत्र के विकास और जनहित के लिए समर्पित रहने का वादा किया। इस भव्य जुलूस और जीत के जश्न के साथ बरही में भाजपा की विजय पताका लहराते हुए पार्टी ने आगामी योजनाओं को लेकर सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया।

मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, सुरेंद्र रजक, आजसू बरही विधानसभा प्रभारी राजसिंह चौहान, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी, मण्डल अध्यक्ष सह मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, मुखिया समशेर आलम, मुकेश राम, राजन ओम, विशेश्वर यादव, हरेंद्र गोप, राजेन्द्र प्रसाद, सकलदेव यादव, अर्जुन रविदास, मंगलदेव यादव, मोतीलाल चौधरी, हिरामन साव, आकाश राज, अभिषेक निषाद, शिवा निषाद, चन्दन कुमार, हितेश राज, अजित निषाद, टिंकू आलम, मुन्ना यादव, मनितोष यादव, सचिन यादव, अंकित कुमार साव, अरविंद कुमार, मुकेश कुमार, अमित सिंह उर्फ छोटू, पिंटू ठाकुर, विक्की सिंह, रोहित यादव, कार्तिक भगत, मो इमरान, मो यूसुफ समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# नवनिर्वाचित भाजपा विधायक रोशन लाल चौधरी ने धर्मपत्नी के साथ मंदिरों में की पूजा-अर्चना

## कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र के ग्रामीणों ने जुलूस निकाल किया भव्य स्वागत

- विधायक ने नापो डोका टांड़ शिव मंदिर एवं माता स्थान कंडावेर में पूजा अर्चना कर विधानसभा वासियों की सुख समृद्धि की कामना की



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बड़कागांव।** बड़कागांव विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक रोशन लाल चौधरी ने प्रखंड के नापो डोका टांड़ शिव मंदिर एवं माता स्थान कंडावेर में धर्मपत्नी रेखा चौधरी के साथ पूजा अर्चना कर विधानसभा वासियों की सुख समृद्धि की कामना की और जीत की खुशी में जुलूस में शामिल हुए। जहां कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया। एक कार्यकर्ता ने अपनी जुबां से कहा कि 15 वर्षों से अपने आंसू को बर्फ की तरह जमा करके रखे, अब समय आ गया कि आंसू को अंगारे बनाकर सामने रखेंगे। नापो, डोकाटांड़, तालशवार, देवगढ़, अंगों, पलाण्डु, बिश्रामपुर, सोनपुर, महुदी, कांडतरी, सांढ़, होरम, ढेंगा, गुरु चट्टी, बड़कागांव मुख्य चौक, बरवाडीह साहित्य कई गांव में भव्य जुलूस निकाला गया।

जुलूस में पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, डॉ बालेश्वर कुमार, मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी, केंद्रीय कुशवाहा समाज अध्यक्ष सोहनलाल मेहता, आजसू संदीप कुशवाहा, प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा, प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस, कामेश्वर महतो, मनोज दांगी, शिबू मेहता, उपेंद्र कुमार, गीरेंद्र कुमार, रामेश्वर महतो, दिनेश कुमार, अजय सिंह, गोविंद महतो, पप्पू सिंह, नारायण ठाकुर, राजा खान, विष्णु रजक, टोकन महतो, सत्येंद्र गुप्ता, प्रकाश सोनी, रिंकी देवी, सुशीला देवी, फिरोज खान, अहमद खान, शब्बू खान, सुधांशु शेखर, अवध मेहता, मोहम्मद आवेश मियां, रामचंद्र साव, पूनम साव, विनोद साहू, किशोर राणा, कैलाश राणा, सुरेश गिरी, नरेश कुमार, निर्मल महतो, पंकज उर्फ नेपाली सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## शिक्षक स्व. राजेश्वर प्रसाद पांडेय की पुण्यतिथि पर भुरकुंडा बाजार में गरीबों को कराया गया भोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

- राष्ट्रीय सेवा मंच के बैनर तले हुआ कार्यक्रम, 9 वर्षों से मंच जरूरतमंदों को करा रहा है भोजन

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा हाई स्कूल के संस्कृत शिक्षक स्व. राजेश्वर प्रसाद पांडेय की 5वीं पुण्यतिथि के अवसर पर रविवार को राष्ट्रीय सेवा मंच सामाजिक संस्था के बैनर तले साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में लगभग 150 गरीब-जरूरतमंदों को भोजन कराया गया। इस दौरान साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले दर्जनों गरीब-जरूरतमंदों को स्व. राजेश्वर प्रसाद पांडेय के पुत्र विश्वनाथ पांडेय एवं उनके शिष्य सुमन सिन्हा, शिव गोस्वामी, शिवकुमार यादव और मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह द्वारा जरूरतमंद महिला-पुरूष व बच्चों के बीच खीर-पुरी और सब्जी का वितरण किया गया। मौके पर मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है। गरीबों की सेवा ही मंच का उद्देश्य भी है। उन्होंने कहा कि ऐसे नेक और सामाजिक कार्यों में सक्षम लोगों को तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए। अध्यक्ष श्री सिंह ने बताया कि जन सहयोग के माध्यम से पिछले 9 वर्षो से मंच द्वारा गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, रिंकू वर्णवाल, लालू उरांव, शुकरा करमाली, लखन राम, गुड्डू सिन्हा, रमेश राम, रंजीत यादव, विनय शर्मा, मो. शाहीद आदि का विशेष योगदान रहा।

## गुरु सिंह सभा भुरकुंडा गुरुद्वारा में कलसी बिल्डकॉन ने उषा सिलाई व प्रोडक्शन सेंटर का किया उद्घाटन






जानकारी देते कलसी बिल्डकॉन के सुमित सिंह व कोमल कलसी तथा सेंटर में प्रशिक्षण लेती महिलाएं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- 4 दिसंबर तक महिलाओं को परिधान का निर्माण और सप्लाई का दिया जायेगा प्रशिक्षण

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** गुरु सिंह सभा भुरकुंडा गुरुद्वारा में कलसी बिल्डकॉन के सहयोग से खुले उषा सिलाई सेंटर व प्रोडक्शन सेंटर का रविवार को उद्घाटन हुआ। सेंटर का उद्घाटन कलसी बिल्डकॉन के सुमित सिंह व पत्नी कोमल कलसी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

इस अवसर पर कलसी बिल्डकॉन के सुमित सिंह ने कहा कि महिलाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से ही यह सेंटर खोला गया है। उन्होंने कहा कि युवतियों और महिलाओं को स्व-रोजगार से जोड़ने और आत्मनिर्भर बनाने में यह सेंटर काफी लाभदायक सिद्ध होगा। मौके पर गुरुद्वारा के प्रधान लाल सिंह रंधावा उर्फ रिंकू ने बताया की कलसी बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा भुरकुंडा गुरुद्वारा में 20 नवंबर से 4 दिसंबर तक 15 महिलाओं को सिलाई का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसमें पैंट, शर्ट, सलवार, कुर्ती, स्कुल ड्रेस, टी-शर्ट सहित अन्य परिधान का निर्माण और सप्लाई की जानकारी दी जाएगी।

सेंटर का संचालन गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के द्वारा किया जाएगा। सेंटर में उषा इंटरनेशनल की ट्रेनर रश्मि जयसवाल द्वारा महिलाओं को प्रशिक्षित किया जायेगा।

मौके पर संजू देवी, उषा कौर, अमृता कौर, अमरजित कौर, स्नेहा कौर, रानी कुमारी, रेखा कौर, सरबजीत कौर, लक्ष्मी कौर, दलविन्दर कौर, सुनीता कौर, जसमित कौर, शीतल कौर, परमजीत कौर, निशा कौर सहित गुरुद्वारा के ग्रंथी हीरा सिंह, अमर सिंह, प्रधान लाल सिंह रंधावा उर्फ रिंकु, कोषाध्यक्ष इंद्रजीत छाबड़ा, तजेन्द्र त्रेहन, लाडी सिंह, निशांत सिंह, नरेंद्र सिंह रेखी, गुरजीत सिंह रेखी, जसपाल सिंह, राजा सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## बड़कागांव विस क्षेत्र के लोगों के विश्वास पर खरा उतरेंगे रोशनलाल चौधरी : निशि पांडेय



समाजसेवी निशि पांडेय



समाजसेवी निशांत सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** एनडीए गठबंधन के भाजपा प्रत्याशी रोशनलाल चौधरी की जीत से पूरे बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के लोगों में विकास की आस जगी है। रोशनलाल चौधरी की जीत ऐतिहासिक है। उक्त बातें जनता मजदूर संघ की केंद्रीय उपाध्यक्ष सह बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की समाजसेवी निशि पांडेय ने रविवार को प्रेस बयान जारी कर कही। निशि पांडेय ने रोशनलाल चौधरी की जीत पर बधाई देते हुए कहा कि उनकी जीत से समूचा बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र गदगद है। उन्होंने कहा कि रोशनलाल चौधरी को समाज के हर तबके ने वोट देकर विजयी बनाया है। निशि पांडेय ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि रोशनलाल चौधरी जनता के साथ किये वायदों पर खरा उतरते हुए पूरे बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में विकास की नई परिभाषा लिखेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के आमजनों ने जिस विश्वास के साथ रोशन लाल चौधरी को जिताया है। मुझे पूरा विश्वास है कि जनता की उन अपेक्षाओं पर नवनिर्वाचित विधायक रोशन लाल चौधरी शत प्रतिशत खरा उतरेंगे। इधर समाजसेवी निशांत सिंह ने कहा कि रोशनलाल चौधरी की रिकॉर्ड तोड़ जीत से यह साबित हो गया कि बड़कागांव की जनता पूर्व विधायक से किस कदर नाराज थी। उन्होंने कहा कि परिवर्तन की इस बयार से अब अपने विधानसभा क्षेत्र बड़कागांव के विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ है। रोशनलाल चौधरी को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि

## राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में 76वां एनसीसी दिवस हर्षोल्लास के साथ से मना



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में 22 झारखंड बटालियन एनसीसी कैडेट्स द्वारा 24 नवंबर 2024 को एनसीसी दिवस प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। साथ ही एनसीसी कैडेट्स का रक्तदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना सराहनीय रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के सचिव प्रियंका कुमारी एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स ने अपनी राष्ट्रीय भावना को प्रदर्शित करते हुए विभिन्न संस्कृति कार्यक्रमों की प्रस्तुत दी। साथ ही रोड रैली, नुक्कड़ नाटक, पेंटिंग, पोस्टर, वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बीएन साह ने 76वां एनसीसी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और सभी कैडेट्स को देश व समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए प्रेरित किया। एनसीसी एएनओ लेफ्टीनेंट डॉ अमन वर्मा ने एनसीसी दिवस की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उन्होंने कहा कि एनसीसी दुनिया का सबसे बड़ा वर्दीधारी युवा संगठन है। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स की अच्छी प्रस्तुति पर विशिष्ट अतिथियों द्वारा मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन एनसीसी गीत एवं राष्ट्रगान गाकर हुआ।

मौके पर विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार, एनसीसी के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# जनता के प्यार और एनडीए के समर्थन से मुझे जीत मिली है : तिवारी महतो

- डटमा मोड़ चुनाव कार्यालय में एनडीए कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने नव निर्वाचित विधायक तिवारी महतो का किया जोरदार स्वागत



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कुजू।** मांडू विधानसभा के नव निर्वाचित विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो का डटमा मोड़ स्थित एनडीए के चुनाव कार्यालय में रविवार को एनडीए समर्थक और कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य व जोरदार स्वागत किया गया।

मौके पर उन्होंने मांडू विधानसभा की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मांडू विधानसभा की जनता के प्यार और एनडीए के समर्थन से मुझे जीत मिली है। इस जीत के लिए मैं सभी को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि मांडू विधानसभा की जनता ने जिस विश्वास के साथ मुझे जीत दिलायी है, उन सभी लोगों का विकास होगा। साथ ही मैंने जो चुनाव में वादा किया है उसको पूरा करूंगा। वहीं उन्होंने कहा कि राज्य में एनडीए की सरकार नहीं बनने के कारण मैं विजय जुलूस नहीं निकालूंगा। इसके बदले विधानसभा के हरेक पंचायत में जाकर आभार व आशीर्वाद यात्रा निकालने का काम करूंगा। साथ ही उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन ने जो-जो वायदा करके सत्ता हासिल किया है उसको उसे पूरा करता है या नहीं, क्योंकि पिछले चुनाव में कई ऐसे वायदा किये जो आज तक पूरा नहीं किया है। वहीं उनका प्रेस कॉन्फ्रेंस वाला वायरल वीडियो पर कहा कि अगर जरूरत पड़ेगी तो मैं सुदेश महतो के लिए मांडू विधानसभा की सीट छोड़ भी सकता हूं। क्योंकि आज जो भी कुछ मैं हूं वो जनता व सुदेश महतो व चंद्रप्रकाश चौधरी की बदौलत। पार्टी के सुप्रीमो जो भी फैसला लेंगे मैं उसको स्वीकार करूंगा। इसके बाद तिवारी महतो सुदेश महतो से आशीर्वाद लेने के लिए रांची रवाना हुए।

स्वागत करने वालों में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, प्रो. खिरोधर प्रसाद साहू, पंकज साहा, आजसू प्रखंड अध्यक्ष नरेश महतो, लालचंद महतो, रामभजन लाल महतो, जदयू प्रदेश महासचिव जगदीश महतो, चंद्रमणि देवी, गुड्डू सिंह, जयकिशोर महतो, रतन प्रसाद साहू, रवि साहू, अशोक कुमार, गोपाल ठाकुर, महेश ठाकुर, नितेश गुप्ता, राजेन्द्र महतो, अमित ठाकुर राधे, अक्षय भारती, मदन महतो, राजेश साहू, रामदेव प्रसाद, सरिता सिंह, गणेश सोनी, मनोहर गुप्ता, मनोज प्रसाद, कंचन साहू, अभिषेक साहू, जगदीश आडवाणी, अनिल बेदिया, विकास महतो, उमेशचंद्र पटेल, सन्नी साहू, जयराम प्रजापति सहित काफी संख्या एनडीए कार्यकर्ता व एनडीए समर्थक शामिल थे।

# जनता ने मुझ पर जो विश्वास किया है, उसे कभी कम नहीं होने दूंगी : ममता देवी

- ममता देवी ने सपरिवार की मां छिन्नमस्तिके की पूजा-अर्चना



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रजरप्पा।** रामगढ़ विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार ममता देवी सपरिवार रजरप्पा पहुंचीं। यहां पर उन्होंने विधिवत रूप से मां छिन्नमस्तिके की पूजा-अर्चना कर मां भगवती के आगे माथा टेककर उनका आशीर्वाद लिया। उसके बाद नारियल बलि देकर पंडित छोटू पंडा द्वारा रक्षा सूत्र भी बंधवाया। पूजा अर्चना कर माता से राज्य की जनता की सुख और समृद्धि की कामना की। इस दौरान कांग्रेस और जेएमएम कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह जीत मेरी नहीं, रामगढ़ विधानसभा की जनता की जीत है। जनता ने मुझ पर जो विश्वास किया है, उस विश्वास को कभी कम नहीं होने दूंगी। मौके पर बजरंग महतो, शंकर करमाली, संतोष सोनी, बरतु करमाली, लक्ष्मण महतो, हीरालाल महतो, सुनील चक्रवर्ती, सुनील कुशवाहा, अमित महतो, सुधीर मंगलेश, करण नायक, मनोज पुझहर, दिनेश कुमार महतो, प्रदीप महतो, कमलेश कुमार महतो, गौरीशंकर महतो, उत्तम पटवा, पवन महतो, शशि सिंह, संजय पटेल, शालिनी प्रिया, चुरामन पटेल सहित कई कांग्रेस एवं झामुमो के लोग मौजूद थे।

# भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं में खुशी, डोमचांच में मिली निर्णायक बढ़त



## प्रखंडों में प्रमुख प्रत्याशियों को मिले मत

भाजपा प्रत्याशी डॉ.नीरा यादव सतगावां प्रखंड में 11531, कोडरमा प्रखंड में 32748, डोमचांच प्रखंड में 26397, मरकच्चो में 15396 मत मिले। राजद प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव सतगावां प्रखंड में 14793, कोडरमा प्रखंड में 32020, डोमचांच प्रखंड में 15639, मरकच्चो में 17661 मत मिले। निर्दलीय प्रत्याशी शालिनी गुप्ता सतगावां प्रखंड में 4006, कोडरमा प्रखंड में 36540, डोमचांच में 16677 व मरकच्चो में 11711 मत मिले।

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** विधानसभा चुनाव परिणाम में भाजपा प्रत्याशी डॉ.नीरा यादव की लगातार जीत में एक बार फिर डोमचांच में निर्णायक रोल अदा किया। डॉ. नीरा यादव को अन्य प्रखंडों की अपेक्षा डोमचांच से बंफर वोट मिले। वहीं डोमचांच में राजद प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव से काफी ज्यादा मत लाने में सफल रहीं। इससे उनकी जीत की राह आसान हो गयी। चुनाव परिणाम के विश्लेषण में यह बात सामने आयी है कि डोमचांच में पड़े 10758 मत से भाजपा लीड पर रही। डोमचांच प्रखंड में भाजपा को 26397 मत मिले, जबकि राजद को 15639 मत मिले। वहीं दूसरी ओर सतगावां और मरकच्चो में राजद ने लीड बनाया। सतगावां में राजद 3262 मत से लीड पर रहा, जबकि मरकच्चो में 2265 मत से राजद ने लीड किया। वहीं निर्दलीय प्रत्याशी शालिनी गुप्ता ने शहरी क्षेत्र झुमरीतिलैया नगर पर्षद व कोडरमा नगर पंचायत के बल पर कोडरमा प्रखंड में 3792 मत से लीड लिया, पर ग्रामीण इलाकों में वह पिछड़ गयी। डोमचांच में भी वह दूसरे स्थान पर रही, पर वैसा मत नहीं मिला जिसकी अपेक्षा की जा रही थी। वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है।

**डोमचांच में योगी की सभा ने निभायी अहम भूमिका :** भाजपा के लिए डोमचांच की धरती पहले ही समर्थन वाली रही है, पिछले चुनाव में भी डोमचांच ने डॉ.नीरा की जीत में अहम भूमिका निभायी थी। इस बार भी कुछ ऐसा ही रहा। हालांकि इस बार के मतदान से पहले भाजपा के कोर वोटरों में सेंध को देखते हुए भाजपा ने डोमचांच में यूपी के मुख्यमंत्री व फायर ब्रांड नेता योगी आदित्यनाथ की सभा करायी और इसके बाद नयी तस्वीर उभरकर सामने आयी।

## डॉ. नीरा यादव को रोमांचक जीत पर बधाई देने वालों का लगा रहा तांता



**कोडरमा।** विधानसभा चुनाव में हैट्रिक लगाने वाली नवनिर्वाचित विधायक डॉ. नीरा यादव को रोमांचक जीत की बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। जिले के विभिन्न इलाकों से लोग सुबह से ही उनके आवास पर गुलदस्ता लेकर पहुंचने लगे। इस दौरान विधायक आमजनों से मिलकर उनके प्रति आभार जताया। वहीं उन्होंने कहा कि तीसरी बार जनता हमपर जो भरोसा जताया है, उसपर खरा उतरेंगे एवं पूरी निष्ठा एवं इमानदारी तथा पारदर्शिता के साथ विकास कार्यों को आगे ले जायेंगे, जिस तरह से 10 वर्षों तक नेता नहीं बल्की बहन बेटी की तरह काम किये हैं, उसे और आगे बढ़ायेंगे। वहीं विधायक से मिलने वालों में डॉ सुजीत कुमार राज, डॉ. उपेंद्र भदानी, डॉ.मनोज भदानी, डॉ. आर. के दीपक, डॉ. नरेश कुमार पंडित, डॉ. पवन कुमार बर्णवाल, डॉ. अभिजीत राय, डॉ. अभिलाषा गुप्ता, डॉ. प्रशांत उपाध्याय, डॉ. राजीवकांत पांडेय, डॉ. शशिकांत सिंह, डॉ.रविकांत सिंह, डॉ.नीरज शाह समेत कई लोग शामिल थे।

## जमकर आतिशबाजी व बांटी गयी मिठाइयां

**मरकच्चो (कोडरमा)।** कोडरमा विधानसभा से भाजपा उम्मीदवार डॉ.नीरा यादव के जीत की हैट्रिक के बाद प्रखंड के भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की व मिठाइयां बांटी। वहीं इसके पूर्व सोशल मिडिया पर शालिनी गुप्ता के जीत की फेक खबर चलने के बाद शालिनी समर्थक भी जमकर आतिशबाजी कर खुशियां मना रहे थे। उनके चुनावी कार्यालय के समीप उनके समर्थकों ने जमकर आतिशबाजी की, मगर फाइनल रिजल्ट आने के बाद शालिनी गुप्ता के समर्थकों में काफी मायूसी दिखी व एका-एक जहां-जहां आतिशबाजी हो रही थीं वहीं सन्नाटा पसर गया। मगर डॉ. नीरा यादव के लगातार तीसरी जीत ने उनके अरमानों पर भी पानी फेर दिया। वहीं भाजपा समर्थक व उनके कार्यकर्ता काफी खुश दिखे तथा आतिशबाजी कर मिठाईया बांट खुशियां जाहिर की।

## एक नजर में

## पीएलएफआई ने ब्रिज निर्माण में लगी मशीनों में की आगजनी



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले के शिवपुर-कठौतिया रेल लाईन के निर्माण में लगी आईएससी कंस्ट्रक्शन कंपनी के टंडवा थाना क्षेत्र के बुकरू गांव स्थित ब्रिज संख्या 103 के निर्माण में लगी पोकलेन मशीन और एक हाइड्रा मशीन में हथियारबंद उग्रवादियों ने आगजनी की घटना को अंजाम देकर दहशत फैलाया। टंडवा पुलिस रविवार को उग्रवादियों के धर-पकड़ के लिए अभियान चला रही है। ब्रिज निर्माण में लगे वर्करों को उग्रवादी घटना की जानकारी मिली तो वर्करों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस की टीम ने वर्करों के सहारे घंटों मशक्कत के बाद हाइड्रा मशीन में लगी आग को तो बुझा लिया लेकिन पोकलेन मशीन में लगी आग को बुझाने में वे असफल रहे, जिससे पोकलेन मशीन जलकर बर्बाद हो गया। जानकारी के अनुसार, बीती देर रात्रि छह से अधिक की संख्या में हथियारबंद उग्रवादी पहुंचे और आगजनी की घटना को अंजाम दिया। पुलिस घटना की जानकारी जुटाने के बाद आगजनी की घटना में शामिल उग्रवादियों के धड़-पकड़ को लेकर अभियान में जुट गई है। घटना को अंजाम देने वाले उग्रवादियों ने घटनास्थल पर पीएलएफआई उग्रवादी संगठन के नाम पर हस्तलिखित पोस्टर भी छोड़ा है, जिसमें संवेदक सहित कोयला कारोबारियों को धमकी दिया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की पड़ताल करने में जुटी है।

## डॉ.नीरा यादव की हैट्रिक जीत पर चंद्रवंशी समाज में खुशी का लहर

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** चंद्रवंशी विकास मंच ने भाजपा विधायक प्रत्याशी डॉ. नीरा यादव की हैट्रिक जीत पर चंद्रवंशी समाज में खुशी का लहर है। इस अवसर पर मंच के मुख्य संरक्षक सदस्य रामेश्वर राम रवानी, जय प्रकाश राम, बिरेंद्र राम, उमेश राम, प्रवीण चंद्रा, ओम प्रकाश राम, अयक्ष चंद्रवंशी दीपक नवीन, सचिव महेश भारती, कोषाध्यक्ष राजेंद्र वर्मा, दीपक सिंह, सुरेंद्र भारती, अरुण राम, उपेंद्र वर्मा, विजय राम, नारायण राम, राजेंद्र राम आदि लोगों ने विधायक डॉ.नीरा यादव को जीत की हार्दिक शुभकामनाएं के साथ ढेर सारी बधाई दी।

## विधायक डॉ.नीरा यादव का अभिनंदन और विजय जुलूस आज

**कोडरमा।** कोडरमा से लगातार तीसरी बार विधायक चुनी गयीं डॉ.नीरा यादव का अभिनंदन कार्यक्रम सोमवार को आयोजित किया जाएगा। डोमचांच में 11 बजे दिन अभिनंदन के बाद शहीद चौक से विजय जुलूस निकाला जाएगा जो कोडरमा होते हुए झुमरीतिलैया झंडा चौक पहुंचेगा। वहीं भाजपा जिला महामंत्री विजय यादव और भाजयुमो के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में पार्टी के पदधारी और कार्यकर्ताओं के साथ अन्य संगठनों और संस्थाओं के लोग शामिल होंगे।

## जनता का निर्णय सर्वमान्य व जनादेश का सम्मान : रामधन

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** लोकतंत्र के महापर्व में जनता का निर्णय ही सर्वमान्य और सर्वोपरि है। कोडरमा की जनता का जनादेश का सम्मान है। जनता ने जो फैसला सुनाया है, उस फैसले का राष्ट्रीय जनता दल तहे दिल से स्वागत करती है। उक्त बातें राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने कही। उन्होंने कहा कि कोडरमा में राजद के पक्ष में परिणाम नही आया, जिसका मलाल है, लेकिन जनता ने बड़ी जिम्मेवारी दी है। जीत-हार का आंकड़ा काफी कम रहा है, जिसका आंकलन और समीक्षा पार्टी की बैठक में भी की जाएगी। वहीं उन्होंने कहा कि राज्य में इतिहास रचकर हेमन्त सरकार दुबारा सत्ता में आई है। इस सरकार में राजद कोटे के 4 विधायक जीत कर आए है, राज्य और कोडरमा की जनता के ज्वलंत मुद्दे की समाधान को लेकर राजद अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाएगी। उन्होंने कहा कि राजद का जनता मालिकों की सेवा पहले की तरह ही जारी रहेगी। उन्होंने कोडरमा की जनता को संघर्ष के रास्ते में सहयोग के लिए आभार जताया है। साथ ही पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों के मेहनत के प्रति भी आभार जताया है। श्री यादव ने कहा कि परिणाम भले ही राजद के पक्ष में नही आया है, लेकिन कोडरमा के 80 हजार से ज्यादा मतदाताओं का भरोशा राजद पर कायम रहा है। राजद सभी वर्गों को साथ लेकर चलेगी और हेमन्त सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने में शिद्दत से जुटेगी। उन्होंने कहा कि कोडरमा के राजद कार्यकर्ताओं और समर्थकों का हौसला बुलंद है और जनता से सीधे जुड़कर सेवा जारी रखेगी।

## जमीनी विवाद में दो पक्षों में मार-पीट, एक युवक घायल

**डोमचांच (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत बेहराडीह में रविवार को जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मार-पीट में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं घायल युवक की पहचान मधुसुदन स्वर्णकार बेहराडीह निवासी के रूप में की गई है। वहीं घायल का इलाज रेफरल अस्पताल डोमचांच में किया गया। इस मामले को लेकर मधुसुदन स्वर्णकार ने डोमचांच थाने में आवेदन देकर मार-पीट का मामला दर्ज कर बताया है। जिसके बाद मेरे परिवार के लोग मुझे इलाज के लिए रेफरल अस्पताल ले आये। वहीं मामले को लेकर थाना प्रभारी प्रेम कुमार ने कहा कि घायल का इंजयूरी कर उसे इलाज के लिए रेफरल अस्पताल भेजा गया है।

## नवनिर्वाचित विधायकों ने मां भद्रकाली मंदिर में की पूजा





खबर मन्त्र संवादाता

**इटखोरी।** चतरा जिले के सबसे प्राचीन और प्रसिद्ध मंदिरों में से एक मां भद्रकाली के मंदिर में सिमरिया से भाजपा प्रत्याशी उज्जवल दास और चतरा से लोजपा प्रत्याशी जनार्दन पासवान ने चुनाव मैदान में उतरने से पहले जीत की मन्नत मांगी थी। उनकी जीत के बाद, रविवार को दोनों नवनिर्वाचित विधायक अपने परिवार के साथ मां भद्रकाली मंदिर पहुंचे और पूजा-अर्चना की। मंदिर के पुजारियों ने उन्हें आशीर्वाद स्वरूप माता की चुनरी भेंट की। गर्भ गृह की परिक्रमा करने के बाद, उन्होंने मंदिर परिसर में रक्षा सूत्र बंधवाया और संकल्प स्वरूप नारियल की बलि चढ़ाई। इसके बाद, उन्होंने पंचमुखी हनुमान और शनि देव महाराज के मंदिर में भी पूजा की और सहस्त्र शिवलिग महादेव मंदिर में बाबा का जलाभिषेक किया।

# सिमरिया में नोटा ने बिगाड़ा भाजपा और झामुमो का चुनावी गणित


**चतरा में नोटा ने आधे से ज्यादा उम्मीदवारों को हराया : चतरा विधानसभा चुनाव में विजेता उम्मीदवार जनार्दन पासवान के साथ-साथ नोटा ने भी खूब सुर्खियां बटोरीं। चुनावी मैदान में उतरे आधे से ज्यादा उम्मीदवारों को नोटा ने मात दे दी। नोटा को मिले वोटों की संख्या चतरा में चुनाव लड़ने वाले आठ उम्मीदवारों में से किसी भी एक उम्मीदवार को मिले वोटों से अधिक रही। चुनाव परिणामों में, लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा), राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और निर्दलीय उम्मीदवार उमेश भारती को छोड़कर, किसी भी अन्य उम्मीदवार को नोटा से अधिक वोट नहीं मिले। जनार्दन पासवान को 109019 वोट मिले, जबकि दूसरे स्थान पर रहीं राजद की रश्मि प्रकाश को 90618 वोट मिले। तीसरे स्थान पर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के अशोक भारती रहे, जिन्हें केवल 16776 वोट मिले। चौथे स्थान पर नोटा रहा, जिसे 8071 वोट मिले।**

## चतरा व सिमरिया में किस प्रत्याशी को मिला कितना वोट

**चतरा।** चतरा में जर्नादन पासवान ने 109019 मतों के साथ जीत हासिल की, जबकि राजद प्रत्याशी रश्मि प्रकाश को 90618 मत मिले। जेएलकेएम के अशोक भारती को 16776, निर्दलीय उमेश भारती को 14197, सीपीआई के डोमन भुईयां को 6119, निर्दलीय अशोक कुमार गहलोत को 5714, एआईएम आईएम के सुबोध पासवान को 5540, बसपा के चंद्रशेखर कुमार को 3565, सागर राम को 3292, माकपा के पुन भुईयां को 3016 और लोकहित अधिकार पार्टी के अशोक कुमार डोम को 2989 वोट मिले। नोटा में 8071 मत पड़े। वहीं सिमरिया में कुमार उज्वल ने 111906 मतों के साथ जीत हासिल की, जबकि झामुमो के मनोज कुमार चंद्रा को 107905 मत मिले।जेएलकेएम के जितेंद्र कुमार को 11164, भाकपा के सुरेश कुमार को 3809, निर्दलीय सदानंद भुईयां को 3598, बसपा के रामावतार राम को 2265, निर्दलीय शंकर रजक को 1271, निर्दलीय विकास कुमार को 902, निर्दलीय विनोद कुमार को 793, झारखंड पार्टी के लालकिशोर दास को 572 और निर्दलीय विनय कुमार को 527 मत मिले। नोटा में 6928 वोट पड़े।

## जीत-हार के अंतर से ज्यादा मिले नोटा को वोट

खबर मन्त्र संवाददाता




**चतरा।** सिमरिया विधानसभा सीट पर नोटा ने भाजपा और झामुमो पार्टी के चुनावी गणित को बिगाड़ दिया है। भाजपा उम्मीदवार उज्जवल दास ने जितने वोट से जीत दर्ज की है, उससे अधिक वोट नोटा को मिले हैं। अगर नोटा के वोट दूसरे नंबर पर रहे झामुमो उम्मीदवार मनोज चंद्रा को मिल जाते, तो सिमरिया विधानसभा सीट का परिणाम कुछ और होता। सिमरिया विधानसभा सीट पर 6928 वोटरों ने 11 उम्मीदवारों को नकार कर नोटा को चुना है। सिमरिया सीट पर भाजपा के उम्मीदवार उज्जवल दास 4001 वोट से विजयी हुए हैं, 107905 वोट लेकर झामुमो के उम्मीदवार मनोज चंद्रा दूसरे नंबर पर रहे। वहीं, झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के उम्मीदवार जितेन्द्र कुमार 11164 वोट के साथ तीसरे नंबर पर रहे।

## एनडीए गठबंधन की जीत पर कार्यकताओं में खुशी की लहर



**कुंदा।** प्रखंड क्षेत्र में एनडीए गठबंधन की जीत के बाद कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। चतरा विधानसभा से जनार्दन पासवान की जीत पर कुंडा में भाजपा कार्यकताओं ने जश्न मनाया, अबीर गुलाल जमकर उड़ाई गई और लोगों ने एक-दूसरे को मुंह मीठा कर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष दिलेश्वर भोक्ता, गंदौरी साव, मनोज यादव, दिव्या भोक्ता, अनीता देवी, अखलेश यादव, सतेंद्र सिंह, घनश्याम यादव, रवि वर्मा, अनुज गुप्ता, लवकुश गुप्ता, बसंत भोक्ता, बिनोद यादव समेत दर्जनों लोग शामिल हुए।जनार्दन पासवान की जीत के बाद कुंदा प्रखंड क्षेत्र में जश्न का माहौल है।

## विजेता और उपविजेता को छोड़कर सभी उम्मीदवारों की जमानत जब्त




खबर मन्त्र संवादाता

**चतरा।** चतरा और सिमरिया विधानसभा में विजेता और उपविजेता उम्मीदवार को छोड़कर सभी उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई है। चतरा विधानसभा में कुल 2 लाख 68 हजार 616 मतदान हुआ था, जबकि सिमरिया विधानसभा में 2 लाख 51 हजार 640 मतदान हुआ था। दोनों विधानसभा क्षेत्रों से 11-11 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा था, जिसमें दोनों सीटों के विजेता और उपविजेता को छोड़कर 18 उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई है।

## भाजपाइयों ने निकाला विजय जुलूस



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी उज्जवल दास की जीत के उपलक्ष्य में रविवार को इटखोरी में भाजपा मंडल अध्यक्ष देवकुमार सिंह के नेतृत्व में एक विजय जुलूस निकाला गया। जुलूस में भाजपा कार्यकताओं और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विजय जुलूस भाजपा कार्यालय से शुरू होकर इटखोरी चौक, गांधी चौक, धनखेरी, मां भद्रकाली मंदिर होते हुए पुनः भाजपा कार्यालय पहुंचा। इस अवसर पर जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, रशिक सिरोमणी, मनोज सिंह, सुनील सिंह, टुन्नी सिंह, निरंजन सिंह, सतीश सिंह, सचिदानंद सिन्हा, रामदहिन सिंह, योगेन्द्र सिंह, ऋषि बाला सिंह, अंजू सिंह, बसंत नारायण सिंह, शिवकुमार राणा, गोलू सिंह, जगदीश यादव, कृष्णा साव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे। विजय जुलूस के दौरान जमकर आतिशबाजी भी की गई।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाई उज्जवल दास की जीत की खुशी



**गिद्धौर।** सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार कुमार उज्जवल दास की जीत की खुशी में भाजपा कार्यकताओं ने प्रखंड मुख्यालय के मैंन चोक में जमकर खुशियां मनाईं। भाजपा कार्यकताओं ने चौक-चौराहों पर रंग-गुलाल उड़ाकर और जगह-जगह बम पटाके फोड़कर अपनी खुशी का इजहार किया।भाजपा प्रखंड अध्यक्ष कपिल कुमार दांगी ने बताया कि सभी कार्यकर्ता शांतिपूर्ण तरीके से खुशी मना रहे हैं और विधायक उज्जवल कुमार दास को ढेर सारी शुभकामनाएं देते हैं। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा, सत्येंद्र कुमार कुशवाहा, शिवकुमार दांगी, बबलू कुमार साव, जितेंद्र राम, जितेंद्र ठाकुर, महावीर पांडे, सुनील राणा, राजेश दांगी, जोगिंदर सिंह, प्रसादी पासवान, गोविंद कुमार दांगी, विकास कुमार पांडेय सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भाजपाइयों ने निकाली विजय जुलूस



खबर मन्त्र संवादाता

**टंडवा (चतरा)।** सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार उज्जवल दास की जीत के बाद टंडवा प्रखंड क्षेत्र में भाजपाइयों ने विजय जुलूस निकाला और बाजे गाजे के साथ एक दूसरे को मिठाई और रंग गुलाल देकर जश्न मनाया।

स्पीड न्यूज

## लोकतंत्र में जनता ही सर्वोपरी है, निर्णय मान्यः सुदर्शन भगत

**गुमला।** विधान सभा चुनाव में मिली हार के बाद भाजपा प्रत्याशी सुदर्शन भगत ने कहा है कि जनता का निर्णय उन्हें मान्य है। लोकतंत्र में जनता ही सर्वोपरी है। जनता के द्वारा उन्हें और बेहतर कार्य करने के लिए अपने निर्णय से प्रेरित किया है। श्री भगत ने कहा कि जो समर्थन गुमला विधान सभा की जनता ने उन्हें दिया है उसके लिए वे उन्हें धन्यवाद देते हैं। साथ ही पार्टी कार्यकर्ताओं व नेताओं का भी चुनाव में बेहतर सहयोग के लिए आभार व्यक्त किये हैं।

## चमरा लिंडा के जीत पर घाघरा के लोगों ने दी बधाई

**घाघरा।** बिशुनपुर विधानसभा से लगातार चार बार चमरा लिंडा विधायक बने हैं। घाघरा के लोगों ने बधाई दी है। बता दे की लगातार 2009 से बिशुनपुर विधानसभा से विधायक के रूप में चमरा लिंडा निर्वाचित हो रहे हैं। वर्ष 2009 में विधानसभा चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी भिखारी भगत को हराया था। वर्ष 2014 में भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव को हराया था। वर्ष 2019 में भाजपा प्रत्याशी अशोक उरांव को हराया था। और पुनः 2024 में भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव को हराकर चार बार विधायक रहने का रिकॉर्ड तोड़ा। खास बात यह है कि विधायक चमरा लिंडा लगातार 4 चुनाव में वोट के जीत का अंतराल बढ़ाते हुए 2024 में 32 हजार से अधिक मत से जीत हासिल की है।

## राज्य में इंडिया गठबंधन की जीत पर कांग्रेस नेताओं ने जतायी प्रशंसा

**गुमला।** राज्य के अलावे गुमला जिले के तीनों विस सीट पर भारी मतों से इंडिया गठबंधन की जीत पर कांग्रेस नेताओं ने प्रशंसा जताई है। प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने कहा कि यह बदलाव की बयार है। हेमंत है, तो हिम्मत है। राज्य की जनता ने गठबंधन पर भरोसा जताया है। जनता भाजपा सरकार की साजिश को समझ चुकी है। इसलिए बीजेपी के जुमलेबाजी का उनपर कोई असर नहीं पड़ा। निश्चित अब राज्य दुगुनी गति से विकास के पथ पर अग्रसर होगा। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सभी वर्गो के हितों की रक्षा की जाएगी।

## वैदिक विश्व मंगल ट्रस्ट के तत्वाधान मे योग शिविर का आयोजन

**भंडरा।** प्रखंड के भौरो गांव स्थित शिव मंदिर प्रांगण मे रविवार को वैदिक विश्व मंगल ट्रस्ट के तत्वाधान में एक दिवसीय योग नेचरोपैथी शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें गांव के पुरुष एवं महिलाओं ने भाग लिए शिविर मे महिलाओं की संख्या अधिक थी योग शिविर में बच्चों को डॉक्टर अशोक आचार्य ने लंबाई बढ़ाने के अभ्यास बताएं महिलाओं को कमर दर्द के लिए आसन बताएं एवं प्राणायाम के रहस्य को बताएं. योग शिविर में योग शिविर का संयोजक शिव शंकर साहू, उर्मिला देवी, आशा देवी, सहित काफी संख्या मे ग्रामीण मौजूद थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

### कई निर्दलीय प्रत्याशी से अधिक लोगों ने नोटा को दिया वोट, विशुनपुर विधान सभा में नोटा में गिरा 6187 वोट

# तीन विधान सभा में तीन-तीन प्रत्याशियों को छोड़कर जनता ने सभी को नकारा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** गुमला के तीनों विधान सभा सीटों पर जनता ने जहां झामुमो प्रत्याशियों को अपना पूरा आर्शीवाद दिया और उन्हें विधान सभा भेजा। वहीं क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को लगभग नकार दिया है। क्योंकि कई निर्दलीय प्रत्याशी से अधिक वोट नोटा में गिरा है। जिसे अनुमान लगाया जा सकता है कि कई निर्दलीय प्रत्याशियों को उनके गांव के आस-पास के लोगों ने भी अपना समर्थन नहीं दिया। गुमला विधान सभा में झामुमो के भूषण तिर्की को 84974 मत मिले। जबकि भाजपा प्रत्याशी सुदर्शन भगत को 58673 मत मिले। गुमला से कुल मिलाकर 15 प्रत्याशी मैदान में थे। जिसमें निर्दलीय प्रत्याशी मिशिर कुजूर 9873 वोट प्राप्त कर सकें। बाकि किसी भी उम्मीदवार को नोटा से अधिक वोट नहीं मिला। नोटा में 3308 मत पड़े। इससे साफ जाहिर है कि जनता निर्दलीय प्रत्याशियों के पक्ष में नहीं थी। इसलिए वे नोटा पर ही बटन दबाना उचित समझे। गुमला विधान सभा क्षेत्र से सबसे कम वोट निर्दलीय प्रत्याशी प्रदीप उरांव को 223 मिला है। वहीं सिसई विधान सभा सीट में झामुमो के जिग्गा सुसारन होरो को 106058 मत मिले। जबकि भाजपा प्रत्याशी अरूण उरांव को 67069 मत प्राप्त हुए। सिसई विधान सभा सीट से मधुवा कच्छप 3994 वोट को छोड़कर किसी भी प्रत्याशी ने नोटा से अधिक मत प्राप्त नहीं किया। सिसई विधान सभा सीट से भी 15 प्रत्याशी चुनाव लड़े थे। तीन को छोड़कर सभी नोटा से पीछे रह गये। सिसई विधान सभा के मतदाताओं ने नोटा में 3203 मत दिये। वहीं सिसई विधान सभा सी से सबसे कम मत श्याम सुंदर बड़ाईक को 215 प्राप्त हुए हैं। गुमला व सिसई विधान सभा की तरह विशुनपुर विधान सभा में भी जनता ने तीन प्रत्याशियों को छोड़कर सभी को लगभग नकार दिया है। विशुनपुर से 14 प्रत्याशी चुनाव लड़े थे। जिसमें सबसे अधिक मत झामुमो प्रत्याशी चमरा लिंडा को 100336 मिले। वहीं भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव को 67580 मत प्राप्त हुए। जबकि निर्दलीय प्रत्याशी जगन्नाथ उरांव को 10899 मत मिले। विशुनपुर विधान सभा में सबसे कम मत बुद्धिमान उरांव को 458 प्राप्त हुए। विशुनपुर की जनता ने कई निर्दलीय प्रत्याशी से अधिक नोटा का बटन दबाया। विशुनपुर विधान सभा में नोटा में 6187 मत पड़ा। कांग्रेस से बागी होकर चुनाव लड़ने वाले नेता भी नोटा से कम ही वोट ला सके। जनता जात हार वाले उम्मीदवार को ही अधिक पसंद किये हैं। हालांकि विशुनपुर विधान सभा क्षेत्र में गुमला व सिसई के नोटा से अधिक वोट पड़ा है। विशुनपुर में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रत्याशियों को नकार दिया। यही कारण है कि विशुनपुर में सबसे अधिक 6187 लोग नोटा का बटन दबाना अधिक पसंद किये।

## विधानसभा के चुनाव परिणम से झामुमो कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर



एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाते झामुमो कार्यकर्ता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जारी।** गुमला विधान सभा सीट का परिणाम से जारी प्रखण्ड के झामुमो कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। झामुमो के वरिष्ठ नेता सह प्रखंड सचिव गुलामे मुस्तफा गोविंदपुर के बाजार दांड में जोरदार आतिशबाजी की और हेमंत सोरेन जिंदाबाद, भूषण तिर्की जिंदाबाद का नारा लगाते हुए लड्डू खिलाकर लोगों का मुंह मीठा करवाया। वहीं मौजूद कार्यकताओं ने गुलामे मुस्तफा सहित एक दूसरे को जीत की बधाई दी। मौके पर गुलामी मुस्तफा ने कहा कि गुमला विधानसभा के झामुमो प्रत्यशी भूषण तिर्की की जीत गुमला की तमाम जनता की जीत है। साथी ही कहा कि झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के दुगार्मी सोच का परिणाम है के आधार पर राज्य की जनता ने झारखण्ड की बागडोर पुनः उन्हें सौंप दिया। मौके पर लालखान, सुल्तान खान, बिटु खान, अर्जुन लकड़ा सहीत झामुमो के समर्थक मौजूद थे।

## लोहरदगा के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे: धीरज प्रसाद साहू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** झारखंड में मतगणना के बाद इंडी गठबंधन को प्रचंड बहुमत मिला है और राज्य में फिर से हेमंत सोरेन की सरकार की वापसी हुई है। जिसके बाद राज्य की राजनीति गरमाई हुई है। हेमंत सरकार की वापसी को लेकर कई नेताओ ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त किया है। इसी को लेकर कांग्रेस के झोली में लोहरदगा सीट दिलवाने वाले कांग्रेस के पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने राज्य सरकार की वापसी को लेकर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त कर कहा राज्य को फिर से आदिवासी मुख्यमंत्री मिलने वाले हैं और नए जोश के साथ विकास का राज्य में कार्य होगा। पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने राज्य



धीरज प्रसाद साहू

वासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा झारखंड की जनता ने फिर से इंडिया गठबंधन पर विश्वास किया है उसके लिए सभी झारखंड की जनता को मै बधाई देता हूं और जिस तरह से सरकार ने कार्य किया है वो काबीले तारीफ है झारखंड बना ही है आदिवासियों के लिए झारखंड को और आदिवासियों को बढ़ाने के लिए एक अच्छा अवसर मिलेगा और हमें फिर से आदिवासी मुख्यमंत्री मिलेंगे और नए जोश के साथ काम होगा। उन्होंने कहा कि लोहरदगा में जो जीत मिली है उसपर हमलोग खरा उतरेंगे। लोहरदगा का विकास होना चाहिए और हमलोग लोहरदगा के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

## डॉ रामेश्वर उरांव की शानदार जीत को लेकर निकाली गई विजय जुलूस



जुलूस में शामिल लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कैरो।** झारखंड विधानसभा चुनाव में लोहरदगा सीट से डॉ रामेश्वर उरांव की दूसरी बार जीत को लेकर प्रखंड मुख्यालय में विजय जुलूस निकाली गई। विजय जुलूस में जमकर थिरके लोग। विजय जुलूस मुख्य चौक से प्रारम्भ होकर उतका होते हुए नायाटोली तक निकाली गई। जिसमें रंग गुलाल लगते हुए एक दूसरे को जीत की बधाई देकर रामेश्वर उरांव जिंदाबाद, धीरू बाबू जिंदाबाद के नारा लगाया गया। जुलूस के दौरान जमकर आतिशबाजी की गई। जुलूस में शामिल लोग झूमते नजर आए। इस दौरान एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर बधाई भी दी। विजय जुलूस में प्रखंड अध्यक्ष अनीश अहमद, बुधुवा उरांव, नाजिम अंसारी, इंतखाब आलम, समरुद्दीन अंसारी, विजय उरांव, विजय कुमार एक्का, राम उरांव, सहित कैरो, उतका, टाटी, खरता, बकसी, साढ़ाबे सहित प्रखंड क्षेत्र के पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सार्वजनिक जीवन में आए हैं तो

## जनता की समस्या के निदान के लिए हमेशा तत्पर रहे: सुखदेव



सुखदेव भगत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** झारखंड में मतगणना के बाद इंडी गठबंधन को प्रचंड बहुमत मिला है और राज्य में फिर से हेमंत सोरेन की सरकार की वापसी हुई है। वही एनडीए और इंडी गठबंधन के कई दिग्गज नेताओं ने हार का मुंह देखा है जिसके बाद राज्य में सियासत तेज है। लोहरदगा से कांग्रेस सांसद सुखदेव भगत ने जीते हुए सभी उम्मीदवारों को जीत की शुभकामनाएं दी है साथ ही हारे हुए उम्मीदवार को सार्वजनिक हित में कार्य करने का सुझाव देते हुए लोकतंत्र में जनादेश को स्वीकार करने की बात कही है। साथ ही शांतिपूर्ण और सफल तरीके से राज्य में चुनाव संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक व्यवस्था को सांसद ने बधाई दिया है।

कांग्रेस सांसद सुखदेव भगत ने कहा लोकतंत्र में जो जनादेश मिले उसे स्वीकार करना चाहिए और जिनको जीत मिली उनको मै शुभकामनाएं दूंगा और जो हार गए उनको मै सुझाव दूंगा अगर आप सार्वजनिक जीवन में आए हैं तो जनता की समस्या के निदान के लिए हमेशा तत्पर रहे। चुनाव में एक विचार धारा की लड़ाई है आपस में मतभेद न रहे।

**खीस्त राजा के लगते रहे गगन भेदी नारे, पवित्र संक्रामेंट के साथ बिशप चल रहे थे सज्जे हुए वाहन में**

## जारी के विभिन्न पल्ली में मनाया गया खीस्त राजा का पर्व

**जारी।** जारी प्रखंड के जरमाना, बारडीह, परसा तथा भिखमपुर पल्ली में खीस्तीय विश्वासियों ने खीस्त राजा का पर्व मनाया। सबसे पहले सभी गिरजाघरों में मिस्सा अनुष्ठान का आयोजन किया गया। मिस्सा अनुष्ठान जरमाना पल्ली मे फादर निरंजन एक्का, बारडीह पारिश में फादर अजीत केरकेट्टा, भिखमपुर पारिश में फादर ग्रेगोरी कुल्लू, परसा पारिश में फादर अमित डांग ने मुख्य अधिष्ठाता की भूमिका निभाया। तत्पश्चात जुलूस निकाला गया।

## शोभायात्रा का सर्वधर्म सदभावना मंच के सदस्यों ने किया स्वागत

**गुमला।** खीस्त जयंती पर मसीही समाज के द्वारा निकाले गये शोभायात्रा का स्थानीय टावर चौक में सर्वधर्म सदभावना मंच के द्वारा स्वागत किया गया। स्वागत के दौरान सर्वधर्म सदभावना मंच के अध्यक्ष एएनपी श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष मोहम्मद खालिद, संरक्षक मुरली मनोहर प्रसाद, संरक्षक मोहम्मद अकील रहमान, संरक्षक फादर क्रिस्टोफर लकड़ा, रविंद्र सिंह, बृज अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## खीस्त हमारे मुक्ति दाता हैं: बिशप लिनुस

### खीस्त राजा जयंती पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** खीस्तीय विश्वासियों द्वारा खीस्त राजा पर्व के अवसर पर रविवार को भव्य शोभायात्रा शहर में निकाली गई। शोभायात्रा संत पात्रिक मैदान से आरंभ हुआ जो शहर के मुख्य मार्गों में घूमी। शोभायात्रा के दौरान खीस्त राजा अमर रहे, खीस्त राजाओं के राजा हैं जैसे गगन भेदी नारे धर्म विश्वासी लगाते रहे। शोभायात्रा में बिशप लिनुस पिंगल एक्का सज्जे हुए वाहन में पवित्र संक्रामेंट के साथ चल रहे थे। संक्रामेंट वाले वाहन के आगे बच्चियां फुलों की वर्षा कर रही थी। शोभायात्रा में शामिल धर्म विश्वासी प्रभु खीस्त का गुणगान करते हुए अपनी आस्था व भक्ति प्रगट की और कतार बद्ध तरीके से शोभायात्रा में प्रभु की महिमा पर गीत गाते चल रहे थे। तेरा वचन मेरे लिये प्रभु, खीस्त राजा आओ आदि गीत विश्वासी गा रहे थे। खीस्त राजा की शोभायात्रा में लोग कई आकर्षक झाकियां लेकर शामिल हुए। शोभायात्रा संत पात्रिक मैदान से आरंभ होकर सिसई रोड होते हुए टावर चौक, थाना रोड, लोहरदगा रोड, मेन रोड होते हुए संत पात्रिक मैदान में जाकर समाप्त हुआ। खीस्त राजा की जयंती के अवसर पर मसीही विश्वासियों द्वारा अपने घरों के सामने आकर्षक झाकियां बनाई गई। बच्चे-बच्चियां भी पीछे नहीं रहे और कई आकर्षक झांकी की चरिचित्रण किया। शोभायात्रा में दाउद नगर, रश्मि नगर, बेहराटोली, सरना टोली, पुगु, डुमरटोली, करमडीपा, चंपा नगर, संत इग्नासियुस, उर्सु लाईन कान्वेंट, संत अन्ना छात्रावास, लीवंस छात्रावास, संत पात्रिक स्कूल, सोसो आदि स्थानों से छात्र-छात्राएं व धर्म विश्वासी शामिल हुए।



खीस्त राजा शोभायात्रा में बनायी गयी झांकी

संत पात्रिक स्थित मैदान में बिशप लिनुस पिंगल एक्का के द्वारा पवित्र खीस्तागी मिस्सा पूजा बलिदान चढ़ाया गया। मिस्सा पूजा में शामिल धर्म विश्वासियों को संबोधित करते हुए बिशप ने कहा कि खीस्त राजा मुक्ति दाता थे। खीस्त राजाओं के राजा है। उन्होंने कहा कि खीस्त मसीही विश्वासियों को जीवन जीने की राह दिखलाता है। उन्होंने कहा कि ईश्वर की महिमा के बदौलत खीस्त राजा ने हजारों शोषितों को मुक्ति का मार्ग दिखाया। धर्म विश्वासी खीस्त राजा को अपना आदर्श मानते हुए उनके बताये मार्ग पर चले। उन्होंने कहा कि पूरे विश्व में खीस्त राजा को याद कर मसीही विश्वासी उन्हें नमन कर रहे हैं। मौके पर कई पुरोहित सहित हजारों की संख्या में मसीही विश्वासी शामिल हुए।

## निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

**चैनपुर।** चैनपुर में ईसाई समुदाय ने खीस्त राजा पर्व धूमधाम से मनाया। रविवार को ईसाई समुदाय के लोगों ने राजा खीस्त का सुसज्जित रथ के साथ एक भव्य शोभा यात्रा निकाली। जिसमें चैनपुर भिखारियेट क्षेत्र के काफी संख्या में लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान फॉदर जेफ्रियानुश के अगुवाई में स्थानीय चर्च परिसर से शोभायात्रा निकाली गई। चर्च से निकली गई यह शोभा यात्रा चर्च रोड, सोहन चौक, अल्बर्ट एक्का चौक, बस स्टैंड, मेन रोड, ब्लॉक चौक होते हुए चर्च परिसर में शोर्भायात्रा समाप्त हुई।

## बीमरला व नवडीहा पल्ली में धूमधाम से मनाया गया खीस्त राजा पर्व

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के बीमरला और नवडीहा पल्ली में ईसाई समुदाय द्वारा खीस्त राजा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। ईसाई समुदाय के लोगों ने इस क्रम में शोभायात्रा निकाला। शोभा यात्रा गांव के विभिन्न चौक चौराहे होते हुए पुनः पल्ली पहुंचा। जहां मिस्सा अनुष्ठान हुई। वहीं पल्ली पुरोहित ने कहा कि प्रभु यीशु हमेशा लोगों से प्रेम करना सिखाया है। बुराइयों को मिटाने के लिए प्रभु यीशु ने जन्म लिया था।

**एक नजर में**

## फरवरी माह में आयोजित होगा चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा का भव्य सम्मेलन



बैठक करते लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के जिला संयोजक मंडली की एक बैठक मुख्य संयोजक राजेंद्र वर्मा की अध्यक्षता में यदुवीर धर्मशाला में संपन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया की अगले वर्ष फरवरी 2025 में चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा का पारिवारिक मिलन समारोह एवं जिला सम्मेलन का भव्य आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में जिले के चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा परिवार के साथ-साथ प्रदेश के अगुआ भी शामिल होंगे। सम्मेलन सह पारिवारिक मिलन समारोह में चंद्रवंशी परिवार के सदस्य एक दूसरे से मिलेंगे और समाज की उन्नति पर चर्चा करेंगे। सम्मेलन के आयोजन को ले एक संयोजक मंडली का गठन किया गया है ,जो कार्यक्रम का सफल आयोजन करेगी। गांव-गांव जाकर सम्मेलन का प्रचार-प्रसार किया जाएगा एवं सब की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी । सम्मेलन में युवाओं एवं महिलाओं का विशेष योगदान हो इसके लिए भी आयोजन समिति कार्य करेगी। यह आयोजन चंद्रवंशी क्षत्रिय समाज के लिए पहला एवं ऐतिहासिक सम्मेलन हो ऐसी व्यवस्था की जा रही है। सम्मेलन से चंद्रवंशी समाज अपनी एकता एवं एकजूटता का परिचय देगी। लोहरदगा जिला चंद्रवंशी समाज के इतिहास मैं पहला अवसर होगा जब चंद्रवंशी समाज का प्रत्येक घर एवं प्रत्येक परिवार इसमें अपना योगदान एवं भागीदारी निभाएगा । बैठक में आयोजन समिति के मुख्य संयोजक राजेंद्र वर्मा, सहसंयोजक प्रदीप नारायण सिंह विकास वर्मा, सागर वर्मा, परमेश्वर वर्मा, उत्पल वर्मा, अमित वर्मा, कोषाध्यक्ष अरविंद वर्मा एवं ज्योति वर्मा प्रवक्ता- सागर वर्मा और मीडिया प्रभारी अवनी वर्मा को बनाया गया है। कार्यक्रम के मार्गदर्शन के लिए मार्गदर्शक मंडल का भी गठन किया गया। जिसमें मुनिंद्र प्रसाद, राम अवतार वर्मा, लखन वर्मा, जगदीश वर्मा, श्याम सुंदर वर्मा, चमार राम, आदि शामिल किया गया है। इस बैठक में यह भी तय किया गया कि आयोजन समिति की अगली बैठक 01 दिसंबर को 11:00 बजे यदुवीर धर्मशाला में होगी इसमें महिला एवं युवा समिति का भी गठन किया जाएगा, जो इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में अपनी भागीदारी निभाएंगे।

## सड़क निर्माण कार्य में लगा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलटा, चालक की हुई मौत



मृतक चालक का शव



रोड निर्माण कार्य में लगा ट्रैक्टर पलटा हुआ

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के बरटोली मोड़ के समीप रविवार को रोड में मिट्टी भर रहे ट्रैक्टर के अनियंत्रित होकर खेत में जा गिरने से चालक सूरज लोहरा पिता कृष्णा लोहरा की मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चैनपुर से जारी तक सड़क निर्माण कार्य में ट्रैक्टर से मिट्टी भरने का काम किया जा रहा है। उसी दौरान सूरज लोहरा का ट्रैक्टर अचानक बंद हो गया। जिसके बाद सूरज लोहार ने ट्रैक्टर को पंप मारने की कोशिश की तभी अचानक गाड़ी लुढ़कने लगा और रोड से नीचे गिर कर पलट गई। जिसके चपेट में ड्राइवर सूरज लोहरा आ गया और उसकी मौत हो गई। घटना के बाद तत्काल उसे चैनपुर अस्पताल इलाज हेतु ले जाया गया। जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर घटना के बाद परिजनों का रो रो के बुरा हाल है। वहीं घटना की सूचना पर चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी, एसआई अरुण सिंह सहित चैनपुर थाना के जवान घटनास्थल पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल गुमला पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। वहीं ट्रैक्टर को चैनपुर थाना परिसर में रखा गया है।

## सड़क सुरक्षा व अपराध नियंत्रण को लेकर चैनपुर पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान



वाहनों की जांच करते चैनपुर पुलिस

**चैनपुर।** चैनपुर मुख्यालय क्षेत्र के थाना मोड़ के समीप सड़क सुरक्षा को लेकर चैनपुर थाना प्रभारी कुन्दन चौधरी के नेतृत्व में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान दो पहिया वाहन के हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, पॉल्यूशन तथा कागजों की जांच की गई। थाना प्रभारी कुन्दन चौधरी ने बताया की सड़क सुरक्षा को लेकर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है और आगे भी नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलता रहेगा। सभी वाहन चालक जब अपने घरों से निकले तो हेलमेट का प्रयोग करें एवं गाड़ी से संबंधित सभी कागजात अपने साथ रखें। नशापान कर गाड़ी न चलाएं। वहीं थाना प्रभारी के द्वारा सभी अभिभावकों से अपील की गई की वे अपने नबालिक बच्चों को स्कूल जाने के लिए गाड़ी न दे क्योंकि आए दिन देखा जा रहा है कि कम उम्र के बच्चे सड़क हादसे का शिकार हो रहे हैं और हादसे में मौतें भी हो रही है। इसलिए सभी अभिभावक को इस पर जागरूक होने की जरूरत है। मौके पर चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी, एसआई विजय उरांव सहित थाने के जवान मौजूद थे।

## अज्ञात अपराधियों ने हाईवा पर चार-पांच राउंड की फायरिंग, वाहन पलटा, चालक घायल, दशहत

# पुलिस ने फायरिंग किये जाने जैसी घटना से किया इनकार



घायल युवक।



वाहन सीधाकर जांच करती पुलिस।



घटना स्थल पर मौजूद डीवीसी कंपनी के अधिकारी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** हेरहंज थाना अंतर्गत डीही-नवादा मार्ग में जानी ग्राम में रविवार की सुबह करीब पांच बजे तूबेद से कुसमाही साईडिंग तक कोयला परिवहन कर रहे हाईवा जेएच 19ई 2561 के उपर अज्ञात अपराधियों ने अचानक गोली चला दी। हाईवा रिंकू यादव बालूमाथ निवासी की बताई जा रही है। इस घटना के बारे में हाईवा चालक विकास भगत 20 वर्ष चकला अरंडियाटांड़ चंदवा निवासी से पूछे जाने पर बताया कि सुबह करीब पांच बजे तूबेद साईडिंग से कुसमाही के लिए कोयला लेकर जा रहा था इस दौरान जानी स्थित पुल के पास शौच के लिए रूका और शौच के बाद मै गाड़ी स्टार्ट करके थोड़ा दुर गया ही था कि अचानक जंगल से आकर एक व्यक्ति के द्वारा फायरिंग शुरू कर दिया। जिससे मै गाड़ी से नियंत्रण खो बैठा और दाहिना ओर गढ्ढे में गाड़ी जा गिरा और वाहन पलटी कर गया और मैं करीब 15 से 20 मिनट तब वाहन के अंदर ही रहा जिसके बाद मै बांई ओर का सीसा खोलकर बाहर निकला। फिर बालूमाथ साइड से आ रही हाईवा के ड्राईवार के द्वारा मुझे तूबेद लाया गया फिर मुझे वहां से लातेहार सदर अस्पताल लाया गया। फिर डॉक्डर विवेक विद्यार्थी के द्वारा प्राथमिक ईलाज के बाद रांची रेफर कर दिया। इस घटना की सुचना मिलने पर संवाददाता के द्वारा घटना स्थल पहुंच कर घटना स्थल का जायजा लिया।

जायजा लेने के बाद मालूम हुआ कि अपराधियों के द्वारा करीब चार-पांच राउंड फायरिंग की गई है। फायरिंग से वाहन के आगे छेद का निशान भी है। लेकिन इस मामले में हेरहंज थाना प्रभारी कृष्णपाल सिंह परवईया से गोली चलने की बात पुछने पर कहा कि हाईवा पलटी है लेकिन गोली चलने की बात पर पुलिस हर पहलु पर जांच कर रही है। अभी तक गोली चलने की पुष्टि नहीं हुई है। वहीं घटना स्थल पर डीवीसी कंपनी के बलराम पांडेय, रूपेश पांडेय, धनंजय सिंह, इश्तेखार आलम, निरू पासवान, मनीष अग्रवाल, मोहर सिंह, प्रीतम सिंह, जय सिंह, प्रिंस सिंह पहुंचकर मामले की छानबीन की।

## प्रकाश राम के जीत पर बालूमाथ में बांटी मिठाई जमकर फोड़े गए पटाखे



पटाखे फोड़ते कार्यकर्ता।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

बालूमाथ। बालूमाथ भाजपा प्रत्याशी प्रकाश राम के जीत होने के खुशी पर उनके समर्थकों ने बालूमाथ में जश्न मनाते हुए जमकर पटाखे फोड़कर और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाइयां दी। इधर मुरपा मोड में उसके समर्थकों ने बड़ा एलईडी लगाकर पल-पल के रिजल्ट को देखकर उत्साहित हो रहे थे। यो ही प्रकाश राम की जीत की घोषणा हुई। मुरपा मोड में बैंड बाजे के धुन पर लोग जमकर थिरकते नजर आए।

इस मौके पर सुमन सिन्हा, विनय कुमार गुड्डू साहू, पंकज केसरी, मुकेश सोनी, अर्जुन साव, ज्ञानी पांडे, संजय यादव रामदेव साव,नामेश्वर गुप्ता, पंकज सिन्हा समेत कई लोगों ने पूरे बालूमाथ में घूम-घूम कर जमकर आतिशबाजी की।

## 12 घंटे से बिजली गुल उपभोक्ता परेशान

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड के बालूमाथ, बरियातु एवम हेरहंज प्रखंड के 174 गाँव मे पिछले 12 घंटे से बिजली बाधित है। बिजली मिस्त्री रिकेश कुमार ने बताया कि कुशमाही रेलवे साइडिंग के पास बिजली का केवल ब्लास्ट हो जाने के कारण बालूमाथ, बरियातू एवं हेरहंज प्रखंड मैं बिजली बाधित है। उन्होंने ने कहा की बिजली बहाल करने के लिए बिजली विभाग की टीम कार्य कर रही है। इधर सुबह 4:00 बजे से ही बिजली गुल होने के कारण उपभोक्ता परेशान है। उपभोक्ताओं ने कहां के बालूमाथ के कुशमाही रेलवे साइडिंग के पास बराबर केबल ब्लास्ट होने की शिकायत होती है और बालूमाथ का बिजली गुल हो जा रहा है। इसलिए कुशमाही रेलवे साइडिंग के पास बिजली विभाग दूसरा व्यवस्था कर बिजली बहाल करें। ताकि बार-बार बिजली बाधित नहीं हो उपभोक्ताओं ने बिजली विभाग से शीघ्र बिजली बहाल करने की मांग की है।

## जीत दर्ज करने के बाद नगर मंदिर पहुंचे प्रकाश राम, लिया आशीर्वाद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



नगर मंदिर में माथा टेकते प्रकाश राम।

**चंदवा।** बेहद रोचक व संघर्षपूर्ण मुकाबले में लातेहार विधानसभा क्षेत्र से जीत दर्ज करने के बाद भाजपा के विजयी उम्मीदवार प्रकाश राम शनिवार की देर रात्रि चंदवा के नगर स्थित मां उग्रतारा नगर मंदिर पहुंचे, जहां मां के चरणों में माथा टेक मां का आशीर्वाद लिया व लातेहार विधानसभा क्षेत्र के समस्त जनता का आभार भी जताया। मौके पर प्रकाश राम के साथ मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता, महेंद्र साहू, दीपक निषाद, राजकुमार पाठक, रविराज, रिकी वर्मा समेत कई युवा कार्यकर्ता भी उनके साथ थे।

**प्रकाश राम का विजय जुलूस आज**

लातेहार विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी प्रकाश राम की जीत की खुशी में सोमवार को चंदवा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार के नेतृत्व मे भब्य विजय जुलुस निकाली जाएगी। जुलस मे नवनिर्वाचित विधायक प्रकाश राम भी मौजूद रहेंगे। मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि विजय जुलूस सुबह साढ़े 11 बजे स्थानीय होटल हाईवे हिल परिसर से निकलकर इंदिरा चौक मेन रोड होते हरैया मोड़, शुक्रबाजार होकर चांदनी चौक अलौदीया में सम्पन्न होगा। उन्होने चंदवा मण्डल में निवास करने वाले सभी पदाधिकारी, मंडल कार्यसमिति सभी मंच मोर्चा के अध्यक्ष, महामंत्री,सभी मंच मोर्चा के पदाधिकारी,सभी पंचायत के पंचायत अध्यक्ष, सभी पंचायत के पंचायत कमेटी के पदाधिकारी, सभी बूथों के बूथ अध्यक्ष, सभी बूथों के बूथ कमेटी, वरिष्ठ भाजपाई व आम लोगो को, विजय जुलुस में शामिल होने का आग्रह किया है।

## बारियातू के पूर्व उप प्रमुख के बरामद कंकाल को किया दास संस्कार, मातम मे छाया गांव

**खबर मन्त्र संवाददाता**



अंतिम संस्कार के लिए ले जाते परिजन।

**बारियातू।** प्रखंड के पूर्व उप प्रमुख गौरी शंकर उरांव का कंकाल 38 दिनों बाद बरामद होने बाद जाँच प्रकिया के पश्चात रविवार को कंकाल को परम्परिक तरीके से स्थानीय मुक्तिधाम मे अंतिम संस्कार कर दिया गया। आपको बताते चले की बालूमाथ-मैक्लुस्कीगंज थाना पुलिस ने शुक्रवार को दामोदर नदी के समीप बघमरी जंगल के गढ्ढे से 38 दिनों बाद बारियातू उप प्रमुख गौरी शंकर उर्फ मोहन उरांव का कंकाल और मोटरसाइकिल, मोबाईल सहित अन्य सामग्री बरामद किया गया था । जिसे जाँच प्रक्रिया के बाद पुलिस ने परिजनों को कंकाल सौंप दिया। पत्नी लक्ष्मी देवी,पुत्री रिया (10)पुत्र रितेश कुमार (7) सहित आसपास मे मातम पसरा हुआ है। आपको बताते चलें की 2010 के पंचायत चुनाव मे फूलसु पंचायत से पंसस मे विजयी होने के बाद उप प्रमुख भी निर्वाचित हुए थे और 2015 तक बेहतर कार्य किया था। सामाजिक व्यक्ति के साथ मिलनसार व्यक्ति थे। लोगों को आंसू नहीं थम रहा था। दाह संस्कार मे बारियातू के पूर्व मुखिया प्रमोद उरांव, फूलसु पंचायत के पूर्व मुखिया अर्जुन उरांव, समाज सेवी राजेश भगत, जगदीश भगत, किशोर भगत, विश्वनाथ, रामेश्वर उरांव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## चंदवा पल्ली में धूमधाम से मनाया गया खीस्त राजा पर्व, लगा मीना बाजार

# प्रभु यीशु खीस्त का सम्पूर्ण जीवन गरीबो के कल्याण के लिए समर्पित था: फादर जोसेफ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मिस्सा पूजा अनुष्ठान कराते फादर जोसेफ।



खीस्त राजा पर्व के मौके पर चंदवा में निकाली गयी।

**चंदवा।** काथोलिक चर्च चंदवा में रविवार को खीस्त राजा पर्व धूमधाम में साथ मनाया गया। सर्वप्रथम फादर फादर जोसेफ एक्का की अगुवाई में मिस्सा पूजा अनुष्ठान कराया गया। जिसमें फादर सिंदुरिया, फादर मार्सल, फादर प्रदीप पन्ना, अल्फोंस ने उनका साथ दिया। मिस्सा अनुष्ठान के बाद भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जो कैथोलिक आश्रम से निकलकर संत अन्ना कान्वेंट मैदान, मेन रोड, होते कैथोलिक आश्रम पहुंची जहां पवित्र सक्रामेंत की अराधना की गयी। मौके पर संदेश देते हुये फादर जोसेफ एक्का, संजय, फादर प्रदीप पन्ना, एमानुएल केरकेट्टा ने प्रभु येशु के बताये मार्ग का अनुशरण कर जीवन में आगे बढ़ने का संदेश दिया। कहा कि प्रभु यीशु खीस्त का सम्पूर्ण जीवन गरीबो के कल्याण के लिए समर्पित था। हम सभी को उनके द्वारा बताए गए सच्चाई व अच्छाई के मार्ग को अनुसरण करना चाहिए।

**मीना बाजार का हुआ आयोजन**

इधर पवित्र सक्रामेंत में आराधना के उपरांत खीस्त राजा विद्यालय के बच्चों के द्वारा मीना बाजार का आयोजन किया गया। जहां विद्यालय के बच्चों के द्वारा एक के बढ़कर एक लजीज व्यंजन परोसा गया, जिसका लुत्फ अभिभावकों एवं मीना बाजार में आये लोगो ने उठाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में काथोलिक सभा के अध्यक्ष स्टेफन मिंज, सुमन सुनील सोरेंग, राजेश लकड़ा, फिलिप बागे, प्रमोद कुजूर, धवल कुजूर, कुलदीप लकड़ा, महिला सभा, युवा संघ समेत खीस्तीय विश्वासियों ने अहम भूमिका निभाई।

## रामचंद्र सिंह के ऐतिहासिक जीत पर गारू में निकला विशाल विजय जुलूस



विजय जुलूस में शामिल गठबंधन नेता और कार्यकर्ता।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** मनिका विधानसभा से महागठबंधन उम्मीदवार रामचंद्र सिंह की ऐतिहासिक जीत के बाद रविवार को गारू प्रखंड मुख्यालय में महागठबंधन के नेताओं के द्वारा विजय जुलुस निकाला गया। विजय जुलुस की शुरूआत गाजे बाजे के साथ प्रखंड मुख्यालय के पंचायत सचिवालय से की गई। जिसमें सैकड़ों की संख्या में महागठबंधन के नेताओं के साथ जिला परिषद संतोषी शेखर विधायक पुत्र और यूथ कांग्रेस के प्रदेश समन्वयक विजय बहादुर सिंह, प्रखंड प्रमुख बीस सूत्री अध्यक्ष कलाम अंसारी, विधायक प्रतिनिधि मनोज यादव, बीस सूत्री सदस्य पवन कुमार समेत कई नेताओं ने शिरकत की। विजय जुलुस में शामिल सभी लोगो ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाने के साथ मिठाई खिला कर बधाई दी। इस दौरान समर्थको के द्वारा जमकर आतिशबाजी करते हुए नारे भी लगाए गए। विजय जुलुस देर शाम खत्म हुआ। मौके पर पूर्व सांसद प्रतिनिधि ओम प्रकाश गुप्ता, अलोक सिंह, बहाउद्दीन अंसारी, रिजवान अहमद, हिमांशु गुप्ता रिकी, संजीव सिंह, राजू सिंह, संजीव श्रीवास्तव अजित सिंह, बिक्की सिंह, लक्ष्मण सिंह, रामदेव उरांव और गुलामे रजा समेत काफी सख्या में महागठबंधन के नेता और समर्थक मौजूद थे।

## भाजपा व झामुमो के बीच चंदवा में दिखा कड़ा संघर्ष, बेहद कम रहा वोटों का फासला

# भाजपा का मजबूत संगठन व टीम वर्क बना जीत का मन्त्र

**भाजपा के लिए निर्णायक रहा सुदूरवर्ती बरवाटोली पंचायत**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** राज्य में विधानसभा चुनाव 2024 का मतगणना 23 नवंबर शनिवार को सम्पन्न हो गया। मतगणना पूर्ण होने के बाद भाजपा, इंडी गठबंधन समेत अन्य दलों के लोग किस क्षेत्र में पार्टी को नफा और कहां नुकसान हुआ इसके जोड़ घटाव में जुट गए हैं। जहां लातेहार विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार प्रकाश राम को बड़े ही संघर्षपूर्ण मुकाबले में महज 434 मतों के अंतर से जीत हासिल हुई। लातेहार विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले चंदवा प्रखंड में इस बार झामुमो और बीजेपी के बीच बहुत ही रोचक व कड़ा संघर्ष देखने को मिला। जहां भारतीय जनता पार्टी विगत लोकसभा चुनाव में भाजपा को मिले चंद्र प्रखंड से बढ़त को बरकरार रखने की लड़ाई लड़ रही थी वहीं झामुमो 2019 विधानसभा चुनाव में मिली बढ़त को करकरार रखने के लिए जद्दोजहद कर रही थी। वोटरों की संख्या के लिहाज से विधानसभा क्षेत्र का सबसे बड़ा प्रखंड होने के नाते दोनों ही दल चंदवा प्रखंड को हर हाल में जितने को लेकर एड़ी चोटी का जोड़ लगा रखा था, जेएमएम प्रत्याशी वैद्यनाथ राम के पक्ष में झामुमो की स्टार फायरब्रांड नेत्री कल्पना सोरेन ने चंदवा के जमीरा पंचायत में वैद्यनाथ राम के पक्ष में जनसभा की थी, जिसका लाभ भी जेएमएम को मिला, वहीं भाजपा बड़े नेताओं का सभा चंदवा में करने के बजाए गांव-गांव व टोले-टोले में प्रत्याशी प्रकाश राम के चेहरे को आगे छोटी सभाओं व बैठकों पर जोर दिया, जिसका लाभ भाजपा को मिला व परिणाम रहा कि मंईयाँ सम्मान योजना के वजह से महिलाओं में झामुमो के प्रति भारी रुझान होने के बाद भी कड़ा संघर्ष करने में सफल रही। आंकड़ों के अनुसार भाजपा व झामुमो दोनो पार्टियों को चंदवा प्रखण्ड में 24 हजार 500 से अधिक मत मिला है व दोनो के बीच फासला बेहद कम रहा।

### भाजपा के लिए निर्णायक रहा सुदूरवर्ती बरवाटोली पंचायत



प्रकाश राम।



अमित कु. गुप्ता चंदवा मंडल अध्यक्ष।

2009 विधानसभा चुनाव के 15 वर्ष बाद एक बार फिर से लातेहार विधानसभा क्षेत्र से जीत की कुंजी चंदवा के सुदूरवर्ती पंचायत बरवाटोली के मतदाताओं के हांथो थी, जहां से भाजपा ने बढ़त हासिल की। यहां भाजपा के प्रत्याशी प्रकाश राम को 2050 जबकि झामुमो प्रत्याशी को 999 मत मिला, जो अंत में निर्णायक साबित हुआ। चंदवा से बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए भाजपा ने मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता की अगुवाई में कई रणनीतियों पर काम किया था, जिसमें पंचायतवार टीम बनाकर टीम वर्क में चुनावी कैंपेनिंग की गई। प्रखंड प्रमुख के पति सह आदिवासी नेता राजू उरांव को उनके गृह पंचायत बरवाटोली व नजदीकी लाधुप पंचायत से भाजपा को बढ़त दिलाने की जिम्मेदारी सौंपी थी जिस पर खरा उतरते हुए राजू उरांव ने दोनों ही पंचायत में भाजपा के प्रदर्शन को काफी बेहतर कर दिया। इसके अलावा हुटाप पंचायत में भाजपा से जुड़े आदिवासी युवा नेता बालेश्वर गंझू, चेतर पंचायत से पूर्व विधायक प्रतिनिधि राजन भगत, चंदवा शहरी क्षेत्र से मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता, महेंद्र प्रसाद साहू, रविराज, सूर्य नारायण साहू, अलौदिया पंचायत कुलमान साहू, दीपक निषाद, विजय साहू, रामप्रसाद साहू, जमीरा पंचायत में आशीष सिंह, पूर्व मुखिया बैजू मुंडा, शंकर मुंडा, राजेश यादव, रविन्द्र यादव, अनिल यादव, पूर्वी जिला परिषद क्षेत्र से रोहित यादव, राजेन्द्र यादव, सेरक पंचायत से राजकुमार पाठक, माल्हन से सुनील मुंडा समेत कई नेता व कार्यकताओं की फौज लगी हुई थी। जिसका लाभ भाजपा को हुआ व लातेहार विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी की जीत में निर्णायक भी साबित हुआ।

# मनिका प्रखंड में विधायक रामचंद्र सिंह के जीत के बाद किया गया भव्य स्वागत

- सर्वप्रथम विधायक रामचंद्र सिंह ने स्व. गौरी प्रसाद साहू के चित्र पर किया माल्यार्पण
- कार्यकताओं ने मिठाई खिला कर दी जीत की बधाई
- जनता ने फिर से मुझ पर जताया विश्वास,विश्वास पर खरा उतरना मेरा काम: रामचंद्र सिंह



विधायक श्री सिंह को जीत की बधाई देते कार्यकर्ता।



विजयी जुलूस में शामिल लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका विधानसभा क्षेत्र से महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र सिंह को दूसरी बार भारी मतों से जीत प्राप्त होने पर मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित पचफेड़ी चौक के समीप हजारों की संख्या में महागठबंधन के कार्यकताओं के द्वारा विधायक रामचंद्र सिंह का भव्य स्वागत किया गया। वहीं विधायक रामचंद्र सिंह सर्वप्रथम मनिका के एसबीआई रोड स्थित जगपति भवन पहुंचे जहां पर उन्होंने गरीबों के मसीहा कहे जाने वाले समाजसेवी सह कांग्रेस के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष स्वर्गीय गौरी प्रसाद साहू के चित्र पर माल्यार्पण किया। वहीं स्वर्गीय गौरी प्रसाद साहू के पुत्र राजीव रंजन प्रसाद साहू,रंजीत प्रसाद साहू, सुजीत प्रसाद साहू एवं कांग्रेसी नेता दरोगी प्रसाद यादव, विश्वनाथ पासवान, वृंदबिहारी प्रसाद यादव, कामेश्वर प्रसाद यादव, इस्तेखार अहमद, समेत अन्य कार्यकताओं ने विधायक श्री सिंह को फूल माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दिया। जिसके बाद गाजे-बाजे के साथ भव्य विजय जुलूस निकाला गया। वहीं जुलूस पचफेड़ी चौक से होते हुए मुख्य पथ का भ्रमण कर हाई स्कूल के समीप जुलूस का समापन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ता अपने प्रत्याशी की जीत का जश्न काफी उत्साह पूर्वक मानते देखे गए। वहीं रामचंद्र सिंह जिंदाबाद, कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, झारखंड मुक्ति मोर्चा जिंदाबाद व हेमंत सोरेन जिंदाबाद के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज रहा था। मौके पर विधायक श्री सिंह ने कहा कि हमारे इस जीत के लिए कार्यकर्ता, सहयोगी नेता एवं हमारी जनता का पूरा सहयोग मिला है,यह सिर्फ हमारी जीत नहीं जनता की जीत हुई है,जनता ने जो विश्वास जताकर मुझे दूसरी बार सेवा करने का मौका दिया है उस विश्वास पर खरा उतरने का अब मेरा काम होगा।

उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्षों तक जनता के साथ एकजुटता बनाते हुए क्षेत्र में विकास का कार्य तीव्र गति से किए जाएंगे। मौके पर पूर्व मुखिया संजय सिंह, प्रेमचंद प्रसाद, ललू साव, ओमप्रकाश यादव, मिथिलेश पासवान, विशाल पासवान, विजेंद्र पासवान, अकबर अंसारी, रौशन कुमार, तस्लीम अंसारी, संतोष प्रसाद, समेत हजारों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## अडानी ने देश की साख को वैश्विक स्तर पर बट्टा लगाया : अखिलेश

**पटना।** बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने आज कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी ने लगातार अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी को केंद्र की मोदी सरकार का संपोषित नेक्सस बताया, जिसको भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसके सहयोगियों ने झुठलाया लेकिन अमेरिका में हुई हालिया कार्रवाई ने यह साबित कर दिया कि केंद्र सरकार के संरक्षण में देश विदेश में लूट करने की खुली छूट पाएं अडानी ने कैसे देश की साख को वैश्विक स्तर पर बट्टा लगाया है। अमेरिका में अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी पर धोखाधड़ी और रिश्वतखोरी के मामले में गैर जमानती वारंट जारी होने के बावजूद भारत में कार्रवाई नहीं होना उसके केंद्र सरकार के संपोषण में भ्रष्टाचार का नतीजा है। इस मामले पर जेपीसी का गठन कर निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और अडानी की अविलंब गिरफ्तारी होनी चाहिए इन मांगों को लेकर बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह के नेतृत्व में इनकम टैक्स चौराहा पर जोरदार प्रदर्शन किया।

## आभूषण दुकान से 50 लाख के जेवरात की लूट

**समस्तीपुर।** बिहार में समस्तीपुर जिले के नगर थाना क्षेत्र में अपराधियों ने आभूषण दुकान से करीब 50 लाख रुपए मूल्य के जेवरात लूट लिये। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि शनिवार को पांच से अधिक की संख्या में अपराधियों ने पुरानी पोस्ट ऑफिस रोड स्थित अनिल ज्वेलर्स में धावा बोला। इसके बाद अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर दुकान से करीब 50 लाख रुपए मूल्य के जेवरात लूट लिये।

## चोरी के सामान और हथियार के साथ एक शातिर चोर गिरफ्तार

**अररिया।** जिले की भरगामा थाना पुलिस ने रविवार को एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया। इनके घर से एक थ्रीनट, एक जिंदा कारतूस, एक तलवार, एक स्प्रिंग वाला छुरा, एक अहूजा कंपनी का एम्पलीफायर, एक एसर कंपनी का सीपीयू, एक माइक्रोटेक कंपनी का इनवर्टर, दो कीबोर्ड, एक माइक, तीन चार्जर, एक रिमोट तथा एक पीला रंग के गैलन में 5 लीटर देसी चुलाई शराब भी बरामद किया गया। मामले की पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर बैजुपट्टी वार्ड संख्या 04 निवासी इसरुल पिता सलीम के घर का विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी लेने के दौरान उनके घर से विद्यालयों एवं अन्य सरकारी कार्यालयों से चोरी किये गए सामान बरामद हुआ, जिसके बाद इसरुल को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा दिया गया है। बताया गया कि चोरी की घटनाओं के पदार्फाश के लिए थानाध्यक्ष राकेश कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था, जिसमें थानाध्यक्ष के अलावे अपर थाना अध्यक्ष दीपक कुमार, एसआई राजनारायण यादव, एसआई रूपा कुमारी व अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

# प्रत्याशी की जीत की मनौती पूरी होने पर पूर्व मुखिया ने 111 नारियल फोड़ा

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं ने पहली बार नाम की जगह काम को महत्व देते हुए राजद प्रत्याशी समाजसेवी नरेश प्रसाद सिंह को विजयी बनाया है। इससे जनता में खुशी की लहर दौड़ गई है। इस दौरान क्षेत्र के लोग अपनी अपनी तरह से पूजा अर्चना एवं खुशी मनाने के कार्यक्रम में व्यस्त हैं। इसी कड़ी में प्रखंड क्षेत्र के शिवपुर पंचायत के पूर्व मुखिया जय किशुन राम ने भी पूजा अर्चना की। उन्होंने नरेश सिंह की जीत के लिए सतबहिनी भगवती के पास 111 नारियल फोड़ने की मनौती मांगी थी। मनौती पूरी होने पर रविवार को वह बाजा गाजा एवं सैकड़ो लोगों के साथ सतबहिनी भगवती की पूजा करने पहुंचे थे।


मंदिर में उपस्थित लोग।

मौके पर बिश्रामपुर क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक नरेश प्रसाद सिंह के छोटे पुत्र नवनीत कुमार सिंह भी उपस्थित थे। इस दौरान भगवती की विधिवत पूजा अर्चना करने के बाद मौके पर मौजूद नवनीत सिंह के साथ काफी संख्या में लोगों ने मां के सामने बारी बारी से 111 नारियल फोड़ा। जबकि महिलाओं ने पूजा अर्चना के साथ मां के पास देवी गीत गया। इसके साथ ही मां से पूरे विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिए अमन चैन एवं सुख समृद्धि की कामना की गई। इस दौरान लोग प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ में नौ देश शक्तियों के मंदिर सतबहिनी भगवती माता महादुर्गा, महालक्ष्मी, महाकाली, भैरवनाथ, भगवान भास्कर, बजरंग बली, भगवान शिव व नंदी महाराज के मंदिरों में भी पूजा अर्चना की गई। इसके साथ ही सात मंजिली साधना सह समाधि गुफा में समाधिस्थ श्याम दास बाबा का भी दर्शन पूजन किया गया। इस मौके पर काफी संख्या में मौजूद लोगों ने सतबहिनी मां का जयकारा लगाते हुए वीर विधायक जिंदाबाद, नरेश प्रसाद सिंह जिंदाबाद के नारे भी लगा रहे थे। मौके पर मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति के सचिव पंडित मुरलीधर मिश्र, सतबहिनी के संत श्री हरिदास जी महाराज, डॉ प्रमोद कुमार सिंह, जय किशुन राम, प्रियरंजन सिन्हा, सुखदेव साह, शिवपुर पंचायत की मुखिया सोनी देवी, मुखिया प्रतिनिधि अरुण राम, वार्ड सदस्य लालती देवी, नंदकुमार राम, इसराइल अंसारी, श्रीराम, रामलाल, अखिलेश, कमलेश, मनोज पाठक, सागर दास, पुजारी नीतिश पाठक सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## अनंत प्रताप देव की जीत पर रंजनी ने दी बधाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से अनंत प्रताप देव छोटे राजा की जीत पर भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी कुमारी उर्फ रंजनी शर्मा ने बधाई दी है। बधाई देते हुए श्रीमती शर्मा ने कहा है कि छोटे राजा की जीत भवनाथपुर क्षेत्र के लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने का मार्ग प्रशस्त किया है। उनके नेतृत्व में क्षेत्र का विकास और समृद्धि की नई ऊंचाइयों को छूने की आशा है। उन्होंने कहा कि झारखंड के युवा सम्राट हेमंत सोरेन के कुशल नेतृत्व में भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र सहित संपूर्ण झारखंड का समग्र विकास होगा। इनके नेतृत्व में भवनाथपुर में प्रस्तावित 1320 मेगावाट का पावर प्लांट लगवा कर युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य करेंगे। श्रीमती शर्मा ने कहा कि भवनाथपुर क्षेत्र के न्यायाधीश रूपी मतदाताओं को अनंत प्रताप देव पर गर्व है कि यह राजा नहीं फकीर है, भवनाथपुर क्षेत्र की तकदीर है।


जश्न मनाती रंजनी शर्मा।

## डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने को लेकर बैठक

**धुरकी।** थाना परिसर में थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने थाना क्षेत्र के सभी डीजे संचालकों के साथ रविवार को बैठक की। बैठक में हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए थाना प्रभारी ने डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि हम सभी को माननीय न्यायालय के आदेशों का अनुपालन करना परम कर्तव्य है। इसलिए कोई भी त्योहार रामनवमी, मुहर्रम, दुर्गा पूजा, होली, दीपावली सहित अन्य कोई भी त्योहार या शादी विवाह या किसी भी कार्यक्रम में डीजे नहीं बजाने के आदेश का सख्ती से अनुपालन करना होगा। थाना प्रभारी ने बताया कि उच्च न्यायालय के आदेश की प्रति सभी डीजे संचालकों को उपलब्ध करा दी गई है ताकि उन्हें प्रतिबंध के बारे में पूर्ण जानकारी हो सके। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर कोई समारोह में डीजे साउण्ड का संचालन होता है तो उनके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई किया जाएगा।


बैठक करते लोग।

## बिहार में नीतीश कुमार और जदयू का कोई विकल्प नहीं : उमेश

**खगड़िया।** बिहार जनता दल यूनाईटेड (जदयू) के अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि लोकसभा चुनाव और चार विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के परिणाम ने यह साबित कर दिया है कि राज्य में श्री नीतीश कुमार और जदयू का कोई विकल्प नहीं है। श्री कुशवाहा ने रविवार को खगड़िया जिलान्तर्गत टाउन हॉल में जदयू जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में कहा कि लोकसभा चुनाव और चार विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के परिणाम ने यह साबित कर दिया है कि बिहार में हमारे नेता श्री नीतीश कुमार और हमारी पार्टी जदयू का कोई विकल्प नहीं है। बेलागंज की जनता ने राजद के 34 वर्षों का किला ढाहनें का काम किया।

## दुर्घटना में मरे मजदूरों के परिजनों से मिली विधायक

एजेंसी

**नवादा।** नवादा जिले के सदर प्रखण्ड के मुफस्सिल थानांतर्गत गुरम्हा स्टालिन नगर महादलित गांव के 3 मजदूरों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। सभी मृतक और घायल अपने अन्य ग्रामीण और परिजनों के साथ रविवार को गोरखपुर ईंट भट्टा पर काम करने जा रहे थे। तभी हादसा हुआ। बताया गया कि 20-25 की संख्या में मजदूरों को ठेकेदार मैजिक से पटना ले जा रहे थे, तभी हरनौत के पास वाहन सड़क के डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बोधा मांझी 30 वर्ष, मनोज मांझी 40 वर्ष और एक 6 माह की बच्ची की मौत हो गई। जबकि कई लोग घायल हुए। जिसमें से एक को इलाज के लिए पटना भेजा गया है। जबकि, आधा दर्जन लोगों का इलाज नवादा सदर अस्पताल में चल रहा है। घटना की जानकारी के बाद नवादा विधायक विभा देवी एवं जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा राजवंशी मृतकों के घर पहुंची। शोक संतप्त परिवारों से मिलकर ढांढस बंधाई और शवयात्रा में शामिल हुई। पीड़ित परिवार से मुलाकात के दौरान दोनों नेत्रियों ने हर संभव मदद का भरोसा दी। विधायक ने सभी मृतक परिवार को 10-10 लाख रुपए मुआवजा के साथ आश्रितों के परवरिश का जिम्मा उठाने की मांग सरकार से की। विधायक ने कहा कि ईंट भट्ठा पर मजदूरों को जिस तरीके से ले जाया जाता है, न केवल मानवाधिकार का हनन है बल्कि सामाजिक संवेदनहीनता का भी प्रतीक है। विदित हो कि माल ढुलाई का वाहन पिकप मैजिक भान पर 20 से 25 मजदूरों को पटना के लिए रवाना किया गया था,जहां से सभी को ट्रेन पकड़ कर गोरखपुर जाना था। किन्तु हरनौत के पास ही गाडी दुर्घटनाग्रस्त हो गई और एक छः माह की बच्ची समेत 3 लोगों की मौत हो गई। एक की हालत चिंताजनक बनी है। दोनों नेताओं ने इस दुर्घटना के लिए ठेकेदार के साथ साथ स्थानीय प्रशासन को भी जिम्मेवार ठहराया। क्योंकि मजदूरों को ले जाते समय जानमाल की सुरक्षा का कोई मानदंड तय नहीं किया गया है नेत्री द्वय ने भरोसा दिलाया है कि पीड़ित परिवार के इंसाफ हेतु सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ी जायगी उसके हक की आवाज उठाई जायगी। मौके पर नरेशचन्द्र शर्मा, सुरेन्द्र यादव, राजेन्द्र यादव, अजय कुमार, देवकी मांझी, भूषण सिंह, अमित चन्द्रवंशी, मुसो पहलवान, भगवत यादव समेत कई स्थानीय नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## अनुच्छेद-370 हटाकर सरदार पटेल के अधूरे काम को पूरा किया : सम्राट चौधरी

एजेंसी

**पटना।** पटेल सेवा संघ (बिहार) के तत्वावधान में आयोजित भारतरत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 149वीं जयंती समारोह को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि सरदार पटेल ने 565 देशी रियासतों का भारतीय संघ में विलय कर देश की एकता-अखंडता को मजबूत करने में ऐतिहासिक भूमिका निभायी लेकिन तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने अनुच्छेद-370 और 35-ए की असंवैधानिक व्यवस्था कर जम्मू-कश्मीर को शेष भारत से अलग-थलग रखा। प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2019 में अनुच्छेद-370 को हटाकर सरदार पटेल के अधूरे काम को पूरा किया।



इस अवसर पर चौधरी ने अपने कोष से पटेल सेवा संघ (बिहार) को भवन निर्माण के लिए 15 लाख रुपये दिये। चौधरी ने कहा कि पिछड़ा विरोधी मानसिकता वाली कांग्रेस ने सरदार को कभी सम्मान नहीं दिया जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के सरदार सरोवर बांध पर लौह पुरुष की सबसे ऊंची प्रतिमा बनवाकर उन्हें वह सम्मान दिया, जो उनके ऐतिहासिक और महान योगदान के अनुरूप था। लौह पुरुष की प्रतिमा के निर्माण में देश भर का लोहा जोड़ने का विचार भी प्रधानमंत्री मोदी का था। इस प्रतिमा के लिए बिहार की जनता ने भी लौह दान किया है। सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार में सामाजिक न्याय के साथ विकास कर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटेल के आदर्शों को धरातल पर उतार रहे हैं।

# बिहटा-दानापुर एलिवेटेड सड़क निर्माण से आवागमन होगा सुलभ : नीतीश

## सीएम ने एलिवेटेड सड़क और एसडीआरएफ मुख्यालय का लिया जायजा

एजेंसी

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज निमार्णाधीन बिहटा-दानापुर एलिवेटेड सड़क तथा राज्य आपदा मोचन बल, मुख्यालय के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहटा-दानापुर एलिवेटेड सड़क का निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करें। इससे लोगों का आवागमन और सुलभ होगा। साथ ही उनके समय की भी बचत होगी। इस पथ को दानापुर स्टेशन के पास के आरओबी से जोड़ा जाएगा। इसके निर्माण से बिहटा एयरपोर्ट जाना सुगम हो जाएगा।



इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने बिहटा के दिलावरपुर में बनाए जा रहे राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) मुख्यालय के भवन के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। यहां मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) मुख्यालय परिसर में बनाए जा रहे भवनों का निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की तर्ज पर वर्ष-2010 में राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) का गठन किया गया। पहले राज्य आपदा मोचन बल के जवानों को प्रशिक्षण केन्द्र के अभाव में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए दूसरे राज्यों में जाना पड़ता था। अब इन समस्याओं के समाधान के लिए राज्य आपदा मोचन बल के लिए स्थायी संरचना निर्माण किया जा रहा है। जवानों एवं अधिकारियों के रहने सहित अन्य सुविधाओं की यहां व्यवस्था की जा रही है ताकि जवानों को सभी कार्यों के निष्पादन में सहूलियत हो सके।

निमार्णाधीन बिहटा दानापुर एलिवेटेड सड़क के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री को एनएचएआई तथा निर्माण कम्पनी के अधिकारियों ने कन्हौली में बने सेगल इंडिया लिमिटेड के कॉन्फ्रेंस हॉल में प्रस्तुतीकरण के माध्यम से निर्माण कार्य के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इस पथ की कुल लंबाई 25.081 किलोमीटर है। यह पटना-बक्सर 4 लेन सड़क का हिस्सा है। इस पथ में चार बाईपास का निर्माण भी हो रहा है। पहला बाईपास नेऊरागंज के पास 1.20 किलोमीटर का, दूसरा पैनाल के पास 1.75 किलोमीटर का, तीसरा कन्हौली के पास1.70 किलोमीटर का, चौथा विशुनपुरा के पास 0.600 मीटर का है। इस पथ के निर्माण कार्य में राज्य सरकार की तरफ से पूरा सहयोग मिल रहा है।

भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने साइट प्लान के माध्यम से स्टेट डिजास्टर रिस्पांस फोर्स (एसडीआरएफ) के निमार्णाधीन कैंपस के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस परिसर में विभिन्न भवनों- प्रशासनिक भवन, 500 क्षमता का ऑडिटोरियम, 290 प्रशिक्षुओं के लिए प्रशिक्षण केन्द्र, 30 जवानों की त्वरित आपदा टीम भवन, क्वार्टर मास्टर स्टोर, बाढ़ राहत के प्रशिक्षण के लिए राष्ट्रीय स्तर का स्वीमिंग पुल तथा 108 पदाधिकारियों, 150 कर्मचारियों के लिए पारिवारिक आवासन एवं 330 जवानों के लिए बैरक का निर्माण चरणबद्ध तरीके से कराया जा रहा है। योजना के प्रथम चरण अन्तर्गत प्रशासनिक भवन, क्वार्टर मास्टर स्टोर, प्रशिक्षण भवन, त्वरित आपदा टीम भवन, बैरक, कमाण्डेंट आवास, डिप्टी कमाण्डेंट आवास, कांस्टेबल आवास एवं मेस का निर्माण अंतिम चरण में है जिसे जनवरी 2025 तक एवं शेष भवनों का निर्माण जून 2025 तक पूर्ण कर लिया जायेगा।

एक नजर में

## पारा शिक्षक की मां की इलाज के दौरान मौत

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र के टड़हे पंचायत अंतर्गत ग्राम करुई निवासी उदय सिंह की 60 वषीर्या धर्म पत्नी विन्दू देवी की मौत उत्तर प्रदेश के लखनऊ स्थित पीजीआई अस्पताल में हो गई। जानकारी देते हुए सोनपुरवा के बथानी टोला के नव प्राथमिक विद्यालय के पारा शिक्षक अमित कुमार सिंह ने बताया कि मेरी मां सरल स्वभाव व्यक्तित्व से जानी जाती थी। मां की तबीयत कुछ दिन पहले खराब हो गया था। अपने जिला सहित अन्य जगहों पर उपचार के बाद उन्हें लखनऊ के पीजीआई अस्पताल में इलाज कराया जा रहा था कुछ दिन इलाज कराने के बाद शुक्रवार को निधन हो गया। शनिवार को नजदीकी कसाई नदी तट पर दाह संस्कार किया गया। दाह संस्कार में संजय सिंह, राजीव सिंह, चंद्रशेखर उपाध्याय, अरुण चैधरी, बबलू सिंह, विपुल दुबे, आशीष दुबे उर्फ चिंटू दुबे, दयाकांत सिंह, उमाकांत सिंह, प्रिंस सिंह, नाती शुभम कुमार सिंह, हर्षित कुमार सिंह सहित अन्य कई सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए।


विन्दू देवी की फाइल फोटो।

## पैक्स अध्यक्ष के भाई को मारी गोली, पटना रेफर

**नवादा।** नवादा जिले के पकरीबरावां प्रखंड के कवला गांव में रविवार को पैक्स अध्यक्ष के भाई पर अज्ञात बदमाशों ने गोली चला दी। गोली युवक के कमर में लगी है। उसे आनन फानन में नवादा अस्पताल भेजा गया था,जहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे पटना भेज दिया गया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। गंभीर रूप से घायल युवक को बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किया गया है। घायल युवक गोपाल कुमार है। बताया जा रहा है कि गोपाल अपने दोस्त के साथ गांव में घूम रहा था, तभी अचानक उस पर फायरिंग कर दी गई। घटना के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। उसे गोली क्यों मारी गई।इसके बारे में किसी भी लोगों को कोई पता नहीं है। किसी से कोई दुश्मनी भी नहीं है. गोली की घटना के बाद इलाका में सनसनी फैल गई है। जानकारी मिलते ही पुलिस के द्वारा इस मामला की जांच में जुट गई है। गोली चलने की घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पुलिस टीम द्वारा आसपास के इलाकों में छापेमारी की जा रही है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। बता दें घायल युवक का चचेरा भाई वर्तमान में पैक्स अध्यक्ष है। पुलिस इस पहलू को भी जांच में शामिल कर रही है।

## नाबालिग ने लगाया दुष्कर्म का आरोप

**किशनगंज।** सदर थाना क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। मामले में पीड़िता नाबालिग की मां ने 20 नवम्बर को महिला थाने में मामला दर्ज करवाया है। प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद महिला थाना की पुलिस घटना के अनुसंधान में जुट गई है। पीड़ित बच्ची का सदर अस्पताल में मेडिकल जांच करवाया जा रहा है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार सात माह पूर्व पीड़िता नाबालिग लड़की अपनी मां के साथ किशनगंज आयी थी। तभी एनएच 27 के पास खड़े एक युवक परवेज आलम से मुलाकात हुई। युवक ने लड़की को अपना मोबाइल नंबर भी दिया। कुछ दिन बाद गांव की एक महिला के मोबाइल नंबर से आरोपी युवक से बातचीत हुई। उक्त महिला ने नाबालिग लड़की को आरोपी युवक से शादी करने की बात कहने लगी। इस बीच आरोपी युवक पीड़िता बच्ची को किशनगंज शहर से बाइक में बिठाकर पूर्णिया ले जाने लगा। पूर्णिया में एक होटल में शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक शोषण करने लगा। 27 अक्टुबर को एक बार फिर आरोपी युवक परवेज नाबालिग बच्ची को पूर्णिया ले गया। पूर्णिया में एक होटल में लेकर गया। वहां भी शारीरिक शोषण किया। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार आरोपी युवक ने अपने तीन चार दोस्तों को बुलाकर बारी बारी से दुष्कर्म किया। विरोध करने पर बच्ची के साथ मारपीट की। पीड़ित बच्ची किसी तरह वहां से निकलकर किशनगंज में अपने मां के पास पहुंची और घटना को आपबीती सुनायी। इलाज के कारण प्राथमिकी दर्ज करवाने में देरी की बात बात बतायी गई है। रविवार को महिला थानाध्यक्ष ने कहा कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया गया है।

## 468 बोतल नेपाल निर्मित कस्तूरी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**पूर्वी चंपारण।** जिले के जितना थाना पुलिस ने समकालीन सघन छापेमारी के दौरान रविवार की अहले सुबह जमुनी पुल के पास सैनिक रोड से 468 बोतल नेपाली शराब व 25 लीटर देशी चुलाई शराब के साथ दो तस्कर को दबोचा है। दो अन्य तस्कर अंधेरा का लाभ उठाकर नेपाल की ओर भागने में सफल रहा। उक्त तस्कर की पहचान लखौरा थाना क्षेत्र के सेमरी गांव निवासी जलंधर राय जबकि दुसरे की पहचान घोड़ासहन थाना क्षेत्र के चम्पापुर गांव निवासी मुन्ना देवान के रूप मे किया गया।गश्ती टीम में एसआई शहीद आलम व सशस्त्र बल शामिल थे। उक्त जानकारी थाना प्रभारी आनंद विकास ने दी है।

## रबी महोत्सव पर दी गयी तकनीकी जानकारी

**नालन्दा।** किसान भवन, चंडी में रविवार को प्रखंड स्तरीय रबी महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कृषि विज्ञान केंद्र, हरनौत से आए वैज्ञानिक डॉ विद्याशंकर सिन्हा, कुमारी विभा रानी, कृषि समन्वयक विभा कुमारी, चंडी पूर्वी जिला परिषद सदस्य निरंजन कुमार सहनी, हरनौत जिला परिषद सदस्य कमलेश पासवान, और प्रमुख प्रतिनिधि नरेश पासवान ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में उपस्थित कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को उन्नत किस्म की फसल उत्पादन और मिट्टी की बेहतर जुताई के महत्व पर जोर दिया। किसानों को यह बताया गया कि फसल की पैदावार बढ़ाने के लिए कौन से रासायनिक खाद और कीटनाशक का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। फसल अवशेष प्रबंधन और कृषि क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों पर विशेष सत्र आयोजित किया गया। किसानों को बताया गया कि कीड़े-मकोड़ों से बचाव के लिए कौन से उपाय किए जा सकते हैं। साथ ही, किसानों को उनकी समस्याओं के समाधान के लिए विशेषज्ञों द्वारा सुझाव दिए गए। डॉ विद्याशंकर सिन्हा ने पशुपालन के क्षेत्र में भी किसानों को जागरूक किया। उन्होंने पशुओं में होने वाली बीमारियों और उनकी रोकथाम के तरीकों पर विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही, कृषि से संबंधित अन्य सरकारी योजनाओं के बारे में भी किसानों को अवगत कराया गया।कार्यक्रम के दौरान किसानों ने अपनी समस्याएं साझा की और वैज्ञानिकों से समाधान प्राप्त किया। महोत्सव ने उन्नत खेती और पशुपालन के लिए नई दिशा दिखाने का कार्य किया गया है।

## मवेशी लदे वाहन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बेतिया।** पुलिस ने वाहन जांच के दौरान आधा दर्जन मवेशी लदे पीकप गाड़ी के साथ मवेशी तस्कर को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष राहुल सिंह ने बताया कि शनिवार देर रात्री वाहन जांच के दौरान सुगौली के फेकू आलम को तस्करी को ले जा रहे पीकप गाड़ी से आधा दर्जन मवेशी के साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार पशु तस्कर को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है। पशु को सरकारी ढाठ भेजा गया है। वाहन जांच के दौरान जब तेज रफ्तार से आ रही पिकअप वाहन को रूकने का ईशारा किया गया तो वह वाहन मोड़कर कर भागने का प्रयास किया गया। जिसपर पीछा करने पर चालक गाड़ी को खड़ाकर गन्ना के खेत मे भाग गया।वही तस्कर को पुलिस के जवानों ने दौड़कर पकड लिया।

# अजित पवार भी बन सकते हैं मुख्यमंत्री

## छगन भुजबल के बयान से महाराष्ट्र में हलचल तेज

एजेंसी

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में शानदार जीत दर्ज करने के बाद महायुति गठबंधन के भीतर मुख्यमंत्री को लेकर चर्चा गरम है। अभी तक यह साफ नहीं है कि राज्य में सीएम की कुर्सी शिवसेना, भाजपा या एनसीपी नेता को मिलेगी। इस बीच, एनसीपी लीडर छगन भुजबल के बयान ने हलचल फिर बढ़ा दी है। उन्होंने कहा कि अजित पवार भी सीएम बन सकते हैं। भुजबल ने कहा, 'तीनों दल एक साथ बैठेंगे और तय किया जाएगा कि हमारा नेता कौन होगा। हम तीनों दल एकसाथ बैठेंगे और तय करेंगे कि मुख्यमंत्री कौन बनेगा। अजित पवार भी सीएम बन सकते हैं। उनका स्ट्राइक रेट बहुत अच्छा है।छगन भुजबल ने कहा कि आज हमारे सभी विधायक बैठक में आए। कई



विधान परिषद सदस्य भी आए थे। इस दौरान सभी ने तय किया कि विधानसभा में हमारा नेतृत्व अजित पवार करेंगे, लेकिन सीएम कौन होगा, ये हम तीनों दल मिलकर तय करेंगे। वहीं, एनसीपी के पुणे अध्यक्ष दीपक मानकर ने भी अजित पवार के समर्थन में बयान दिया। उन्होंने कहा, 'एनसीपी के कार्यकर्ता चाहते हैं कि अगर दादा (अजित पवार) होंगे, तो महाराष्ट्र को एक अच्छी दिशा मिलेगी। दादा में काम करने की क्षमता है। हम जानते हैं कि पिछले 2.5 वर्षों में उन्होंने महाराष्ट्र में उपमुख्यमंत्री के रूप में किस तरह का काम किया। दीपक मानकर ने कहा कि महायुति सबको साथ लेकर चल रही है। पीएम मोदी और अमित शाह फैसला लेंगे, सभी साथ बैठेंगे। फडणवीस, शिंदे और दादा (अजित पवार) तीनों ही सक्षम हैं। वहीं, भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि महायुति नेता और भाजपा नेतृत्व यह तय करेंगे कि राज्य का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा। महायुति गठबंधन ने 288 सदस्यीय महाराष्ट्र विधानसभा के लिए हुए चुनाव में 230 सीट जीतकर सत्ता बरकरार रखी। चुनाव परिणाम शनिवार को घोषित किए गए। महायुति गठबंधन में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना और उपमुख्यमंत्री अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी भी शामिल है।

## स्पीड न्यूज

### इंडिया समूह के नेता खरगे के साथ करेंगे बैठक

**नयी दिल्ली।** इंडिया समूह के सदन के नेता शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले सोमवार को संसद भवन में राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के कार्यालय में बैठक करेंगे। कांग्रेस सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए रविवार को बताया कि इंडिया गठबंधन के नेता संसद में विपक्षी दलों की रणनीति को लेकर विचार विमर्श करेंगे। गौरतलब है कि सभी दलों के नेताओं ने आज सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में हिस्सा लिया और कहा कि जनहित के मुद्दों पर संसद में चर्चा की जानी चाहिए।

### नेपाल के पूर्व गृहमंत्री लामिछाने की हिरासत 15 दिन बढ़ी

**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व गृहमंत्री रवि लामिछाने की हिरासत अवधि को पांचवीं बार बढ़ाया गया है। सहकारी बैंक घोटाले के आरोप में पिछले 37 दिनों से पुलिस हिरासत में चल रहे लामिछाने को रविवार को पोखरा पुलिस ने जिला अदालत कास्की में पेश किया। अदालत ने फिर से उन्हें 15 दिनों की हिरासत में रखने का आदेश दिया। इसी बीच यहां की एक अदालत ने एक अन्य सहकारी बैंक घोटाले में लामिछाने को दोषी मानते हुए उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक लामिछाने पिछले 37 दिनों से पोखरा पुलिस की हिरासत में हैं। सहकारी बैंक ठगी और संगठित अपराध में जांच के दायरे में रहे लामिछाने को पांचवीं बार अदालत ने पुलिस हिरासत की अवधि बढ़ायी है। जिला जज ने उन्हें पांचवीं बार पुलिस हिरासत में ही रख कर मामले की जांच किए जाने की बात कही है। अधिकारी ने बताया कि एक अन्य सहकारी बैंक घोटाले में अरेस्ट वारंट जारी होने के बाद लामिछाने को पोखरा से भैरहवा ले जाया गया था। भैरहवा में पूछताछ अभी पूरा भी नहीं हुआ था कि चितवन से जुड़े सहारा सहकारी बैंक के घोटाले में भी उनके खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी किया जा चुका है। पोखरा पुलिस का कहना है कि जल्द ही लामिछाने को पोखरा से पूछताछ के लिए चितवन भी ले जाया जाएगा।

### शहबाज सरकार के खिलाफ इमरान की पार्टी का प्रदर्शन आज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के कार्यकर्ता रविवार को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन और इस्लामाबाद तक मार्च करेंगे। एक साल से अदियाला जेल में बंद इमरान खान ने कहा है कि इस बार उनके समर्थक देश में लोकतंत्र की स्थापना से पहले घरों को वापस नहीं लौटेंगे। पीटीआई के प्रदर्शन से पहले सरकार की तरफ से राष्ट्रीय राजधानी इस्लामाबाद में सख्ती बढ़ा दी है। समाचार पत्र डॉन के मुताबिक इमरान ने सरकार के खिलाफ इस विरोध मार्च को ₹आखिरी आह्वान₹ कहते हुए अपने समर्थकों के साथ-साथ आम देशवासियों से भी सड़कों पर उतरने का आह्वान किया है। उनकी पीटीआई ने 26वें संविधान संशोधन अधिनियम को रद्द करने, पीटीआई जनादेश को बहाल करने और बिना मुकदमे के हिरासत में लिए गए लोगों की रिहाई की मांग की है।

# मोदी आज वैश्विक सहकारी सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को यहां भारत मंडपम में वैश्विक सहकारी सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे और संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय सहकारी वर्ष 2025 का शुभारंभ करेंगे।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने रविवार को यहां बताया कि वैश्विक सहकारी आंदोलन की प्रमुख संस्था, अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (आईसीए) के 130 वर्ष के लंबे इतिहास में पहली बार भारत में इस सम्मेलन और महासभा का आयोजन किया जा रहा है। आईसीए और भारत सरकार तथा भारतीय सहकारी समितियों अमूल और कृभको के सहयोग से भारतीय किसान उर्वरक सहकारी लिमिटेड (इफको) द्वारा आयोजित वैश्विक सम्मेलन 25 से 30 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा।



सम्मेलन का विषय, सहकारिता सभी के लिए समृद्धि का निर्माण करती है, भारत सरकार के सहकार से समृद्धि के दृष्टिकोण के अनुरूप है। इसमें संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने में दुनिया भर में सहकारी समितियों के सामने आने वाली चुनौतियों और अवसरों को संबोधित करते हुए चर्चा, पैनल सत्र और कार्यशालाएं आयोजित की जायेंगी जो विशेष रूप से गरीबी उन्मूलन, लैंगिक समानता और सतत आर्थिक विकास जैसे क्षेत्रों पर आधारित होंगी। श्री मोदी संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 का शुभारंभ करेंगे, जो सामाजिक समावेश, आर्थिक सशक्तीकरण और सतत विकास को बढ़ावा देने में सहकारी समितियों की परिवर्तनकारी भूमिका को रेखांकित करते हुए, सहकारिता एक बेहतर विश्व का निर्माण करती है विषय पर केंद्रित है। प्रधानमंत्री एक स्मारक डाक टिकट भी जारी करेंगे, जो सहकारी आंदोलन के प्रति भारत की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। डाक टिकट पर कमल का फूल है जो शांति, शक्ति, लचीलेपन और विकास का प्रतीक है और स्थिरता तथा सामुदायिक विकास के सहकारी मूल्यों को दशार्ता है। कमल की पाँच पंखुड़ियाँ प्रकृति के पाँच तत्वों (पंचतत्व) का प्रतिनिधित्व करती हैं, जो पर्यावरण, सामाजिक और आर्थिक स्थिरता के प्रति सहकारी समितियों की प्रतिबद्धता को उजागर करती हैं।

# सरकार संसद में हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार: रिजिजू

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा है कि संसद के सोमवार से शुरू हो रहे सत्र से एक दिन पहले रविवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई गई, जिसमें लगभग सभी दलों के नेताओं ने अपने विचार रखे और सरकार ने उन्हें आश्वासन दिया है कि वह हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है।

बैठक के बाद श्री रिजिजू ने पत्रकारों से कहा कि हमने सभी दलों से संसद सत्र को शांतिपूर्ण तरीके से चलाने की अपील की है और कहा है कि विपक्ष जिन मुद्दों पर भी विचार करना चाहेगा उन पर संसद में चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा, बैठक बहुत अच्छे माहौल में हुई और बैठक में लगभग सभी राजनीतिक दलों के नेताओं ने अपनी बातें रखीं।

सरकार ने सभी दलों के नेताओं से अपील की है कि संसद का शीतकालीन सत्र सुचारू रूप से



चले। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस सत्र में स्वस्थ चर्चा होगी और सरकार किसी भी विषय पर चर्चा के लिए तैयार है। सरकार का अनुरोध है कि सदन अच्छे से चले और संसद सत्र मे कोई हंगामा न हो।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, वक़्फ विधेयक पर जेपीसी रिपोर्ट आनी है और इसे सदन में पेश किया जाना है। यदि जरूरत पड़ती है तो समय बढ़ाने के लिए अनुमति लेनी होगी। उन्होंने कहा कि 26 तारीख को संविधान दिवस है और इस दिवस को संविधान भवन में दोनों सदनों के सदस्यों के साथ मनाया जाएगा।

# मोल्दोवा में भारतीय छात्रों के लिये उच्च शिक्षा में अच्छे अवसर: डैन पर्सिउन

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** मोल्दोवा के शिक्षा मंत्री डैन पर्सिउन ने कहा है कि उनका देश भारत के विद्यार्थियों के लिये उच्च शिक्षा हासिल करने के बाद अपने कैरियर को व्यापक बनाने का एक आदर्श विकल्प है। श्री पर्सिउन ने रविवार को यहां एजुकेशन वर्ल्डवाइड इंडिया फेयर का उद्घाटन करते हुये कहा कि यह एजुकेशन फेयर दोनों देशों के बीच शैक्षिक सहयोग को गहरा करने में मील का पत्थर साबित होगा। एजुकेशन वर्ल्डवाइड इंडिया फेयर एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक कार्यक्रम है, जो दुनिया भर के शीर्ष विश्वविद्यालयों, संस्थानों और शैक्षणिक निकायों को एक मंच मुहैया कराता है। इस एजुकेशन फेयर में भारतीय छात्रों को अध्ययन कार्यक्रमों, छात्रवृत्ति के अवसरों का पता लगाने और मोल्दोवा के संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ सीधे बातचीत करने का अनूठा अवसर मिला।

पांच मोल्दोवा के विश्वविद्यालयों के संकाय अध्यक्ष, डीन और शिक्षा मंत्रालय के सदस्यों सहित कुल 15 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने इस शिक्षा मेले में मोल्दोवा में उच्च



शिक्षा में दिलचस्पी रखने वाले संभावित विद्यार्थियों के साथ बातचीत की।

एजुकेशन वर्ल्डवाइड इंडिया फेयर के आयोजक एवं ग्लोबल एड ग्रुप के मुख्य रणनीति अधिकारी सिद्धार्थ जैन से बात करते हुये मोल्दोवा के शिक्षा मंत्री ने कहा, हम भारतीय छात्रों के लिये शिक्षा-गंतव्य के रूप में मोल्दोवा की बढ़ती लोकप्रियता का स्वागत करके उत्साहित हैं। मोल्दोवा सरकार की यह पहल भारतीय छात्रों के लिये विविध शैक्षणिक विकल्पों और छात्रवृत्ति के अवसरों का पता लगाने का शानदार अवसर है। हमारा मानना है कि मोल्दोवा यूरोपीय शैक्षिक मानकों, लागत-प्रभावशीलता और वैश्विक कैरियर की संभावनाओं का बेहतरीन प्लेटफार्म है।

# गोल्डन टेंपल में माथा टेकर रणवीर सिंह व आदित्य धर ने लिया आशीर्वाद

**बॉलीबुड** अभिनेता रणवीर सिंह और फिल्म मेकर आदित्य धर ने अमृतसर के गोल्डन टेम्पल में आशीर्वाद लेकर अपनी मच अवेटेड फिल्म के अगले शेड्यूल की तैयारी शुरू की। मंदिर में उनकी मौजूदगी ये दिखाती है कि वो शहर की संस्कृति और धार्मिक अहमियत का सम्मान करते हैं। अमृतसर हमेशा से लोगों के लिए आध्यात्मिक ताकत का जरिया रहा है। रणवीर और आदित्य ने फिल्म का अगला शेड्यूल शुरू करने से पहले स्वर्ण मंदिर जाने का फैसला किया। इससे पहले टीम ने बैंकॉक में शूटिंग की थी, अब ये उनका यह दूसरा शेड्यूल होने जा रहा है। इस अपकमिंग फिल्म में इंडियन सिनेमा के दो बड़े नाम एक साथ नजर आएंगे - आदित्य धर, जिन्होंने उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक से रिकॉर्ड तोड़ शुरूआत की, और रणवीर सिंह, जो अपने समय के सबसे टैलेंटेड एक्टिटा में से एक माने जाते हैं। रणवीर हाल ही में रिलीज हुई सिंघम अगेन में सिम्बा की भूमिका के लिए भी खूब तारीफें एंजॉय कर रहे हैं।




अपनी पिछली फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की जबरदस्त सफलता के बाद, वसेर्टाइल और चार्मिंग रणवीर सिंह अब धर के कमाल के डायरेक्शन में एक और यादगार परफॉर्मेंस देने के लिए तैयार हैं।

इस फि ल्म का निर्माण जियो स्टूडियोज की ज्योति देशपांडे और आदित्य धर और लोकेश धर ने अपने बैनर बी62 स्टूडियोज के तहत किया है। यह फि ल्म उनके हालिया सुपरहिट सहयोग आर्टिकल 370 के बाद बनी है। फिल्म में संजय दत्त, आर. माधवन, अक्षय खन्ना और अर्जुन रामपाल जैसे प्रतिभाशाली कलाकार हैं। इस मजबूत टीम और धर की शानदार कहानी के साथ, यह फिल्म हाल के सालों में मोस्ट अवेटेड रिलीज में से एक होने की उम्मीद है।

## खबर एक नजर में

### वैष्णव ने देखी चर्चित फिल्म साबरमती रिपोर्ट



**नयी दिल्ली।** रेल, सूचना प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को यहां चर्चित फिल्म साबरमती रिपोर्ट देखी। महादेव रोड स्थित फिल्म डिवीजन के थिएटर में श्री वैष्णव के साथ मीडिया जगत की प्रमुख हस्तियां एवं प्रमुख पत्रकारों ने यह फिल्म देखी। करीब दो घंटे 26 मिनट की इस फिल्म में 27 फरवरी 2002 को गुजरात के गोधरा में साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन के दो कोचों को मजहबी उन्मादियों द्वारा हमला करके आग लगाने और उसमें सवार अयोध्या से लौट रहे 59 कारसेवकों को जिन्दा जलाकर मार डालने की साजिश को उजागर किया गया है। श्री वैष्णव ने फिल्म देखने के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि गोधरा कांड को लेकर 2002 और उसके बाद सच्चाई को छिपाने की कोशिश की गई थी। इस फिल्म के माध्यम से देशवासियों को असलियत का पता चल सकेगा।

### राजस्थान में विधानसभा उपचुनाव से राजनीति में आया नया मोड़




**जयपुर।** राजस्थान में सात विधानसभा क्षेत्रों में हुए उपचुनाव के परिणाम से प्रदेश की राजनीति में नया मोड़ आ गया हैं और इस बार जहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विकास के नारे को बल मिला और कई वर्षों से अपनी राजनीतिक प्रतिष्ठा जमाये बैठे नेताओं एवं परिवारों का वर्चस्व समाप्त हो गया वहीं प्रदेश की भजनलाल सरकार को दिये जा रहे पर्ची, सर्कस और यू टर्न सरकार आदि नामों की भी पोल खुल गई और इससे मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का सियासी कद और बढ़ गया। उपचुनाव की सात सीटों में पांच सीटें भाजपा ने जीत कर यह साबित कर दिया कि भाजपा ने चुनाव में विकास की जो बात कही उसे बल मिला है वहीं श्री शर्मा के कुशल राजनीतिक नेतृत्व के चलते खींवसर, झुंझनूं एवं रामगढ़ में कई वर्षों से राजनीतिक प्रतिष्ठा जमाये बैठे दिग्गज नेताओं के सियासी गढ़ इस उपचुनाव में ढह गये। इससे यह भी संदेश गया कि अब पुराने एवं दिग्गज नेता का प्रभाव काम नहीं आता, जनता काम भी चाहती है और वह नये नेताओं को भी काम करने का मौका देना चाहती हैं और वह इस उपचुनाव में नजर भी आया।

### कांग्रेस ने की अडानी मुद्दे पर संसद में चर्चा की मांग

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने संसद के शीतकालीन सत्र से पहले रविवार को आयोजित सर्वदलीय बैठक में उद्योगपति गौतम अडानी पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप के साथ ही मणिपुर में हिंसा, उत्तर भारत में प्रदूषण की समस्या, रेल दुर्घटना आदि मुद्दों पर संसद में चर्चा कराने की मांग की है। बैठक के बाद कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने पत्रकारों से कहा कि पार्टी ने सर्व दलीय बैठक में इन मुद्दों पर चर्चा कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पार्टी चाहती है कि सोमवार से शुरू हो रहे सत्र में सबसे पहले इन सब मुद्दों को उठाया जाए और श्री अडानी पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप से जुड़े मुद्दे पर पहले चर्चा कराई जाए। उन्होंने कहा कि उद्योगपति पर आरोप है उनकी कंपनी ने सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए अनुकूल सौदा पाने के वास्ते राजनेताओं और नौकरशाहों को कथित तौर पर 2,300 करोड़ रुपये से अधिक की रिश्वत दी है। उनका यह भी कहना था कि यह देश के आर्थिक और सुरक्षा हितों से जुड़ा गंभीर मुद्दा है और इसको लेकर देश की संसद में गहन चर्चा होनी चाहिए। गौरतलब है कि संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से 20 दिसंबर तक चलेगा जिसमें 16 विधायकों पर चर्चा किये जाने की संभावना है। इन विधेयकों में वक्फ संशोधन विधेयक भी है जिसको लेकर विपक्ष आरोप लगा रहे हैं कि विधायक की पड़ताल के लिए बनी संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के अध्यक्ष जगदंबिका पाल इससे जुड़ी बैठकों मे व्यवधान की स्थिति पैदा कर रहे हैं,इसलिए इस विधेयक पर विचार के लिए जेपीसी को और समय दिया जाना चाहिए।

### 11 बांग्लादेशी नागरिकों को वापस भेजा घर, भांकरोटा इलाके में फर्जी दस्तावेज बनाकर रह रहे थे सभी

**जयपुर।** भांकरोटा थाना इलाके में पकड़े गए 11 बांग्लादेशी नागरिकों को वापस उनके घर भिजवा दिया गया है। पुलिस ने सभी को अलवर के डिटेनशन सेंटर से बांग्लादेश भेज दिया। डीसीपी पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि भांकरोटा पुलिस को 20 अक्टूबर को मुखबिर से बांग्लादेशियों के इलाके में रहने की सूचना मिली थी। टीम का गठन कर दबिश देकर पुलिस टीम ने 11 बांग्लादेशियों और एक भारतीय सहयोगी को पकड़ा था। इनमें 6 नाबालिग और दिव्यांग भी शामिल थे। इन सभी के पास भारतीय पासपोर्ट, आधार कार्ड, श्रम कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड सहित बैंक, प्रॉपर्टी संबंधित डॉक्युमेंट मिले थे। अमित कुमार ने बताया- इनके पास बांग्लादेश के भी कागज मिले। इनमें बांग्लादेशी का जन्म प्रमाण पत्र, नेशनल आईडी कार्ड, स्कूल प्रमाण पत्र, असल नागरिकता एवं चरित्र प्रमाण पत्र समेत संदिग्ध कागजात मिले थे। डीसीपी ने बताया कि 20 अक्टूबर को पकड़े जाने के बाद संदिग्ध बांग्लादेशी से विभिन्न एजेंसियों द्वारा पूछताछ की गई। गृह विभाग को लेटर जारी कर इस संबंध में सूचना साझा की गई। गृह विभाग से स्वीकृति मिलने पर आगे की जांच की गई। संदिग्ध बांग्लादेशियों को अलवर डिटेंशन सेंटर भेजा गया। यहां पर अन्य एजेंसियों ने भी इन लोगों से पूछताछ की। इनके पास से मिले सभी कागज संबंधित विभाग को भेजे गए। सामने आया की सभी दस्तावेज गलत कागजात देने पर बने हैं। इन सभी के फर्जी दस्तावेजों के मामले में सोहाग खान को गिरफ्तार किया गया। सोहाग से फर्जी दस्तावेजों के संबंध में जांच की गई। सोहाग ने बताया कि बांग्लादेश के नोजु फकीर ने परिवार के लोगों का फर्जी आधार कार्ड फिरोज कुरेशी व उसके भाई मो. आमिर उर्फ राजा से मिलकर बनवाए थे। इस पर पुलिस टीम ने कार्रवाई कर नोजु और फिरोज को भी गिरफ्तार किया।



# जनरल द्विवेदी की नेपाल यात्रा से नया युग आरंभ होने की संभावना

एजेंसी

नयी दिल्ली। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी नेपाल की पांच दिन की सफल आधिकारिक यात्रा पूरी कर रविवार को स्वदेश लौट आए। इस यात्रा से दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और क्षेत्रीय सुरक्षा पर अधिक ध्यान केन्द्रित होने के साथ सैन्य सहयोग का नया युग आरंभ होने की संभावना है। रक्षा मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि जनरल द्विवेदी की यात्रा से दोनों देशों के बीच मजबूत रक्षा सहयोग, सांस्कृतिक संबंध तथा परस्पर सम्मान और सुदृढ़ हुआ। यह क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और साझेदारी बढ़ाने के भारत और नेपाल की सेना की साझा प्रतिबद्धता दशार्ता है। जनरल द्विवेदी ने नेपाल के राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व के साथ व्यापक चर्चा की।



उन्होंने राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल, प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली और रक्षा मंत्री मनबीर राय के साथ उच्च स्तरीय बैठकें कीं। नेपाली सेनाध्यक्ष जनरल अशोक राज सिगडेल और अन्य वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के साथ भी उनकी सार्थक चर्चा हुई। बातचीत में खुलेपन और परस्पर सम्मान का भाव रहा, जो द्विपक्षीय संबंधों को सुदृढ़ करने की साझा प्रतिबद्धता को दशार्ता है। भारतीय सेना प्रमुख ने एक भव्य समारोह में टुंडीखेल स्थित बीर स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर नेपाल के वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। बाद में नेपाली सेना मुख्यालय में उन्होंने गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य भारत-नेपाल संबंधों को सुदृढ़ करना था। जनरल द्विवेदी ने नेपाल के सेनाध्यक्ष जनरल सिगडेल से मुलाकात की और परस्पर हित के विभिन्न पहलुओं तथा द्विपक्षीय रक्षा सहयोग सुदृढ़ करने के उपायों पर चर्चा की। नेपाली सेना के सैन्य संचालन महानिदेशक ने उन्हें सैन्य गतिविधियों से अवगत कराया। जनरल द्विवेदी की नेपाल के अन्य वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के साथ भी उच्च स्तरीय चर्चा हुई। वार्ता में सैन्य संबंधों को बढ़ाने, संयुक्त अभ्यास, प्रशिक्षण सहयोग तथा क्षमता उन्नयन पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिससे वैश्विक शांति और सुरक्षा की साझा प्रतिबद्धता को बल मिला। दोनों सेनाओं के बीच मैत्री प्रतीक के रूप में भारतीय सेना ने नेपाल की सेना को सुसज्जित अश्व तथा प्रहरी श्वान भेंट किए। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी को नेपाल के राष्ट्रपति पौडेल ने काठमांडू के शीतल निवास में नेपाली सेना के जनरल की मानद उपाधि से विभूषित किया। यह विशिष्ट परंपरा भारतीय और नेपाली सेनाओं के बीच गहरे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों को दशार्ती है। परस्पर संबंधों को सुदृढ़ करने के इनके महत्व को देखते हुए दोनों देशों की सेनाओं के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान की भी चर्चा की गई। शिवपुरी में नेपाल आर्मी कमांड एंड स्टाफ कॉलेज में भावी सैन्य कर्मियों को संबोधित करते हुए जनरल द्विवेदी ने ह्युद्ध के बदलते स्वरूपह्व पर व्याख्यान दिया। उन्होंने दोनों देशों की सेनाओं के सामर्थ्य बढ़ाने और क्षमतावर्धन के लिए आपसी जुड़ाव मजबूत और गहरा करने पर जोर दिया।